CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 297 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, शनिवार 22 नवम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## भजनलाल सरकार का बड़ा फैसला, राजस्थान में पंचायती राज का बदला नक्शा

**प्रदेश के41 जिलों में पंचायत के पुनर्गठन के अधिसूचना जारी बाड़मेर में 270 और जोधपुर में 241 सबसे ज्यादा नई पंचायत बनाई गई**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार ने शुक्रवार को प्रदेश के सभी 41 जिलों में ग्राम पंचायत के पुनर्गठन और नई पंचायत के गठन की अधिसूचना जारी कर दी हो इस बड़े फैसले के बाद पंचायत राज का प्रशासनिक और राजनीतिक नक्शा पूरी तरह बदल गया है। बाड़मेर जैसलमेर जैसे रेगिस्तान जिलों में विशेष छूट के चलते सबसे अधिक नई पंचायत का गठन हुआ है जिससे स्थानीय लोगों को अब घर के पास ही पंचायत स्तर की सुविधा मिलेगी पंचायत के पुनर्गठन की प्रक्रिया राजस्थान में पिछले 1 साल से चली आ रही थी सरकार ने इसके लिए जिलों से प्रस्ताव मंगवाए थे और राजनीतिक स्तर पर भी व्यापक विचार विमर्श किया गया था। अब जाकर यह काम पूरा हुआ है शुक्रवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रदेश के सभी 41 जिलों में ग्राम पंचायत के पुनर सीमांकन और नव सृजन की अधिसूचना जारी कर दी है । नई पंचायत के गठन में सबसे अधिक बढ़ोतरी रेगिस्तान जिलों में देखी गई बाड़मेर, जैसलमेर, फलोदी, बीकानेर और चूरू जैसे जिलों को पुनर्गठन के मापदंड में विशेष छूट दी गई थी। जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में नई ग्राम पंचायत का गठन हुआ है जानकारी के अनुसार बाड़मेर जिले में 12 पंचायत समितियां और आशिक बायतु क्षेत्र में 270 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई ।जोधपुर जिले में 241 नई ग्राम पंचायत जुड़ने से अब कुल पंचायत की संख्या 527 हो गई है दौसा जिले में 85 नई ग्राम पंचायत का गठन किया गया हो अजमेर में पुनर्गठन के बाद 84 नई पंचायतें अस्तित्व में आई है। जैसलमेर में अधिसूचना के अनुसार 51 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं उदयपुर जिले में पुनर्गठन के बाद कुल ग्राम पंचायत की संख्या 349 हो गई है सरकार के इस फैसले से ग्रामीण राजनीति और चुनाव की पूरी संरचना बदल जाएगी नई पंचायत के गठन से सरपंच उप सरपंच और वार्ड पंचों के पदों की संख्या में बढ़ोतरी होगी भविष्य में होने वाले पंचायत चुनाव इन्हीं नई सीमाओं को प्रशासनिक संरचना के आधार पर कराए जाएंगे। जिससे ग्रामीण स्तर पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व का विस्तार होगा ।नई पंचायत के गठन का सबसे बड़ा लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा । कई जिलों में एक ही पंचायत में तीन से चार बड़े गांव आते थे जिससे लोगों को पंचायत मुख्यालय जाने के लिए कई किलोमीटर की यात्रा करनी पड़ती थी अब पंचायत का क्षेत्र छोटा हो जाएगा जिससे राशन सरकारी दस्तावेज और अन्य प्रशासनिक कार्यों के लिए लोगों को अपने निवास के नजदीकी पंचायत स्तर पर ही सुविधा मिलेगी नई पंचायत के गठन से प्रशासन को चलाने के लिए नए पदों पर भी नियुक्ति की आवश्यकता होगी ग्राम सचिव पंचायत सहायक और पटवारी जैसे पदों की संख्या में सीधे तौर पर बढ़ोतरी होगी जितनी नई पंचायत बनी है उतने ही नए पदों पर नियुक्ति की जरूरत होगी जिससे राज्य की शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर मैं बढ़ोतरी होने की प्रबल संभावना है ।



### जयपुर जिले की 20 पंचायत समितियां का पुनर्गठन बदली ग्राम पंचायत की सीमाएं

*राजस्थान सरकार ने जयपुर की 20 पंचायत समितियां की ग्राम पंचायत का पुनर्गठन कर दिया है ।दूदू सांगानेर सहित कई क्षेत्रों की नई सीमाएं निर्धारित की गई हैं यह फैसला आगामी पंचायत चुनाव के बाद प्रभावित होगा राजस्थान सरकार ने जयपुर जिले की 20 पंचायत समितियां के ग्राम पंचायत के पुनर्गठन और नई सीमाएं बनाने की अधिसूचना शुक्रवार को जारी कर दी ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग ने यह बड़ा कदम राजस्थान पंचायत राज अधिनियम 1994 की शक्तियों का उपयोग करते हुए उठाया है इस निर्णय से दूदू, सांगानेर ,फागी तथा कई क्षेत्रों की राजनीतिक और प्रशासनिक तस्वीर बदल जाएगी ।इस कार्रवाई का उद्देश्य स्थानीय प्रशासन को अधिक प्रभावी बनाना और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों तक सरकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। इस पुनर्गठन की प्रक्रिया शुरू करने से पहले जिला कलेक्टरों को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया था। इन प्रस्ताव को सार्वजनिक अवलोकन के लिए जारी किया गया और आम जनता से एक महीने के भीतर आपत्तियां आमंत्रित की गई आपत्तियों पर सुनवाई और पूरी कानूनी प्रक्रिया के बाद राज्य सरकार ने दूदू, मोजमाबाद, फागी ,माधव ,राजपुरा ,सांभर, सांगानेर सहित 20 पंचायत समितियां के प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी दी ।*

### दूदू पंचायत समिति में बड़ा बदलाव

*नई अधिसूचना के बाद दूदू पंचायत समिति क्षेत्र में ग्राम पंचायत का व्यापक पुनर्गठन किया गया है कई पुराने गांव को मिलकर नई पंचायत बनाई गई हैं जबकि कुछ के क्षेत्र पुनर्शिमांकित किए गए हैं ।*

## बड़ी संख्या में पंचायत का गठन करके ग्रामीणों के दिलों पर छा गए भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के ग्रामीण अंचल में रहने वाले लाखों लोगों के लिए शुक्रवार का उगता हुआ सूरज अच्छा संदेश लेकर आया जब प्रदेश की भजनलाल सरकार ने प्रदेश में बड़ी संख्या में ग्राम पंचायत का पुनर्गठन करके ग्रामीण लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत देने का प्रयास किया इस निर्णय से एक तरफ जहां प्रदेश की भजनलाल सरकार के प्रति ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों का भरोसा और विश्वास और मजबूत हुआ है तो दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र में संचालित की जा रही विभिन्न तरह की कल्याणकारी योजनाओं का और भी बेहतर तरीके से संपादन हो सकेगा तथा ग्रामीणों को छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए ज्यादा लंबा सफर तय नहीं करना पड़ेगा क्योंकि प्रदेश के पश्चिमी राजस्थान के जिलों में ग्राम पंचायत का विस्तार दूर-दूर तथा जिसकी वजह से संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग गांव और ढाणी में रहने वाले लोगों को लंबा सफर तय करना पड़ता था। लेकिन अब प्रदेश के बाड़मेर, जोधपुर, और अन्य मरुस्थलीय जिलों में भजनलाल सरकार ने बड़ी संख्या में नई पंचायत का गठन किया है इन इलाकों में नई पंचायत के गठन के लिए विशेष छूट और मापदंड भी निर्धारित किए गए थे जिसकी वजह से इन जिलों में ग्राम पंचायत का गठन किस तरह से किया गया है कि ग्रामीणों को अब ग्राम पंचायत के दफ्तर तक पहुंचने में ज्यादा दूरी तय करनी नहीं पड़ेगी यह ग्रामीण जनता के लिए एक राहत भरा निर्णय है । [6:59 श्रद्ध, 21/11/2025] +91 78780 06063: वैसे प्रदेश के सभी जिलों में पंचायत का पुनर्गठन किया गया है लेकिन प्रदेश के पश्चिमी राजस्थान के मरुस्थलीय जिलों में सबसे ज्यादा नई पंचायत का पुनर्गठन करके यहां के दूर दराज के गांव और ढाणी में रहने वाले लोगों को अब कड़ाके की ठंड और भीषण गर्मी में ज्यादा तकलीफ नहीं उठानी पड़ेगी क्योंकि नई पंचायत का गठन इस तरह से किया गया है कि उन्हें अब ज्यादा दूरी तय करनी नहीं पड़ेगी और वह आराम से अपनी ग्राम पंचायत के दफ्तर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे प्रदेश में बड़ी संख्या में नई ग्राम पंचायत के गठन से पंचायत सेक्रेटरी सहायक पंचायत सेक्रेटरी विकास अधिकारी जैसे कई बड़े पदों की भर्ती होना भी सुनिश्चित है क्योंकि ग्राम पंचायत की संख्या बढ़ने से जरूरी पदों का भरना भी जरूरी हो गया है इसलिए प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए भजनलाल सरकार का यह निर्णय काफी अच्छा साबित हुआ शुक्रवार को ही प्रदेश की भजनलाल सरकार ने नए आठ जिलों में जिला परिषदों के गठन को भी मंजूरी दे दी है इसलिए अब जिला परिषद की संख्या 41 हो गई है यहां भी बड़ी संख्या में सरकारी पदों को भरने की जरूरत पड़ेगी। इसलिए सरकार के इस निर्णय से पंचायत राज विभाग में आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में सरकारी रिक्त पदों के लिए आवेदन मांगे जा सकते हैं प्रदेश में नई पंचायत के पुनर्गठन और नए जिला परिषदों के गठन से केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन अब और भी बेहतर तरीके से हो सकेगा सरकारी योजनाओं का फायदा जरूरतमंद लोगों तक ठीक तरह से पहुंच रहा है या नहीं इस बात का फीडबैक लेने में और भी आसानी होगी जिसकी वजह से प्रशासनिक व्यवस्था और भी मजबूत होगी तो दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सरकारी योजनाओं का फायदा बेहतर तरीके से मिलसकेगा इसमें कोई संदेह नहीं भजनलाल सरकार का बड़ी संख्या में नई पंचायत के पुनर्गठन के निर्णय से प्रदेश की ग्रामीण जनता का भारतीय जनता पार्टी के प्रति भरोसा और विश्वास और मजबूत होगा राजस्थान में अब भी अधिकांश लोग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं इसलिए ग्रामीण इलाकों में भारतीय जनता पार्टी की पकड़ अब और मजबूत होगी तथा आगामी पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव में भजनलाल सरकार का यह निर्णय भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता हो

## भजनलाल सरकार ने 8 नए जिलों में जिला परिषदों के गठन को मंजूरी दी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजन लाल सरकार ने शुक्रवार को ही एक और बड़ा फैसला लेते हुए राजस्थान में पंचायत चुनाव से पहले 8 नए जिलों में नए जिला परिषदों के गठन को मंजूरी दे दी है अधिसूचना जारी होने के बाद प्रदेश में कुल 41 जिला परिषद हैं हो गई हैं । इसके साथ ही संबंधित पुराने जिलों की परिषदों का पुनर्गठन भी पूरा कर दिया गया है जिससे इन नए जिलों में होने वाले आगामी चुनाव का रास्ता साफ हो गया है इससे पहला राज्य में केवल 33 जिलों में ही जिला परिषद कार्यरत थी अब शुक्रवार को प्रदेश सरकार की ओर से नए जिलों में जिला परिषदों के गठन की मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश में 41 जिला परिषद हो गई हैं इस निर्णय से प्रशासनिक ढांचा मजबूत होने के साथ पंचायत चुनाव की तैयारी में भी तेजी आएगी सरकार की अधिसूचना के मुताबिक सभी नए जिलों में जिला परिषदों का गठन किया गया है जिसमें डीग , बालोतरा Ooltah ,डीडवाना -कुचामन फलोदी ,सलूंबर ,कोटपूतली,- बहरोड खैरतल- तिजारा शामिल हैं इन सभी जिलों को हाल ही में पूर्ण रूप से संचालन के लिए अधिसूचित किया गया था अब जिला परिषद बनने से इन क्षेत्रों में पंचायत शासन की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो सकेगी राज्य सरकार का मानना है कि यह कदम ग्रामीण विकास स्थानीय प्रशासन और चुनावी प्रक्रिया को सुचारू बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा पंचायत चुनाव की घोषणा से पहले जिला परिषदों का गठन पूरा होना प्रशासनिक रूप से बेहद अहम माना जा रहा है

## भारत का तेजस फाइटर जेट दुबई एयर शो में क्रैश



नई दिल्ली/दुबई

**(एंजेसी )** इंडियन एयरफोर्स (आईएएफ) का फाइटरजेट तेजस शुक्रवार को दुबई एयरशो में हवाई प्रदर्शन के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। इंडियन एयरफोर्स ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए एक 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का गठन किया जा रहा है। विभिन्न टीवी चैनलों पर दिखाए गए दुर्घटना के दृश्यों में विमान को ऊंचाई से गिरते और फिर आग के गोले में बदलते देखा जा सकता है।

### एयर शो में हादसे का शिकार हुआ विमान

एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर में एयरशो में हवाई प्रदर्शन के दौरान उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। आईएएफ ने 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा, 'आईएएफ को इस हादसे में हुए जानमाल के नुकसान पर बहुत दुख है और वह दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए 'कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी' का गठन किया जा रहा है।'

### आसपास खड़े लोग समझ ही नहीं पाए क्या हुआ?

बहरहाल, हादसे के तुरंत बाद मौके से उठते काले धुएंने दर्शकों को दहला दिया। ॥रु द्वारा निर्मित यह लड़ाकू विमान स्थानीय समय के अनुसार करीब 2:10 बजे हवाई करतब दिखाते हुए क्रैश हो गया। कई वीडियो सामने आए हैं जिसमें विमान तेज़ी से नीचे गिरा और दूर जा टकराया। दुर्घटना के तुरंत बाद बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरे एयरफील्ड में धुआं फैल गया।

### कई लोग सिर पर हाथ रखे खड़े रह गए

आसपास खड़े लोग इस घटना को दूर से स्तब्ध होकर देखते रह गए। कई लोग सिर पर हाथ रखे खड़े रह गए, मानो यह समझ ही नहीं पा रहे हों कि उन्होंने अभी क्या देखा। यह हादसा विमानन उद्योग के सबसे बड़े आयोजनों में से एक के दौरान हुआ, जिसमें भारत का स्वदेशी तेजस जेट अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा था।

## पीएम मोदी का दक्षिण अफ्रीका में जमीन पर लेट कर किया ग्रैंड वेलकम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट पर पहुंचे जहां पर उनका अनोखे अंदाज में भव्य तरीके से स्वागत किया गया। मोदी के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर पहले से ही दक्षिण अफ्रीका की बड़ी संख्या में महिला कलाकार मौजूद थीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जैसे ही अपने पांव प्लेन से बाहर निकले उनकी निगाहें वहां मौजूद दक्षिण अफ्रीका की महिला कलाकारों पर टिक गई जो उनके वेलकम के लिए जमीन पर लेट कर भव्य नृत्य के माध्यम से उनका वेलकम कर रही थी । मोदी की अब तक की सभी विदेश यात्राओं में उनका वेलकम का यह



अनूठा अंदाज उन्हें खूब भाया जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट पर दक्षिणी अफ्रीकी महिला कलाकारों के द्वारा जिस अंदाज और जिस ढंग में मोदी का सम्मान और स्वागत किया गया शायद इस तरह का सम्मान और स्वागत अब से पहले भारत के किसी प्रधानमंत्री का दक्षिण अफ्रीका में नहीं हुआ । दक्षिण अफ्रीका की महिलाओं द्वारा पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत करने का यह तरीका अवशोषण मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है वायरल हो रही तस्वीर में दिख रहा है कि किस तरह से अफ्रीकी महिलाएं जमीन पर लेट कर मोदी का सम्मान कर रही हैं और कैसे मोदी उनके अभिवादन को स्वीकार करने के लिए उन्हें झुक कर प्रणाम कर रहे हैं ।उल्लेखनीय है कि जी-20 लीडर्स समिट का आयोजन दक्षिणी अफ्रीका के जोहानसबर्ग में हो रहा है इस सम्मेलन में शामिल होने के लिए मोदी वहां गए हैं। सम्मेलन के तीन सत्र रखे गए हैं और इन तीन सत्र में ही मोदी के भाषण भी रखे गए हैं वैश्विक मुद्दों पर भारत की स्पष्ट और प्रभावशाली दृष्टि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया के सामने रख रहे हैं विदेश मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री सीकर सम्मेलन के तीनों प्रमुख सत्र में अपने विचार रखेंगे । पहला सत्र समावेशी और सतत आर्थिक विकास किसी को पीछे न छोड़ना पर केंद्रित होगा। इस सत्र में अर्थव्यवस्था के निर्माण व्यापार की भूमिका विकास के लिए वित्त पोषण और लोन जैसे विषयों पर चर्चा होगी दूसरा सत्र एक सक्षम और लचीली दुनिया की-20 का योगदान पर होगा इसमें आपदा जोखिम जलवायु परिवर्तन न्याय संगत ऊर्जा परिवर्तन और वैश्विक खाद्य प्रणालियों को मजबूती देने पर विचार विमर्श किया जाएगा तीसरे सत्र में सभी के लिए न्याय पूर्ण भविष्य विषय पर चर्चा होगी जिसमें खनिज प्रबंधन सम्मानजनक रोजगार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के जिम्मेदार उपयोग जैसे विषयों पर भाषण होंगे ।

## एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगेः अमित शाह

(एंजेसी ) जयपुर टाईम्स

**भुज (एंजेसी )**केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 61वें स्थापना दिवस (रेजिंग डे) समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनके योगदान की तारीफ की। साथ ही नागरिकों को 12 राज्यों में मतदाता सूची में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय नागरिकों को इसका पूरी तरह समर्थन करना चाहिए, क्योंकि यह प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए अहम है। इसके जरिए हर एक घुसपैठिए को मतदाता सूची से बाहर किया जाएगा। शाह ने संबोधन में कहा, 'मैं आज यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम इस देश में से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे। ये हमारा प्रण है। एसआईआर की प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए है। ' केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्षी गठबंधन में शामिल पार्टियों का नाम लिए बिना कहा कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को निकालने के इस



अभियान को कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने बिहार चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि जनता ने इस मुद्दे पर एनडीए को बहुमत दिया है। शाह ने कहा, 'दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल चुनाव आयोग की मतदाता सूची को सही करने के लिए लाई गई एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रही है। ' उन्होंने आगे कहा, 'मैं आज देशवासियों से अपील करता हूं कि वे खुलकर और पूरी तरह से चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया का समर्थन करें। मैं घुसपैठियों का बचाव कर रहे राजनीतिक दलों को चेतावनी देना चाहता हूं कि बिहार चुनाव पूरे देश के जनादेश की तरह हैं।

### शाह ने ऑपरेशन सिंदूर का किया जिक्र

*उन्होंने कहा, हमारी सेना ने हिजबुल मुजाहिदीन और लश्कर-ए-तैयबा के 9 स्थानों पर स्थापित मुख्यालय, ट्रेनिंग कैंप और लॉन्चिंग पैड्स को समाप्त कर दिया था। इस ऑपरेशन का उद्देश्य(ऑपरेशन सिंदूर) आतंकवाद का खात्मा, हमारे नागरिकों और सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा था। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी BSF की अनेकों उपलब्धियां हैं। वह दिन दूर नहीं जब यह देश नक्सलवाद से हमेशा-हमेशा के लिए मुक्त हो जाएगा ।केंद्रीय गृह मंत्री ने देशवासियों से इलेक्टोरल रोल के एसआईआर प्रक्रिया का पूरा समर्थन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की रक्षा के लिए बहुत जरूरी है। शाह ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया से हर घुसपैठिए को वोटर लिस्ट से बाहर निकाला जाएगा।*

### चुन-चुन कर घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे...

*अमित शाह ने कहा, 'मैं आज यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम इस देश में से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, यह हमारा प्रण है।' उन्होंने कहा कि प्रक्रिया देश और हमारे लोकतंत्र को सुरक्षित रखने के लिए है। बिना किसी पार्टी का नाम लिए, शाह ने कहा कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को हटाने के इस अभियान को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने ऐसी पार्टियों को चेतावनी देते हुए कहा कि बिहार चुनाव में जनता को पहले ही जनादेश दे चुकी है। शाह ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को खत्म करने के अभियान को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। ये राजनीतिक दल प्रक्रिया और चुनाव आयोग की वोटर लिस्ट को साफ करने का विरोध कर रहे हैं।*

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, शनिवार
22 नवम्बर, 2025


## पल्स पोलियो अभियान की तैयारियां पूरी

### 23 से 25 नवंबर तक चलेगा कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो कार्यक्रम के तहत जिले में 23 से 25 नवंबर तक 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। इसी को लेकर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंद गेट की अध्यक्षता में ब्लॉक तिजारा में बैठक हुई बैठक में निर्देश दिए गए कि पहले दिन बूथ कवरेज 60' रहे, बूथ समय पर शुरू हों, उंगली मार्किंग सही हो तथा रिपोर्टिंग समय पर जिला स्तर पर भेजी जाए। तीनों दिनों में 100' कवरेज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। डॉ. सुवालाल, जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पहले दिन बूथ स्तर पर तथा अगले दो दिनों में टीमों द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। विभाग का लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा खुराक से वंचित न रहे। आमजन से बूथों पर अधिक से अधिक बच्चों को लाने की अपील की गई। बैठक में डॉ. मनोज यादव सहित चिकित्सा अधिकारी प्रभारी, बीपीएम व बीएचएस मौजूद रहे।

## आशीष तनेजा ने पूरा किया पैराग्लाइडिंग का एडवांस कोर्स, मिली सोलो फ्लाई की अनुमति



जयपुर टाइम्स

**अलवर/हिमाचल प्रदेश(निसं.)।** आशीष तनेजा ने हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध टीटी स्कूल ऑफ पैराग्लाइडिंग में 7 दिन का प्रोफेशनल पैराग्लाइडिंग कोर्स सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह वही स्थान है जिसे पूरी दुनिया में Bir-Billing के नाम से पैराग्लाइडिंग की राजधानी माना जाता है—जहां Billing लगभग 2,400 मीटर की ऊंचाई पर टेक-ऑफ पॉइंट और Bir लैंडिंग साइट है। अलवर के प्रसिद्ध कलाकंद निर्माता महेन्द्र तनेजा के पुत्र हैं। कोर्स के दौरान 3-4 दिनों की इंटेंसिव ट्रेनिंग दी जाती है, जिसमें प्रशिक्षार्थियों को बताया जाता है कि ग्लाइडर को कैसे ऑपरेट किया जाता है, सुरक्षा नियम, टेकऑफ़ और लैंडिंग की तकनीकें, हवा के रुख का इस्तेमाल और आपात स्थिति में कंट्रोल कैसे बनाए रखना है। टीटी स्कूल की सख्त ट्रेनिंग पॉलिसी के अनुसार, जब तक प्रशिक्षार्थी सभी बेसिक स्किल्स को अच्छी तरह से क्लियर नहीं करता, उसे फ्लाई करने की अनुमति नहीं दी जाती। नियम के अनुसार, कम से कम 5 सफल सोलो फ्लाई करने के बाद ही पैराग्लाइडिंग का अधिकृत सर्टिफिकेट प्रदान किया जाता है। आशीष तनेजा ने सभी सोलो फ्लाई सफलतापूर्वक पूरी कर ली हैं और अब उन्हें प्रमाणित पैराग्लाइडर का दर्जा मिल गया है।

## *कलाल समाज को ओबीसी सूची में शामिल करने हेतु आयोग में सौंपा ज्ञापन*

जयपुर टाइम्स



**उदयपुर(निसं.)।** जिला परिषद उदयपुर के हॉल में राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की जन सुनवाई के दौरान राजस्थान में कलाल समाज के सभी वर्गो के नाम अन्य पिछड़ा वर्ग भारत सरकार की आरक्षण सूची में जोड़ने हेतु एक ज्ञापन प्रकाश चौधरी पूर्व विधायक बड़ी सादड़ी एवं अखिल भारतीय सर्ववर्गीय राष्ट्रीय कलाल महासभा के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान संरक्षक के नेतृत्व में राजस्थान राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग जयपुर के अध्यक्ष मदन लाल भाटी, मन्ना लाल सांसद उदयपुर, चुन्नी लाल गरासिया राज्य सभा सांसद को राजा चौधरी, दिनेश पुरबिया, लोकेश चौधरी, जगदीश पुरबिया भेरू लाल कलाल, सूर्य प्रकाश सुहालका समाज की ओर से ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। आयोग के प्रतिनिधियों ने ज्ञापन पर तुरंत कार्यवाही का आश्वासन दिया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेंद्र पुरबिया, मदन चौधरी निरंजन चौधरी, लव चौधरी, चंद्र प्रकाश चौधरी, यशवंत पुरबिया हेमेंद्र पुरबिया व डूंगरपुर बांसवाड़ा आदि क्षेत्रों से समाज बंधु उपस्थित रहे।

## बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाने के लिए, पल्स पोलियो की 'दो बूंद अभियान' का रैली निकालकर किया प्रचार

**अलवर(निसं.)।** उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को लेकर शुक्रवार को राजकीय गीतानंद शिशु चिकित्सालय अलवर से मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी डा. योगेन्द्र कुमार शर्मा, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील कुमार चौहान, जिला प्रजनन एंव शिशु स्वास्थ्य अधिकारी एंव पल्स पोलियो अभियान नोडल अधिकारी डॉ. मंजु शर्मा ने पल्स पोलियों रैली को सुबह 10 बजे हरी झड़ी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की 'दो बूंद अभियान' के प्रचार प्रसार को लेकर एंव आमजन को जागरूक करने के लिए शहर के बिजली घर चौराहा, नंगली सर्किल, मन्नी का बड़ होते हुए कम्पनी बाग से एएनएम ट्रेनिंग सेन्टर में आकर रैली सम्पन्न हुई। उन्होने बताया कि इस दौरान नर्सिंग के छात्राओं के पास बैनर, तख्तियां एंव माइकिंग प्रचार प्रसार से भी आमजन को जागरूक किया गया। जिला प्रजनन एंव शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मंजु शर्मा ने बताया कि उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 नवंबर 2025 से 25 नवंबर 2025 तक जिले में आयोजित किया जा रहा है। रैली के माध्यम से आमजन को जन्म से 5 साल तक के समस्त बच्चों को पोलियों की दो बूंद पिलाने हेतु संदेश दिया गया।

### मत्स्य उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

# प्रत्येक इवेंट को भव्य बनाने एवं उसमें आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर बीना महावर की अध्यक्षता में मत्स्य उत्सव की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्टेट सभागार में आयोजित हुई। जिसमें उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि मत्स्य उत्सव के प्रत्येक इवेन्ट को भव्यता के साथ आयोजित करें तथा इनमें आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जावें। इस संबंध में समस्त विभागीय अधिकारी सभी आवश्यक तैयारियां समयबद्ध रूप से पूर्ण करें।



### ये होगें आयोजन

**मत्स्य उत्सव 2025 अलवर में साइकिल रैली का आयोजन**

मत्स्य उत्सव, अलवर अलवर में 23 से 26 नवम्बर तक आयोजित होने वाला मत्स्य उत्सव इस वर्ष सांस्कृतिक रंगों से सराबोर रहेगा। चार दिनों तक चलने वाले इस उत्सव में शाम के समय दर्शकों के लिए विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया है, जिनमें देश और प्रदेश की विविध लोक व शास्त्रीय परंपराओं की झलक देखने को मिलेगी। पहले दिन के कार्यक्रम में रविवार शाम 7 बजे से पुरजन विहार में प्रसिद्ध कथक कलाकार समूह, जिनका नेतृत्व संगीता सिंघल करेंगी, कथक- सूफ़ी संगीत की अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। दूसरे दिन 24 नवंबर को महाराष्ट्र की ऊर्जा से भरपूर लावनी नृत्य, गुजरात की परंपरागत लोक प्रस्तुतियाँ, तथा मणिपुर का आकर्षक व अद्वितीय ढोल चोलम नृत्य दर्शकों को एक अलग ही सांस्कृतिक अनुभूति प्रदान करेंगे। इसके साथ ही बीकानेर की प्रसिद्ध चरी नृत्य प्रस्तुति भी उत्सव का प्रमुख आकर्षण होगी। 25 नवंबर को मुसी महारानी की छतरी पर आयोजन की विशेष झलक होगी पद्मश्री गुलाबो द्वारा प्रस्तुत कालबेलिया नृत्य, जो मत्स्य उत्सव की सांस्कृतिक धरोहर को राष्ट्रीय मंच पर और भी भव्यता प्रदान करेगा। साथ ही अतुल्य अलवर के इस महोत्सव में स्थानीय कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा, ताकि वे अपनी कला को बड़े स्तर पर प्रस्तुत कर सकें।

**साईकिल रैली का होगा आयोजन**

मत्स्य उत्सव 2025 के अंतर्गत 23 नवंबर रविवार को प्रात. 7.30 बजे से साइकिल रैली का आयोजन किया जा रहा है। रैली का मार्ग नेहरू गार्डन से नगर वन तक निर्धारित किया गया है। इस आयोजन में अलवर के विभिन्न सायकिलिंग समूह, महिला सायकिलिस्ट, तथा शहर के कई सक्रिय सायकिलिंग एसोसिएट्स उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। यह रैली हरित अलवर के संदेश को आगे बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। पूर्व के वर्षों में साइकिल रैली मत्स्य उत्सव का एक अविभाज्य हिस्सा बन चुकी है और हर वर्ष इसके लिए शहर के महत्वपूर्ण स्थलों को जोड़ते हुए एक नया मार्ग निर्धारित किया जाता है। इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष नेहरू गार्डन से नगर वन को रैली का विशेष मार्ग चुना गया है 'उद्यान से वन' तक की थीम पर आयोजित मत्स्य उत्सव साइकिल रैली के जरिए प्रतिभागियों को शहर के बढ़ते हरित क्षेत्रा से जुड़ने का अवसर मिलेगा। अलवर शहर में ग्रीन ज़ोन का विस्तार लगातार हो रहा है और यूआईटी द्वारा नए साईकिल मार्गों का विकास भी किया जा रहा है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. प्रियंका, पर्यटन विभाग की उपनिदेशक डॉ. टीना यादव, नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका, यूआईटी के भूमि आवाप्ति अधिकारी जितेन्द्र सिंह नरूका सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एवं त्वरित निपटान को सुगम बनाने हेतु अभियान 'आपकी पुँजी आपका अधिकार'

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** अग्रणी जिला प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारी ने बताया कि वित्तीय सेवाएं विभाग, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 'आप की पूँजी, आपका अधिकार' जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत जमाकर्ता शिक्षा एवं जागरूकता कोष पर 'जिला स्तरीय जागरूकता एवं सहायता शिविर का आयोजन श्री आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान, स्कीम न 8, अलवर में जिला प्रमुख, अलवर बलबीर छिल्लर की अध्यक्षता में किया गया। शिविर में रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबंधक अक्षय गुम्बेर, पंजाब नैशनल बैंक के उपमहाप्रबंधक श्वेतांक कुमार एवं अन्य बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों सहित लगभग 500 लोगों ने शिरकत की। सभी बैंकों द्वारा शिविर स्थल पर स्टॉल लगाकर लोगों के अनक्लेम्ड दावों का निस्तारण किया गया। मुख्य अतिथि बलबीर छिल्लर ने कहा कि 'आप की पूँजी, आपका अधिकार' अभियान का उद्देश्य नागरिकों को उनकी जमा पूंजी, बीमा दावे, डिविडेंड, शेयर एवं म्यूच्यूअल फण्ड से सम्बंधित अवितरित राशि को प्राप्त करना है। उन्होंने अलवर जिले के सभी बैंकों के सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए नागरिकों को वित्तीय साक्षरता बढ़ाने तथा भारत सरकार की विभिन्न सुरक्षा योजनायों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। अग्रणी जिला प्रबंधक बाबूलाल पालरिया ने बताया कि इस शिविर में लगभग 16 लाख रुपये की अनक्लेम्ड राशि 45 लाभर्थियों को चेक के माध्यम से सौपीं गई तथा सामाजिक सुरक्षा योजनायों से जुड़े 6 लाभर्थियों को दावा राशि के चेक वितरित किये गए इसके साथ ही स्वयं सहायता समूह की महिलायों को जिला प्रबंधक रमेशचंद मीणा के नेतृत्व में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा 28 करोड़ 84 लाख रूपये का क्रेडिट लिंकेज का चेक दिया गया।

## जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा मतदाता सूचियो के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा अलवर शहर के बूथ लेवल अधिकारियो के कार्यो का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला द्वारा मतदाता सूचियो के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा अलवर शहर के बूथ लेवल अधिकारियो के कार्यो का निरीक्षण कर मतदाताओ, राजनैतिक दलो द्वारा नियुक्त बीएलए-2, वार्ड पार्षदो से संवाद कर गणन प्रपत्र भरने में आ रही समस्याओं का मौके पर ही समाधान किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियो को निर्देशित किया कि जिन मतदाताओ के गणन प्रपत्र बीएलओ के पास जमा नही होगे, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल नही हो पायेगा, अतः मतदाताओ से अपील की कि वे अपने गणन प्रपत्रा भरकर शीघ्र अतिशीघ्र बीएलओ को जमा कराकर प्राप्ति रसीद प्राप्त कर लेवे। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा अलवर शहर के मतदान केन्द्र संख्या 14, 15, 16, 218, 219 आदि के बीएलओ द्वारा किये जा रहे कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसआईआर के अंतर्गत ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन गणन प्रपत्र में भरवाने में सहयोग हेतु ठाकुर दुर्गपाल मेमोरियल टी.



टी.कॉलेज में आयोजित विशेष कैम्प का निरीक्षण कर मतदाताओ से सीधा संवाद किया। उन्होंने बताया कि बीएलओ एवं मतदाताओ की सहायता हेतु प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क स्थापित कर प्रशिक्षित कार्मिकों का नियोजन किया गया है। हैल्प डेस्क कार्मिको को निर्देशित किया गया कि वे इस कार्य में बीएलओ व मतदाताओ का सहयोग करें किसी कार्मिक द्वारा कार्य के प्रति लापरवाही को गंभीरता से लिया जावेगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संबंधित क्षेत्रों के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी साथ रहे।

## *राष्ट्रीय एकता के संदेश के साथ डॉ. मोहित जसवंत यादव का 'सरदार@150 यूनिटी मार्च'*

जयपुर टाइम्स




**बहरोड़(निसं.)।** भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता और समाज में जागरूकता के संदेश को मजबूत करने के उद्देश्य से 'सरदार@150 यूनिटी मार्च' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मार्च की शुरुआत श्री नारायणी देवी पीजी कॉलेज से हुई, जहाँ डॉ. मोहित और जिलाध्यक्ष महा सिंह चौधरी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर पदयात्रा को रवाना किया। यह पदयात्रा हनुमान चौक, नया बस स्टैंड और अलवर रोड होते हुए बहरोड़ स्टेडियम तक पहुंची, जिसमें स्थानीय नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों की बड़ी संख्या ने भाग लेकर मार्च को उत्साहपूर्ण और जीवंत बना दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'एकता में जो शक्ति है, वही किसी भी देश को आगे बढ़ाने की मूल कुंजी है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने सभी को एकजुट किया और यह सिखाया कि यदि हम संगठित नहीं रहेंगे तो स्वतंत्रता भी मिलने के बाद उसका कोई लाभ नहीं होगा। हर व्यक्ति और समाज को संगठित रहना चाहिए, तभी देश प्रगति करेगा।' इस मार्च का आयोजन क्रीड़ा और युवा मंत्रालय द्वारा किया गया था। यहां क्रीड़ा मंत्रालय से पंकज यादव, एसडीएम राम किशोर, तहसीलदार और डिप्टी सचिन शर्मा भी उपस्थित रहे। डॉ.मोहित ने समाज के विभिन्न वर्गों, युवाओं और पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। मार्च ने न केवल राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाया, बल्कि युवा और समाज को संगठित रहने और राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने की प्रेरणा भी दी।

इस दौरान बस्तीराम यादव प्रधान प्रतिनिधि बहरोड, रामकिशोर मीणा एसडीएम बहरोड़, तहसीलदार बहरोड, रोहिताश प्रधान, पवन यादव जिला महामंत्री, देवेन्द्र यादव जिला मंत्री, रमेश रावत, शिवचरण गुरूजी जिला महामंत्री, प्रशान्त यादव मण्डल अध्यक्ष बहरोड, राजेश फौजी मण्डल अध्यक्ष बर्डोद, रामनरेश यादव पार्षद, सुनीव प्रवक्ता, डॉ. नीलम यादव, नरेन्द्र यादव, अनिल बोहरा, सुभाष यादव, कर्मवीर यादव, वेदकृष्णा सरपंच, जोगेन्द्र सरपंच, रामफल सरपंच, पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

## जिला कलक्टर ने केंद्रीय बस स्टेण्ड पर 'मातृ एवं शिशु सुविधा केंद्र' (बेबी केयर सेंटर) का किया शुभारम्भ

### पूर्णतः वातानुकूलित सेंटर में आधुनिक फीडिंग रूम व फर्नीचर के साथ टॉयलेट व पेयजल की है व्यवस्था

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने केंद्रीय बस स्टेण्ड अलवर परिसर में 'मातृ एवं शिशु सुविधा केंद्र' (बेबी केयर सेंटर) का फीता काटकर शुभारम्भ किया। जिला कलक्टर डॉ. शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय बस स्टैंड अलवर जैसे स्थानों पर बड़ी संख्या में महिलाओं का आवागमन रहता है और उनको खुले में अपने बेबी को फीडिंग करवाने में होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर विकास न्यास के माध्यम से केंद्रीय बस स्टेण्ड पर यह एक अभिनव पहल की गई है। इस बेबी केयर सेंटर को महिलाओं में बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए करीब 35 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है। यह आधुनिक तकनीक पर आधारित है, इसमें महिलाओं के लिए फीडिंग रूम, वेटिंग रूम, ड्रेसिंग रूम, बच्चों को खेलने के लिए स्पेस एवं आधुनिक टॉयलेट है और यह पूर्णतया वातानुकूलित भी है। उन्होंने बताया कि सीएसआर मद से इस सेंटर का रखरखाव आदि कराया जावेगा। उन्होंने बताया कि रोडवेज की महिला कार्मिक इस सेंटर के अंदर व्यवस्था संभालेगी। साथ ही इसकी सुरक्षा व्यवस्था की भी व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर कार्यालय में भी बड़ी संख्या में महिलाओं का आवगमन होता है, वहां भी महिला अधिकारी का विभाग के सहयोग से बेबी केयर सेंटर करीब एक साल से संचालित किया जा रहा है।

**बेबी केयर सेंटर शुरू होते ही आई कोमल व कुसुम, कहा प्रशासन की बेहतरीन पहल, बेबी फीडिंग में सम्मान के साथ कराई**






जिला कलक्टर के द्वारा बेबी केयर सेंटर के शुभारंभ के कुछ समय पश्चात ही बहादुरपुर निवासी बहने कोमल व कुसुम जो कि अपने बच्चों के साथ जयपुर जाने के लिए केंद्रीय बस स्टैंड आई थी। बेबी केयर सेंटर को देखकर अपने बच्चों को फीडिंग कराने पहुंची। दोनों बहनों ने बेबी केयर सेंटर में उपलब्ध कराई गई आधुनिक सुविधाओं को देखकर अभिभूत नजर आई। उन्होंने कहा कि बस स्टेण्ड पर यात्रा के दौरान बच्चों को दूध पिलाने में बहुत असुविधा होती थी, अब यह जगह जिला प्रशासन द्वारा इतनी बेहतरीन में आधुनिक सुविधाओं के साथ उपलब्ध कराई है इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन का आभार जताया।

# जिला स्तरीय बाल वाहिनी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित

### जीरो टॉलरेंस के साथ बाल वाहिनी संचालन सुनिश्चित करें - पुलिस अधीक्षक

### नियमों का उल्लंघन करने वाले बाल वाहिनी संचालकों व स्कूल प्रबंधन के विरूद्ध होगी कडी कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी की अध्यक्षता में पुलिस सभागार में जिला स्तरीय बाल वाहिनी प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित हुई। पुलिस अधीक्षक चौधरी ने कहा कि बाल वाहिनी प्रबंधन बच्चों के जीवन से जुडा हुआ विषय है अतः प्रत्येक संबंधित विभाग सुरक्षा मानको को बहुत गंभीरता के साथ लेकर सभी सुरक्षा मानकों का कडाई से साथ पालना करावें। उन्होंने परिवहन विभाग, पुलिस व शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि 30 नवम्बर तक प्रत्येक स्कूल बाल वाहिनी व वाहन चालकों की वस्तुस्थिति की जॉच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे साथ ही संयुक्त रूप से स्कूलों में जागरूकता गतिविधियां करावे साथ ही निर्धारित नियमों की पालना कराई जावें। इस दौरान नियमों का उल्लघंन करने वाले स्कूल प्रबंधन एवं बाल वाहिनी संचालकों के विरूद्ध कडी कार्रवाई करे। उन्होंने निर्देश दिये कि इस दौरान अनरजिस्ट्रर्ड बाल वाहिनीयों की रजिस्ट्रेशन की कार्यवाही, बाल वाहिनी का संचालन निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप कराने आदि की कार्यवाही की जावे। उन्होंने कहा कि वाहन चालक शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ होने चाहिए इसके लिए उन्होंने आरटीओ व डिप्टी सीएमएचओ को निर्देश दिये कि जिले के सभी विद्यालयों के वाहन चालकों के ब्लॉकवार कैम्प लगाकर नेत्र व स्वास्थ्य जांच कराई जावे। उन्होंने निर्देश दिये कि बिना फीटनेस के संचालित हो रही बाल वाहिनीयों को जब्त करने की कार्यवाई करे। सुरक्षा मापदण्डों का बार-बार उल्लघंन करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने की कार्यवाई करे। उन्होंने पीडब्ल्यूडी, नगर निगम व यूआईटी के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूल के आस-पास साइनेज व रम्बल स्ट्रीप लगे होने की जॉच करे तथा आवश्यकतानुसार इनको लगाने की कार्यवाही करे। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि बाल वाहिनियों के संचालन के संबंध में समस्त सुरक्षा मापदण्डों एवं कानूनी प्रावधानों आदि के संबंध में एक वीडियो बनवाकर स्कूल प्रबंधन एवं बाल वाहिनी संचालकों को भिजवायें। उन्होंने कहा कि बाल वाहिनी प्रबंधन की आगामी समीक्षा बैठक 3 माह के बजाये अगले माह ही की जावेगी जिसमें और अधिक संख्या में स्कूल प्रबंधन एवं उनके एसोसियेशन को भी आमंत्रित किया जावे।

# जमीन से जुड़ा नेता जो देखते ही देखते बन गया कांग्रेस का सफल रणनीतिकार

## राजस्व मंत्री के 3 साल के कार्यकाल को अब तक नहीं भूले लोग, जिनके बूते पर ही पिछला चुनाव बाड़मेर लोकसभा सीट पर जीत पाई कांग्रेस



## पंजाब के बाद मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को कर रहे एकजुट और मजबूत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के बाड़मेर जिले के साधारण से किसान परिवार में जन्म लेने वाले बाड़मेर के पूर्व सांसद और बायतु विधायक हरीश चौधरी की गिनती आज कांग्रेस पार्टी के टॉप राष्ट्रीय रणनीतिकारों में होती है यही वजह रही कि कांग्रेस हाई कमान ने पंजाब के बाद उन्हें उन्हें मध्य प्रदेश में पार्टी का प्रभारी बनाया जहां पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह कमलनाथ और जीतू पटवारी जैसे कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेताओं को एक मंच पर लाने की बड़ी जिम्मेदारी तो थी ही इसके अलावा भारतीय जनता पार्टी जो पिछले कई सालों से वहां सत्ता पर काबिज है उसे सत्ता से हटाने के लिए कांग्रेस पार्टी के संगठन को जमीनी तौर पर मजबूत करने की बड़ी जिम्मेदारी भी दी गई इन जिम्मेदारियां को सफलतापूर्वक निभाने में हरीश चौधरी कामयाब भी होते दिख रहे हैं हरीश चौधरी के मध्य प्रदेश जाने से पहले मध्य प्रदेश कांग्रेस के हालात भी राजस्थान कांग्रेस की तरह ही थे जहां दिग्गज नेताओं के बीच आपस में टकराव की वजह से कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता अलग-अलग गुट में बैठे हुए थे लेकिन हरीश चौधरी ने अपने अद्वितीय राजनीतिक कौशल चतुराई स्पष्ट वादित और अपने अच्छे व्यवहार से एक तरफ जहां मध्य प्रदेश के बड़े नेताओं के बीच आपस में समन्वय और तालमेल बिठाने में सफलता हासिल की है तो दूसरी तरफ मध्य प्रदेश में पार्टी के संगठन को जमीनी तौर पर मजबूत करने की दिशा में भी वहां पर बहुत अच्छा काम अब तक हुआ है जिसकी वजह से मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी तेजी से मजबूत होती हुई दिख रही है। पहले पंजाब और अब मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के संगठन में जो क्रांतिकारी बदलाव आए उससे हरीश चौधरी का कांग्रेस पार्टी के दिल्ली दरबार में तो कद ऊंचा हुआ है ही इसके अलावा गांधी परिवार से उनकी नजदीकी लगातार बढ़ती जा रही है । पिछले कुछ सालों में कांग्रेस पार्टी ने उन्हें बड़ी-बड़ी जिम्मेदारियां और चुनौतियां दी उन सभी जिम्मेदारियां को चौधरी ने बखूबी से निभाया और अच्छा परफॉर्मेंस करके दिखाया चाहे पिछले लोकसभा चुनाव में बाड़मेर में कांग्रेस पार्टी की जीत की रणनीति तैयार करने की बात हो या फिर पंजाब में पार्टी के प्रभारी पद पर रहने के दौरान पार्टी में व्याप्त गुटबाजी और असंतोष को दूर करने के साथ-साथ उस समय सत्ता और संगठन में तालमेल बनाने का विषय हो हर मामले में चौधरी ने कांग्रेस हाई कमान की ओर से दिए गए विजन को पूरा किया। जिसके फल स्वरुप कांग्रेस हाई कमान अब चौधरी को उन राज्यों में बड़ी जिम्मेदारी देने लगा है जो राज्य राजनीतिक दृष्टि से कांग्रेस पार्टी के लिए आने वाले दिनों में काफी लाभप्रद साबित हो सकते हैं हरीश चौधरी जो भी बोलते हैं स्पष्ट बोलते है बिना किसी डर और संकोच के बोलते हैं जमीन से जुड़े नेता हैं ग्रामीण परिवेश से जुड़े होने की वजह से ग्रामीण लोगों की समस्याओं और उनकी भावनाओं को अच्छी तरह से समझते हैं। इसलिए मध्य प्रदेश के ग्रामीण अंचल के पार्टी के कार्यकर्ताओं की भावना का कद्र करते हुए उनकी अंदरुनी पॉलीटिकल क्षमता को तुरंत पहचान लेते हैं उनकी यही कला उन्हें एक अलग श्रेणी के राजनेता के रूप में स्थापित किए हुए हैं अन्यथा मध्य प्रदेश जैसे विशाल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के प्रभारी पद को संभालना आसान काम नहीं है वह भी उस हालत में जहां जहां दिग्विजय सिंह और कमलनाथ जैसे बड़े नेता विराजमान हो लेकिन बहुत ही कम समय में हरीश चौधरी ने मध्य प्रदेश कांग्रेस को अच्छी पोजीशन पर लाकर खड़ा कर दिया है हालांकि पूर्व में राजस्थान में भी हरीश चौधरी को कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनाने की चर्चा जोरों से चली थी कांग्रेस हाई कमान चौधरी को राजस्थान कांग्रेस की जिम्मेदारी देने के लिए करीब करीब तैयार भी हो गया था लेकिन किन्हीं कारण की वजह से हरीश चौधरी को राजस्थान में यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं मिली शायद इसके पीछे यह कारण भी हो सकता है कि हरीश चौधरी का उपयोग कांग्रेस हाई कमान केंद्र में ज्यादा करना चाहता था इसीलिए राजस्थान में पूर्ववर्ती गहलोत सरकार के समय हरीश चौधरी सिर्फ 3 साल तक राजस्व मंत्री रहे बाद में इन्हें मंत्री पद की जिम्मेदारी से मुक्त करके पंजाब जैसे राज्य में पार्टी का प्रभारी बनाकर भेजा जहां पर चौधरी ने बहुत ही शानदार तरीके से पंजाब कांग्रेस के संगठन को तो मजबूती दी ही इसके अलावा उस समय चरणजीत सिंह चन्नी सरकार और संगठन के बीच भी शानदार तालमेल बनाया अन्यथा उस समय पंजाब कांग्रेस के बड़े नेताओं की गुटबाजी कांग्रेस के दिल्ली दरबार के लिए बड़ी मुसीबत बनी हुई थी लेकिन चौधरी ने अपने पॉलिटिकल अनुभव चतुराई और अपने मिलनसार व्यवहार से पंजाब कांग्रेस के नेताओं को एक मंच पर लाने में कामयाब रहे इसीलिए हाई कमान ने उन्हें मध्य प्रदेश जैसे बड़े स्टेट की जिम्मेदारीदी।

### गहलोत सरकार के अधिकांश मंत्री 2023 में चुनाव हारे लेकिन हरीश चौधरी ने शानदार जीत दर्ज की

*वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में पिछली गहलोत सरकार के अधिकांश मंत्री चुनाव हार गए बड़े-बड़े मंत्री जो अशोक गहलोत के आगे पीछे चला करते थे उनमें अधिकांश चुनाव हार गए हालांकि हरीश चौधरी पूरे 5 साल तक गहलोत सरकार के मंत्री नहीं रहे चौधरी सिर्फ 3 साल तक ही मंत्री रहे बाद में उनकी विधायक की भूमिका ही रही और पंजाब का प्रभार पद मिलने के बाद वे पंजाब में कुछ ज्यादा व्यस्त हो गए थे लेकिन इसके बाद भी 2023 के विधानसभा चुनाव में बायतु विधानसभा सीट से चौधरी ने दोबारा से शानदार जीत दर्ज की चौधरी के बारे में कहा जाता है कि वह अपने क्षेत्र के लोगों से नियमित रूप से मिलते रहते हैं चाहे कांग्रेस हाई कमान उन्हें दूर दराज के क्षेत्र में पार्टी के काम के लिए भेज दे इसके बावजूद भी वह अपना समय निकालकर अपने क्षेत्र के लोगों से नियमित रूप से संवाद करते रहते हैं समस्याओं को सुनकर उनके निवारण का प्रयास करते रहते हैं इसलिए पब्लिक का जुड़ाव उनके साथ हमेशा बना रहता है जो उनकी जीत के रास्ते को आसान बना देता है इसी वजह से पंजाब में व्यस्त रहने के बावजूद भी उन्होंने बायतु में विधानसभा का चुनाव जीता जबकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी कोहार का सामना करना पड़ा बड़े-बड़े दिग्गज चुनाव हार गए लेकिन चौधरी अपनी सीट से चुनाव जीते*



### अपने पहले ही बड़े चुनाव में बाड़मेर में पूर्व विदेश मंत्री जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह को हराकर खुद को साबित किया

*हरीश चौधरी की काबिलियत और उनकी पर्सनालिटी पर कांग्रेस के दिल्ली में बैठे नेताओं को इतना विश्वास था कि उन्हें शुरू में ही वर्ष 2009 में बाड़मेर लोकसभा सीट से टिकट दे दिया चाहे कोई सी भी पार्टी हो अक्सर राजनीतिक दल किसी सीनियर नेता को ही लोकसभा का चुनाव लड़वाना ज्यादा पसंद करते हैं ।लेकिन चौधरी की युवा वर्ग में पकड़ जोधपुर जिले तक ही सीमित नहीं थी बल्कि पूरे पश्चिमी राजस्थान में चौधरी एक बड़ा लोकप्रिय चेहरा 2009 तक बन चुके थे ।हालांकि इससे पहले चौधरी ने ना तो विधायक का चुनाव लड़ा था ना ही लोकसभा का और ना ही कोई और दूसरा चुनाव उन्होंने लड़ा था लेकिन कांग्रेस के रणनीतिकारों ने चौधरी पर भरोसा जताया और उन्हें 2009 में लोकसभा के चुनाव में अपनी ओर से चुनाव मैदान में उतार दिया ।जबकि सामने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठतम नेता और पूर्व विदेश मंत्री जसवंत सिंह के बेटे मानवेंद्र सिंह थे जो अपने पिता की शानदार छवि और पकड़ के माध्यम से अपनी जीत को तलाश कर रहे थे ।चुनाव काफी कांटे का था लेकिन हरीश चौधरी ने यह चुनाव जीता । उनका यह पहला ही चुनाव था और पहले ही चुनाव में उन्होंने शानदार जीत दर्ज करके धमाकेदार तरीके से लोकसभा में अपनी एंट्री की । चौधरी की इस शानदार जीत ने उन्हें पश्चिमी राजस्थान के कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय नेताओं की अग्रिम श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया हालांकि पश्चिमी राजस्थान में हेमाराम चौधरी जैसे कई और बड़े नेता कांग्रेस पार्टी में है। लेकिन चौधरी ने खुद अपने दम पर अपनी मेहनत के दम पर अपनी जमीनी पकड़ के दम पर पश्चिमी राजस्थान के कांग्रेस जनों और हर जाति और बिरादरी के लोगों में अपनी मजबूत पकड़ बनाई।*

### पिछली गहलोत सरकार के 3 साल के राजस्व मंत्री के कार्यकाल को प्रदेश के लोग अब तक नहीं भूले

वर्ष 2018 में हरीश चौधरी बाड़मेर की बायतु विधानसभा सीट से पहली बार विधायक चुने गए थे कांग्रेस पार्टी को समर्थन मिलने के बाद अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बने जिसमें हरीश चौधरी को कैबिनेट मंत्री का दर्जा देते हुए उन्हें राजस्व विभाग की बड़ी जिम्मेदारी दी यह मंत्रालय चौधरी के हाथों में करीब 3 साल तक रहा और इन तीन सालों में चौधरी ने इस मंत्रालय में अनेक क्रांतिकारी निर्णय और फैसले लिए जिसका सीधा लाभ प्रदेश की जनता और प्रदेश के किसानों को मिला चौधरी बहुत ही साधारण से किसान परिवार में पैदा हुए थे इनकी स्कूल की पढ़ाई भी सरकारी स्कूल में हुई इसलिए बाड़मेर जैसे रेगिस्तानी इलाके में लोगों का जीवन और भी कठिन संघर्ष में और विपरीत परिस्थितियों वाला रहता है जिसमें गरीब और किसान को तो कई समस्याओं से जूझना पड़ता है इन सब समस्याओं को चौधरी ने बचपन से महसूस किया था इसलिए बचपन और युवा अवस्था में इन समस्याओं का जो दर्द चौधरी ने अनुभव किया उस दर्द को दूर करने के लिए मंत्री बनने के बाद चौधरी ने कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी उन्होंने राजस्व विभाग में कई नवाचार किए कई नवीन प्रयोग किया तकनीकी संसाधनों का उपयोग विभाग में सुनिश्चित किया विभाग की कार्यशैली को ऑनलाइन तरीके से संपादित करना सुनिश्चित किया जिसकी वजह से प्रदेश की जनता के राजस्व संबंधी कार्य त्वरित गति से संपादित होने लगे चौधरी ने राजस्व लोक अदालतों का गठन किया जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता के राजस्व संबंधी हजारों मामलों का निस्तारण हुआ इन लोक अदालत के माध्यम से लोगों को न्याय, सरल और जल्दी तथा प्रभावी तरीके से मिलने लगा तो दूसरी तरफ लोग और प्रदेश के किस घर बैठे ऑनलाइन तरीके से भूमि और राजस्व संबंधी रिकॉर्ड देख लिया करते थे जिसकी वजह से उन्हें तहसील उपखंड और जिलाधीश कार्यालय में बार-बार आना नहीं पड़ता था अन्यथा छोटी-छोटी चीजों की जानकारी के लिए लोगों को तहसील और उपखंड कार्यालय में बार-बार आना पड़ता था जिसकी वजह से उनका पैसा और समय दोनों बर्बाद होते थे ।लेकिन चौधरी ने राजस्व विभाग के कार्यों को ज्यादा से ज्यादा तकनीकी तौर पर मजबूत करने के साथ-साथ ज्यादा से ज्यादा कार्य ऑनलाइन तरीके से निपटाना शुरू किया जिसका फायदा लोगों को मिला और इस व्यवस्था को लोग और प्रदेश के किसान आज तक नहीं भूले हैं अन्यथा यह भी जब जाहिर है कि प्रदेश की जनता को और किसानों को छोटी-छोटी जानकारी के लिए तहसील और उपखंड कार्यालय में कई बार अनर्गल और अवांछित पैसा भी खर्च करना पड़ता था लेकिन इन सब समस्याओं से हरीश चौधरी ने लोगों को छुटकारा दिलाया उनका यह 3 साल का कार्यकाल एक स्वर्णिम कार्यकाल की तरह था जो प्रदेश के लोगों के लिए काफी सुखदायक रहा।

### बाड़मेर लोकसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी की जीत के वास्तविक हीरो हरीश चौधरी ही थे

पिछले लोकसभा चुनाव में बाड़मेर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उम्मेदाराम बेनीवाल की जीत के वास्तविक हीरो हरीश चौधरी ही थे राजनीतिक गलियारों और मीडिया के लोगों में अब भी यह चर्चा होती रहती है कि भले ही बाड़मेर सीट पर उम्मेदाराम बेनीवाल जीत गए हो लेकिन उनकी जीत के वास्तविक हीरो हरीश चौधरी ही है अगर` जातिगत समीकरण साधने के अलावा चुनाव प्रचार के मैनेजमेंट को जमीनी तौर पर मजबूत नहीं करते तो यहां पर कांग्रेस पार्टी की जीत की उम्मीद सपने में भी नहीं की जा सकती थी क्योंकि एक तरफ जहां कैलाश चौधरी उस समय बाड़मेर के मौजूदा सांसद और केंद्र में मोदी सरकार के मंत्री थे तो दूसरी तरफ रविंद्र सिंह भाटी के निर्दलीय चुनाव लड़ने की वजह से यहां कांटे का मुकाबला हो रहा था चुनाव से पहले यह कहना काफी मुश्किल था कि चुनाव कौन जीतेगा लेकिन इस पूरे चुनाव में हरीश चौधरी ने अपने पॉलिटिकल अनुभव का इस्तेमाल किया जातिगत समीकरण साधने के अलावा कांग्रेस पार्टी के विजन को स्पष्ट तरीके से लोगों के समक्ष प्रस्तुत किया कहीं ना कहीं इस सीट पर तुष्टिकरण की राजनीति के बजाय चौधरी ने हर जाति और बिरादरी के लोगों को अपने साथ जोड़े रखने के लिए उन्होंने ज्यादा से ज्यादा इलाकों में लोगों से व्यक्तिगत मुलाकात करके कांग्रेस के लिए वोट मांगे चौधरी पूर्व में 2009 में इस लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकट पर ही सांसद रह चुके थे इसलिए बाड़मेर लोकसभा सीट पर उनकी पहले ही बहुत अच्छी पकड़ थी लेकिन भाजपा प्रत्याशी कैलाश चौधरी भी काफी मजबूत उम्मीदवार थे तो रविंद्र भाटी भी यहां राजपूत और अल्पसंख्यक मतदाताओं के दम पर अपना अच्छा माहौल बना रहे थे लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी उमेदाराम बेनीवाल के चुनाव प्रबंधन की कमान चौधरी ने अपने हाथ में ली हुई थी और वह इस तरह से चुनाव प्रचार में जुटे हुए थे जैसे वह खुद चुनाव लड़ रहे हो वैसे भी उम्मेदाराम बेनीवाल हरीश चौधरी की पसंद के ही उम्मीदवार थे बेनीवाल पूर्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संरक्षक हनुमान बेनीवाल के राइट हैंड हुआ करते थे लेकिन चुनाव से पहले ही हरीश चौधरी ने बेनीवाल को कांग्रेस पार्टी की पहले सदस्यता दिलवाई और फिर उन्हें बाड़मेर से कांग्रेस के टिकट भी दिलवा दी और टिकट दिलवाने के बाद उन्होंने बेनीवाल को जीत दिलाने के लिए अपना पूरा पॉलिटिकल अनुभव झोंक दिया अपनी पुरानी टीम और पुराने अनुभव के आधार पर उन्होंने पूरे लोकसभा क्षेत्र में जमीनी तौर पर हर मतदान केंद्र पर कार्यकर्ताओं की मजबूत टीम नियुक्त करके कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाने की जिम्मेदारी सुनिश्चित की और खुद दिन और रात प्रचार में जुटे रहे उसी का परिणाम रहा की बेनीवाल यह चुनाव जीत गए खुद बेनीवाल भी मानते हैं कि अगर चौधरी उनके चुनाव प्रबंधन की कमान हाथ में नहीं लेते तो शायद यह सीट कांग्रेस के खाते में नहीं आती ।

### दमदार तरीके से की छात्र राजनीति, जोधपुर यूनिवर्सिटी के छात्र संघ अध्यक्ष भी रहे

हरीश चौधरी ने स्कूल की पढ़ाई कठिन पर विपरीत परिस्थितियों में गांव में की बाड़मेर जैसा मरुस्थल जिला उसमें गांव और गरीब किसान की जिंदगी की कल्पना आसानी से की जा सकती है जिसमें पीने के पानी का संकट, चिकित्सा का संकट, सड़क का संकट, लेकिन इन सारे संकट के बावजूद चौधरी ने जोधपुर की जयनारायण यूनिवर्सिटी से स्नातक किया और यहां कॉलेज की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने छात्रों की समस्याओं को जोरदार तरीके से कॉलेज प्रशासन के समक्ष उठाना शुरू किया शिक्षा में सुधार छात्रावास की व्यवस्था, लाइब्रेरी की व्यवस्था, फीस इत्यादि विषयों को लेकर चौधरी ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के समक्ष दमदार तरीके से बड़े-बड़े प्रदर्शन किया जिसकी वजह से छात्रों में चौधरी काफी लोकप्रिय हो गए। उनकी पर्सनैलिटी उनका भाषण देने का अंदाज छात्रों की समस्याओं पर उनकी गजब की पकड़ इन सब बातों को लेकर पूरे यूनिवर्सिटी कैंपस में उन्होंने अपने नाम का डंका बजाया उसका परिणाम यह रहा कि वर्ष 1991- 92 में छात्र संघ चुनाव में जयनारायण विश्वविद्यालय के छात्र संघ अध्यक्ष पद पर चुन लिए गए। यहां उनके नेतृत्व क्षमता और युवा वर्ग में उनकी पकड़ को देखते हुए कांग्रेस पार्टी के तत्कालीन बड़े नेताओं की निगाह चौधरी पर कॉलेज के जमाने से ही टिक गई थी एनएसयूआई संगठन से जुड़े राष्ट्रीय नेता चौधरी की नेतृत्व क्षमता और छात्रों में उनकी गजब की पकड़ को देखकर उन्हें एनएसयूआई के संगठन में बड़ी भूमिका निभाने की जिम्मेदारी दी। एनएसयूआई के संगठन को मजबूती प्रदान करने में भी चौधरी के प्रयास सराहनीय रहे ।जोधपुर यूनिवर्सिटी और इस यूनिवर्सिटी से जुड़े विभिन्न कॉलेज में छात्र समुदाय में हरीश चौधरी एक बड़ा नाम बन चुके थे । इसलिए इनके साथ एक बड़ी युवा शक्ति का` कनेक्शन जोधपुर में कॉलेज के जमाने से ही हो गया था। इसलिए पूरे मारवाड़ आंचल में कॉलेज और विश्वविद्यालय में चौधरी के प्रयासों से एनएसयूआई का संगठन तेजी से फल फूलने लगा था ।जोधपुर यूनिवर्सिटी में स्नातक करने के बाद चौधरी ने राजस्थान यूनिवर्सिटी से राजनीतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर की डिग्री ली यह डिग्री अपने आप में चौधरी की पॉलीटिकल कुशलता में वृद्धि करने का एक बड़ा एक बढ़िया जरिया भी बनी ज्ञान कभी भी मनुष्य को कमजोर नहीं होने देता इसलिए राजनीतिक विज्ञान में चौधरी की पढ़ाई उनके पॉलिटिकल जीवन में काफी लाभदायक साबित हुई है और इस पढ़ाई की वजह से ही उन्होंने पॉलिटिकल जीवन में बुलंदियों को भी छुआ है। अपनी राजनीतिक यात्रा में कांग्रेस पार्टी में उन्होंने अभी जो यह मुकाम हासिल किया वह अपने आप में अद्वितीय है क्योंकि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय संगठन में पंजाब और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में प्रभारी के तौर पर जो कार्य करके दिखाया है वह भी ऐसे समय में जब कांग्रेस का जनाधार देश में तेजी से काम हो रहा है उन हालातो में चौधरी ने पंजाब और मध्य प्रदेश में कांग्रेस के संगठन को सुधार कर खुद की पॉलिटिकल क्षमता को साबित किया है।

### वर्ष 2013 में विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद दुगने उत्साह और हौसले से और मजबूत हुए

*प्रदेश में वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में हरीश चौधरी को बायतु विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने टिकट दिया लेकिन उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा एक मौजूदा सांसद का अपने ही निर्वाचन क्षेत्र की विधानसभा सीट से चुनाव में पराजित होना एक मजबूत से मजबूत राजनेता को भी तो अंदर तक तोड़ देता है लेकिन इस पराजय से चौधरी टूटे नहीं बल्कि उन्होंने दुगने उत्साह और जज्बे के साथ अपने क्षेत्र के लोगों से नियमित रूप से मिलते रहे उनके सुख दुख में शामिल होते रहे उनकी भांति भांति की समस्याओं को प्रदेश सरकार के समक्ष जन आंदोलन के मार्फत रखते रहे अपने क्षेत्र की किसान से जुड़ी सभी समस्याओं के लिए नियमित रूप से धरने ,जुलूस ,घेराव जैसे आंदोलन का आगाज करते रहे पानी, बिजली, सड़क जैसी आधारभूत समस्याएं जो पश्चिमी राजस्थान के लोगों के लिए हमेशा बड़ी चुनौती और परेशानी का सबब बनी रही इन सबको लेकर चौधरी ने लंबी लड़ाई लड़ी जिसकी वजह से उनके क्षेत्र के लोगों का जुड़ाव निरंतर बढ़ता रहा उसी का नतीजा रहा की 2018 के विधानसभा चुनाव में बायतु से ही उन्होंने भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज करके धमाकेदार तरीके से राजस्थान की विधानसभा में पहली बार एंट्री मारी और फिर पहली बार में ही उन्हें गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया जिसका चौधरी हकदार भी थे हालांकि अशोक गहलोत के साथ उनके राजनीतिक संबंध ज्यादा अच्छे नहीं रहे तो ज्यादा खराब भी नहीं रहे लेकिन चौधरी की पॉलिटिकल कुशलता का कांग्रेस हाई कमान फायदा उठाना चाहता था ।इसलिए उन्हें सिर्फ 2018 से 2021 तक मंत्री पद पर रहने दिया इसके बाद चौधरी को पंजाब कांग्रेस का प्रभारी बना दिया गया।*

### गांधी परिवार के भरोसेमंद नेता बन चुके हैं हरीश चौधरी

*इसमें कोई संदेह नहीं हरीश चौधरी वर्तमान में गांधी परिवार के करीबी और भरोसेमंद नेता बन चुके हैं राहुल गांधी उन पर काफी विश्वास करते हैं तो सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी उनकी पॉलिटिकल हैसियत से प्रभावित हैं इसीलिए उन्हें बड़े-बड़े राज्यों में प्रभारी का पद दिया गया और चौधरी ने जिम्मेदारियां को बखूबी से निभाया भी हरीश चौधरी कांग्रेस पार्टी के काफी समर्पित और मेहनती नेता के रूप में माने जाते हैं और गलत को गलत और सही को सही कहने में बिल्कुल भी संकोच नहीं करते चाहे कोई कितना ही पार्टी का बड़ा नेता क्यों ना हो अगर वह गलत रास्ते पर है और पार्टी के लिए मुश्किलें पैदा करता है तो उसके लिए हरीश चौधरी खुलकर बोलते हैं यही उनकी खासियत है जिसकी वजह से कई बार राजस्थान कांग्रेस के कुछ बड़े नेताओं के निशाने पर भी आए कई बार राजस्थान कांग्रेस के नेताओं ने ही उन्हें डाउन करने के लिए चक्रव्यूह भी रचाया। लेकिन हरीश चौधरी ने अपने अचार और विचार नहीं बदले और अपने अंदाज से पार्टी के संगठन को मजबूत करते रहे पार्टी की सेवा करते रहे इसीलिए आज उनको लेकर पार्टी का कोई भी बड़ा नेता किसी भी तरह की कोई गलत प्रतिक्रिया व्यक्त करने की हिम्मत नहीं जुटा पाता क्योंकि हरीश चौधरी वे नेता हैं जो बिना किसी डर और बिना किसी संकोच के पार्टी की भलाई के लिए और पार्टी की मजबूती के लिए पार्टी के मंच पर बेधड़क होकर बोलते हैं उनकी इस प्रवृत्ति और स्वभाव से गांधी परिवार भी अच्छी तरह से वाकिफ है इसलिए गांधी परिवार इनका इतना सम्मान और विश्वास करता है ।*

# आतंक ने पेश की नई चुनौती




भारत के प्रधानमंत्री प्रत्येक स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की जिस प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हैं, उसके निकट एक भयावह आतंकी हमले ने कई सवाल खड़े किए हैं। आतंक के प्रति जीरो टालरेंस की सरकार की नीति और सुरक्षा प्रतिष्ठान की सक्रियता के चलते पिछले कुछ वर्षों से देश आतंकी हमलों से एक बड़ी हद तक सुरक्षित रहा है, लेकिन इस हमले ने सुरक्षा को लेकर बने भरोसे में सेंध लगाने का काम किया है। यह भी कहा जा रहा है कि सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी साजिश को बेनकाब कर दिया और दिल्ली में हुआ धमाका उसी हताशा का परिणाम था। इससे कुछ समय पहले ही सुरक्षा एजेंसियों ने फरीदाबाद में डाक्टरों के एक आतंकी माड्यूल की धरपकड़ के साथ भारी मात्रा में विस्फोटक भी जब्त किया था। माना जा रहा है कि इस एकाएक कार्रवाई से सकते में आए आतंकियों ने दिल्ली में बिना किसी योजना के धमाका कर अपनी भड़ास निकाली। भले ही इसे एकाएक किया गया आतंकी हमला कहा जा रहा हो, लेकिन इसमें निहित कुछ पहलुओं को कतई अनदेखा नहीं किया जा सकता। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में कई जगह बेरोकटोक आवाजाही के बाद आतंकियों ने धमाके के लिए दिल्ली के एक प्रमुख स्थान को चुना। यह इलाका न केवल ऐतिहासिक रूप से महत्व रखता है, बल्कि वाणिज्यिक-सांस्कृतिक एवं पर्यटन गतिविधियों का भी प्रमुख केंद्र है। धमाके के लिए जो समय चुना गया, वह अपेक्षाकृत व्यस्तता वाला होता है। जाहिर है आतंकी ज्यादा से ज्यादा नुकसान पहुंचाना चाहते थे। इससे आतंक से सुरक्षा को लेकर बना आवरण और भरोसे के भाव पर निश्चित ही चोट पहुंची है। जांच एजेंसियां हरसंभव पहलू से जांच में जुटी हैं, लेकिन यह मानने के अच्छे-भले कारण हैं कि इसके पीछे पाकिस्तान ही है। पाकिस्तान आतंकवाद को अपनी राज्य-नीति के रूप में इस्तेमाल करता है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि आपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कार्रवाई से सहमे पाकिस्तान ने अपनी रणनीति कुछ बदली है। यही कारण है कि शुरुआती जांच के दौरान इस हमले के तार बांग्लादेश से लेकर तुर्किये तक जुड़ते दिखे। वहीं गुलाम जम्मू-कश्मीर के पूर्व प्रधानमंत्री की स्वीकारोक्ति भी पाकिस्तान की बदनीयती की पुष्टि करने वाली रही है। हमले के दिन सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर आश्वस्त नहीं थीं कि यह आतंकी हमला है या नहीं, मगर जैसे-जैसे जांच प्रक्रिया आगे बढ़ती गई तो इसे लेकर संदेह के बादल भी छंटते गए। रही-सही कसर आत्मघाती हमलावर डाक्टर उमर के वीडियो ने पूरी कर दी कि इसके पीछे विध्वंसक जिहादी मानसिकता ही थी। दिल्ली में आतंकी हमले के कुछ समय बाद ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भी धमाका हुआ। यह धमाका एक न्यायिक परिसर में हुआ। यह क्षेत्र गणमान्य लोगों की उपस्थिति और आवाजाही वाला है। इस हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान यानी टीटीपी से जुड़े रहे जमात-उल-अहरार ने ली है। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि भारत की शह पर यह आतंकी हमला हुआ है। इसके पीछे पाकिस्तान की मंशा काउंटर नैरेटिव तैयार करने की ही लगती है। उसका फार्मूला एकदम सीधा है कि इससे पहले दिल्ली हमले को लेकर पाकिस्तान पर सवाल उठें, वह इस्लामाबाद धमाके को लेकर भारत को निशाने पर ले। अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान के साथ भी पिछले कुछ समय से पाकिस्तान की पटरी बैठ नहीं रही तो वह एक तीर से दो शिकार करने की फिराक में है कि भारत की शह पर अफगानिस्तान उसके यहां अशांति फैलाने में लगा है। पूरी दुनिया में आतंक के सबसे बड़े निर्यातक के रूप में कुख्यात पाकिस्तान यही चाहता है कि आतंकवाद को लेकर दुनिया भारत पर भी संदेह की दृष्टि देखने लगे। मौजूदा परिदृश्य में इस रुझान को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि जब भी पाकिस्तान की पीठ पर अमेरिका का हाथ होता है तो वहां से आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है। दूसरे कार्यकाल में ट्रंप प्रशासन का पाकिस्तान के प्रति बदला हुआ रवैया इसका प्रमाण है। इसी वर्ष अप्रैल में हुआ पहलगाम आतंकी हमला इसका एक उदाहरण रहा। आपरेशन सिंदूर और फिर संघर्ष विराम एवं मध्यस्थता के मामले में राष्ट्रपति ट्रंप की जी-हुजूरी ने भी पाकिस्तान के लिए हालात अनुकूल बना दिए। जबकि ट्रंप के दावों को बार-बार खारिज कर अमेरिका के साथ भारत के संबंधों में कुछ खटास आ गई। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर संशय में भी इसकी छाप दिखी। यह अच्छी बात है कि पिछले कुछ दिनों से भारत के प्रति राष्ट्रपति ट्रंप का भारत के प्रति दृष्टिकोण नरम हुआ है। व्यापार समझौते को लेकर भी उम्मीद बढ़ी है, जिसे अंतिम रूप देने के लिए भारत को अपने प्रयासों में तेजी लानी होगी। अमेरिका के साथ व्यापार समझौता पाकिस्तान के विरुद्ध भारत को एक रणनीतिक कवच प्रदान करेगा। तब पाकिस्तान के खिलाफ किसी संभावित कार्रवाई के मामले में भारत के समक्ष अमेरिकी दखल की आशंका कमजोर पड़ जाएगी। अन्यथा ट्रंप का रवैया परेशानी खड़ी करता रहेगा। तमाम पहलुओं को देखते हुए दिल्ली आतंकी हमला यही रेखांकित करने वाला रहा कि आतंक के खिलाफ मुहिम में तनिक भी ढील नहीं दी जा सकती।

*ाकिस्तान आतंकवाद को अपनी राज्य-नीति के रूप में इस्तेमाल करता है, लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि आपरेशन सिंदूर के बाद भारत की कार्रवाई से सहमे पाकिस्तान ने अपनी रणनीति कुछ बदली है। यही कारण है कि शुरुआती जांच के दौरान इस हमले के तार बांग्लादेश से लेकर तुर्किये तक जुड़ते दिखे। वहीं गुलाम जम्मू-कश्मीर के पूर्व प्रधानमंत्री की स्वीकारोक्ति भी पाकिस्तान की बदनीयती की पुष्टि करने वाली रही है। हमले के दिन सुरक्षा एजेंसियां इसे लेकर आश्वस्त नहीं थीं कि यह आतंकी हमला है या नहीं, मगर जैसे-जैसे जांच प्रक्रिया आगे बढ़ती गई तो इसे लेकर संदेह के बादल भी छंटते गए। रही-सही कसर आत्मघाती हमलावर डाक्टर उमर के वीडियो ने पूरी कर दी कि इसके पीछे विध्वंसक जिहादी मानसिकता ही थी। दिल्ली में आतंकी हमले के कुछ समय बाद ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भी धमाका हुआ। यह धमाका एक न्यायिक परिसर में हुआ। यह क्षेत्र गणमान्य लोगों की*

**सम्पादकीय**

## अंगदान नियमों में बदलाव से जीवन बचाने की उम्मीद को नया सहारा




अंगदान से किसी को भी नया जीवन दिया जा सकता है, इसलिए इसे महादान कहा जाता है। यह मानवता की सबसे बड़ी सेवा है। मगर भारत में अंगदान और प्रत्यारोपण की प्रक्रिया में चुनौतियां भी कम नहीं हैं। दानदाताओं की कमी और बुनियादी व्यवस्था का अभाव सबसे बड़ा संकट है। समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सरकारी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। दूसरी ओर, अंगदान की वैधता और गैर वैधता को लेकर कानून बनाया गया है, लेकिन यह देश के तमाम राज्यों में न तो समान रूप से लागू हो पाया है और न ही इस पर कड़ाई से अमल हो पा रहा है। यही वजह है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने अंगदान और इसके आबंटन एवं प्रत्यारोपण के लिए एक पारदर्शी और सक्षम प्रणाली बनाने के लिए केंद्र सरकार को राज्यों के परामर्श से एक राष्ट्रीय नीति तथा समान नियम बनाने के निर्देश दिए हैं। शीर्ष अदालत ने अंगदान करने वालों को शोषण और उत्पीड़न से बचाने के वास्ते हर स्तर पर पुख्ता बंदोबस्त करने के लिए भी कहा है। देश में मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994 में मौजूदा समय के हिसाब से संशोधन किए गए हैं। मगर कुछ राज्यों ने इन संशोधनों पर अभी तक अमल नहीं किया है। इनमें आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और मणिपुर जैसे कई राज्य शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि अंगदान और प्रत्यारोपण को लेकर विभिन्न राज्यों के नियमों में समानता नहीं है। इसका खमियाजा न केवल अंगदाताओं, बल्कि प्रत्यारोपण का इंतजार करने वाले मरीजों को भी भुगतना पड़ता है। यही वजह है कि देश में इस संबंध में राष्ट्रीय नीति की जरूरत महसूस की जा रही है। शीर्ष अदालत ने नई नीति में अंग प्रत्यारोपण के लिए आदर्श आबंटन मानदंड निर्धारित करने को कहा है। साथ ही इस बात को भी रेखांकित किया है कि इसमें लिंग और जातिगत पूर्वाग्रह के मुद्दों पर ध्यान दिया जाना चाहिए और राज्यवार विसंगतियों को समाप्त करने के लिए अंगदाताओं के वास्ते एक समान नियम तय किए जाएं। अंगदान में कमी और प्रत्यारोपण से जुड़ी समस्याओं के लिए कई कारक जिम्मेदार हैं। इनमें जागरूकता की कमी, पारिवारिक सहमति का अभाव, नैतिक एवं सांस्कृतिक बाधाएं, विशेष चिकित्सा पेशेवरों की कम उपलब्धता, सीमित बुनियादी व्यवस्थाएं और अंगों की कालाबाजारी शामिल हैं। केंद्र सरकार की एक रपट के मुताबिक, देश में अंग प्रत्यारोपण की संख्या वर्ष 2013 में 4,990 से बढ़कर 2023 में 18,378 हो गई, फिर भी अंगदान की दर प्रति दस लाख जनसंख्या पर एक से भी कम है। इससे साफ है कि लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करने के वास्ते व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। साथ ही अंगों की कालाबाजारी कर मुनाफा कमाने की गतिविधियों पर भी पूरी तरह रोक लगानी होगी। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि जरूरतमंद का वैध तरीके से ही अंग प्रत्यारोपण हो और किसी अंगदाता के साथ धोखाधड़ी या उसका उत्पीड़न न हो। इसके अलावा अंगों को निकालने, संग्रहीत करने और उन्हें समय पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रत्यारोपण के लिए पहुंचाना भी एक बड़ी चुनौती है। देश में अंग प्रत्यारोपण की प्रक्रिया के लिए बहुत कम अस्पताल पंजीकृत हैं।

## पूरी की जाए सस्ते कर्ज की जरूरत




महंगाई में आई गिरावट ने सस्ते कर्ज की नई संभावनाओं को जन्म दिया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय की हालिया रिपोर्ट के अनुसार बीते अक्टूबर में खुदरा महंगाई घटकर पिछले दस वर्षों के न्यूनतम स्तर 0.25 प्रतिशत पर आ गई, जबकि थोक महंगाई भी 27 महीने के निचले स्तर यानी शून्य से 1.21 प्रतिशत नीचे दर्ज की गई। यह गिरावट मुख्यतः सब्जियों, फलों, अंडों, फुटवियर, अनाज एवं उससे बने उत्पादों के साथ बिजली, परिवहन और संचार सेवाओं की कीमतों में कमी के कारण संभव हुई है। सितंबर से लागू जीएसटी दरों में कटौती का भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिससे खाद्य वस्तुओं के दाम सर्वत्र कम हुए हैं। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, अक्टूबर में शाकाहारी थाली 17 प्रतिशत सस्ती होकर 27.8 रुपये की कीमत पर और मांसाहारी थाली 12 प्रतिशत सस्ती होकर 54.4 रुपये की दर पर उपलब्ध रही। अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 में औसत खुदरा महंगाई घटकर 2.5 प्रतिशत पर स्थिर रह सकती है, जो पिछले वर्ष की 4.6 प्रतिशत दर की तुलना में काफी कम है। इससे अगले महीने होने वाली आरबीआइ की मौद्रिक नीति समिति बैठक में नीतिगत ब्याज दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई है, ताकि विकास को नई गति मिल सके। इन दिनों राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों की रिपोर्ट में यह बात रेखांकित की जा रही है कि टैक्स और महंगाई में गिरावट से भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार बढ़ रही है तथा देश की क्रेडिट रेटिंग भी सुधर रही है। इसके बावजूद तीव्र आर्थिक विकास को बनाए रखने के लिए कर्ज सस्ता करने की आवश्यकता बनी हुई है। मूडीज की ग्लोबल मैक्रो आउटलुक रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ऊंचे आयात शुल्क लगाए जाने के बावजूद कम महंगाई और आर्थिक आधारभूत मजबूती के चलते भारत चालू वित्त वर्ष में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ जी-20 देशों में सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। मूडीज ने आरबीआइ की सतर्क मौद्रिक नीति की भी सराहना की है, जिसने वृद्धि और महंगाई के बीच संतुलन बनाए रखा है। रिपोर्ट बताती है कि बीते महीने आरबीआइ ने रेपो दर को स्थिर रखकर यह संकेत दिया कि कम महंगाई और मजबूत विकास की परिस्थिति में वह सावधानीपूर्वक आगे बढ़ रहा है। हालांकि निजी क्षेत्र अभी भी बड़े पैमाने पर निवेश को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं लगता। ऐसे समय में वैश्विक विकास दर में सुस्ती और अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी के बीच उद्योग-व्यापार के लिए सरल वित्त व्यवस्था की आवश्यकता और अधिक उभरकर सामने आई है। नेशनल इंस्टीट्यूट आफ पब्लिक फाइनेंस एंड पालिसी की मध्य-वर्षीय समीक्षा रिपोर्ट में कहा गया है कि जीएसटी दरों में कटौती और महंगाई में कमी से भारतीय अर्थव्यवस्था को स्पष्ट लाभ हुआ है, किंतु वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं को देखते हुए उद्योग-व्यापार को वित्तीय समर्थन देना आवश्यक है। विश्व बैंक की हालिया रिपोर्ट भी यही कहती है कि वर्ष 2047 तक भारत को 30,000 अरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए वित्तीय क्षेत्र में सुधार और आसान ब्याज दरों पर कर्ज उपलब्ध कराना अनिवार्य है। आरबीआइ इस वर्ष फरवरी, अप्रैल और जून में रेपो दर में कुल एक प्रतिशत की कटौती कर चुका है, जिससे यह अब 5.5 प्रतिशत पर आ गई है। साथ ही नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) भी घटाकर तीन प्रतिशत कर दिया गया है। फिर भी मौजूदा वैश्विक चुनौतियों और भारतीय उद्योग-व्यापार की आवश्यकताओं को देखते हुए ब्याज दरों में और कटौती समय की मांग है। वैसे भी वित्तीय संकेतक लगातार सुधार दिखा रहे हैं और विदेशी संस्थागत निवेशक दोबारा भारतीय बाजारों में निवेश बढ़ा रहे हैं। विश्व के कई केंद्रीय बैंक भी ब्याज दरों में कमी कर रहे हैं। ऐसे माहौल में सस्ते कर्ज से देश में आर्थिक गतिविधियों को तीव्र गति मिल सकती है। ट्रंप टैरिफ और वैश्विक व्यापारिक अनिश्चितताओं के बीच भारत की रणनीतिक तैयारी को देखते हुए आसान कर्ज उद्योग, व्यापार और सेवा क्षेत्रों में नई ऊर्जा भर सकता है। घटी हुई ब्याज दरें न केवल निवेशकों के विश्वास को बढ़ाएंगी, बल्कि नवाचार, उत्पादन और बाजार विस्तार के लिए भी नया आधार तैयार करेंगी। विदेशी निवेश को भी इससे बढ़ावा मिलेगा। साथ ही ग्रामीण और शहरी मांग में तेजी आएगी, जिससे विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। किफायती कर्ज की उपलब्धता से घरेलू बाजारों को गति मिलेगी और बैंकिंग प्रणाली भी अधिक स्थिर होगी। ईएमआइ घटने से उपभोक्ताओं की खर्च योग्य आय बढ़ेगी, जिससे घर और वाहनों की मांग में वृद्धि होगी। रियल एस्टेट क्षेत्र, जो लंबे समय से धीमी बिक्री की चुनौती से जूझ रहा है,

## संवैधानिक सीमाएं, सुप्रीम कोर्ट का फैसला

**उसने राज्यपालों के साथ राष्ट्रपति को भी समय सीमा में बांध दिया था और तमिलनाडु के लंबित विधेयकों को स्वीकृत भी करार दिया था। चूंकि यह सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपनी न्यायिक सीमा का अतिक्रमण करने और संवैधानिक व्यवस्था की अनदेखी करने वाला फैसला था, इसलिए उस पर सवाल उठे और राष्ट्रपति को हस्तक्षेप भी करना पड़ा। उनकी ही ओर से पूछे गए सवालों का जवाब देने के क्रम में संविधान पीठ ने यह पाया कि दो सदस्यीय पीठ का यह कहना असंवैधानिक था कि...**



कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, तीनों को अपनी संवैधानिक सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए। जब ऐसा नहीं होता तभी समस्याएं उभरती हैं। यह सही है कि सुप्रीम कोर्ट को संविधान की व्याख्या करने का अधिकार है, लेकिन इसके नाम पर संविधान की अनदेखी नहीं होनी चाहिए। तमिलनाडु मामले में यह कहा जाना ठीक नहीं था कि यदि राज्यपाल अपना काम समय पर नहीं करते तो हम चुपचाप नहीं बैठ सकते, क्योंकि इस सवाल का कोई जवाब नहीं कि यदि न्यायपालिका समय पर फैसले न ले तो क्या किया जा सकता है? यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने विधेयकों को मंजूरी देने के मामले में राज्यपालों को समय सीमा में बांधने की आवश्यकता नहीं समझी। उसे इस निष्कर्ष पर इसलिए पहुंचना पड़ा, क्योंकि कुछ समय पहले तमिलनाडु के मामले में विचार करने वाली सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ इस फैसले पर पहुंच गई थी कि राज्यपालों को एक तय समय में विधेयकों पर निर्णय लेना होगा। उसने राज्यपालों के साथ राष्ट्रपति को भी समय सीमा में बांध दिया था और तमिलनाडु के लंबित विधेयकों को स्वीकृत भी करार दिया था। चूंकि यह सुप्रीम कोर्ट की ओर से अपनी न्यायिक सीमा का अतिक्रमण करने और संवैधानिक व्यवस्था की अनदेखी करने वाला फैसला था, इसलिए उस पर सवाल उठे और राष्ट्रपति को हस्तक्षेप भी करना पड़ा। उनकी ही ओर से पूछे गए सवालों का जवाब देने के क्रम में संविधान पीठ ने यह पाया कि दो सदस्यीय पीठ का यह कहना असंवैधानिक था कि यदि विधेयकों को तय सीमा में मंजूरी न मिले तो उन्हें स्वतः स्वीकृत माना जाए। निःसंदेह संविधान पीठ के इस फैसले पर भी बहस होगी, लेकिन इसी के साथ इस पर भी ध्यान दिया जाए कि सुप्रीम कोर्ट से ऐसे फैसले आना शुभ संकेत नहीं, जो संविधान की भावना के खिलाफ जाते हों और जिस पर राष्ट्रपति को प्रश्न पूछने पड़ें। चूंकि सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने यह कहा कि राज्यपाल या तो विधेयकों को टिप्पणियों के साथ सदन को वापस भेजें या फिर उसे राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रख लें, इसलिए आसार यही हैं कि आगे भी विधेयक लंबित रहने की शिकायत आ सकती है। विधेयकों के लंबित रहने की अवस्था में सुप्रीम कोर्ट ने सीमित दखल देने की बात अवश्य कही है, पर वह राज्यपालों को फैसला लेने को बाध्य नहीं कर सकता। इसके चलते वैसी समस्या फिर देखने को मिल सकती है, जैसी तमिलनाडु में उभरी। इस समस्या का समाधान निकाला जाना चाहिए, लेकिन खुद विधायिका और कार्यपालिका की ओर से। अच्छा हो कि इस पर राजनीतिक दलों के बीच कोई आम सहमति कायम हो, ताकि विधायिका-कार्यपालिका के वे मामले न्यायपालिका तक न पहुंचें, जिन पर उसे निर्णय लेने का अधिकार नहीं। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका, तीनों को अपनी संवैधानिक सीमाओं का ध्यान रखना चाहिए। जब ऐसा नहीं होता तभी समस्याएं उभरती हैं।

# जिले में शिक्षा व खेल सुविधाओं को संबल: 21 राजकीय विद्यालयों व खेल मैदानों के लिए भूमि आवंटन

जयपुर टाइम्स



**डीडवाना-कुचामन(निस.)।** डीडवाना-कुचामन जिले के आकार के साथ-साथ अब यहां शिक्षा और खेल सुविधाओं के विकास को भी नई गति मिल रही है। जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को जिले के 21 राजकीय विद्यालयों एवं खेल मैदानों के लिए भूमि आवंटन के आदेश जारी किए गए हैं। इस निर्णय से छोटी खाटू, परबतसर, कुचामन और नावां तहसीलों में स्कूल भवन निर्माण एवं खेल मैदानों के विकास के कार्य को मजबूती मिलेगी। इससे ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ-साथ सुनियोजित खेल सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. खड़गावत ने जिले में राजकीय कार्यालयों सहित आधारभूत जनसुविधाओं के विकास के लिए शीघ्र भूमि आवंटन के स्पष्ट निर्देश दिए थे। इन्हीं निर्देशों की पालना में शिक्षा विभाग को विभिन्न ग्रामों में भू-खंड आवंटित किए गए हैं। छोटी खाटू तहसील के ग्राम बांठड़ी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय गुर्जरों की ढाणी, उच्च प्राथमिक विद्यालय कूंकणा की ढाणी तोषिणा, प्राथमिक विद्यालय नई नाड़ी तोषिणा, लेगा की ढाणी, शहीद भंवरलाल की बगीची थेबड़ी, दूधिया नाड़ी लोरोली तथा आजडोली नाड़ी के विद्यालयों के लिए अलग-अलग रकबे की भूमि आवंटित की गई है। इससे यहां लंबे समय से लंबित भवन व खेल मैदान संबंधी मांगों को गति मिलेगी। इसी प्रकार परबतसर तहसील में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय माधुराम की ढाणी चिताई, कागटो की ढाणी बरनेल, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पीलवा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं खेल मैदान बडू, तथा प्राथमिक विद्यालय सुनारिया बेरा पीलवा के लिए भी भूमि स्वीकृत की गई है। कुचामन तहसील में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हनुमानपुरा के खेल मैदान के लिए 1.00 हैक्टेयर भूमि आवंटित की गई है, जबकि करणीपुरा, मानजी की ढाणी और खाचरियों की ढाणी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालयों के भवन निर्माण के लिए भी भू-खंड उपलब्ध कराए गए हैं। नावां तहसील में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाजणा, खारडिया, बाटलिया, भूगासरों की ढाणी तथा रैवासा दलेलपुरा के विद्यालयों के भवन व खेल मैदान के लिए भूमि आवंटन किया गया है, जिससे इन क्षेत्रों में भी शैक्षणिक ढांचे को मजबूती मिलेगी। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में विभिन्न राजकीय विभागों एवं शिक्षा संस्थानों से भूमि आवंटन प्रस्ताव मिलते ही त्वरित रूप से कार्यवाही की जा रही है, ताकि जिले के नवीन स्वरूप के अनुरूप आधारभूत सुविधाओं का विकास समयबद्ध तरीके से हो सके। इससे आमजन को शिक्षा, खेल और प्रशासनिक सुविधाएं नजदीक ही उपलब्ध होंगी और ग्रामीण क्षेत्रों में भी संतुलित विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।

## अंबावत परिवार ने गौ सेवा में पेश की मिसाल, साढ़े चार क्विंटल लापसी से होगा गौमाता का ग्रहण



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस.)।** ग्राम पंचायत कोलीवाडा स्थित श्री राम गौशाला में गौ सेवा की अनूठी मिसाल सामने आई, जहां भामाशाह चंपालाल अंबावत परिवार की ओर से गायों के लिए साढ़े चार क्विंटल लापसी का प्रसाद तैयार किया गया। यह लापसी आज शनिवार को भामाशाह परिवार के हाथों से गौमाता को खिलाई जाएगी। श्री राम गौशाला सेवा समिति कोलीवाडा के पदाधिकारी एवं सदस्य निरन्तर गौ सेवा में जुटे हैं और विभिन्न भामाशाहों को प्रेरित कर गौशाला से जोड़ रहे हैं। इसी क्रम में गौ भक्त एवं दो गौमाताओं के पालनहार चंपालाल अंबावत ने प्रत्येक अमावस्या को गौ सेवा हेतु 18,000 रुपये प्रतिमाह सप्रेम भेंट करने की घोषणा की है। सेवा समिति अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि अंबावत परिवार का यह संकल्प आमजन के लिए प्रेरणा स्रोत है और समाज को गौ सेवा की दिशा में आगे बढ़ने का संदेश देता है। व्यवस्थापक पुखराज कुमावत ने कहा कि गौशाला परिवार भामाशाहों की इस भावना से उत्साहित है और उनके सहयोग से बेहतर व्यवस्थाएं संभव हो रही हैं। इस अवसर पर समिति महामंत्री भंवरलाल माली, व्यवस्थापक पुखराज कुमावत, गोवारिया वीराराम देवासी, नगाराम देवासी, पोचाराम देवासी, मूलाराम देवासी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर पालिका फुलेरा में सुनील कुमार शर्मा ने संभाला अधिशासी अधिकारी का पदभार

### अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे रेनवाल ईओ सूर्यकांत शर्मा ने सौंपा कार्यभार

जयपुर टाईम्स



**फुलेरा(निस.)** नगर पालिका फुलेरा में शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान रेनवाल नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सूर्यकांत शर्मा, जो फुलेरा का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे, ने औपचारिक रूप से उन्हें चार्ज सौंपा,पदभार ग्रहण करने के बाद अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने नगरपालिका कार्यालय के विभिन्न विभागों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ बैठक कर चल रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने नगरपालिका क्षेत्र में जन-सुविधाओं में सुधार, साफ-सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने, तथा लंबित कार्यों के त्वरित निस्तारण को प्राथमिकता बताई। सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि नगर की समस्याओं का समाधान पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से किया जाएगा। साथ ही उन्होंने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि पालिका प्रशासन क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे ईओ सूर्यकांत शर्मा ने नए अधिशासी अधिकारी को शुभकामनाएँ देते हुए उनके कार्यकाल को सफल होने की कामना की।

## स्टेट हाइवे 2 पर बस की टक्कर से बाईक सवार की मौत,

### टक्कर के बाद बाईक को एक किलोमीटर दूर घिसती ले गई बस

जयपुर टाईम्स



मृतक महेंद्र रैगर

**चाकसूः-(निस.)** चाकसू दौसा स्टेट 2 पर मांगीलाल पुलिया के पास शुक्रवार दोपहर 1 बजे के आसपास कोटखावदा से चाकसू की तरह जा रही ग्रामीण बस द्वारा बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया है घटना की सूचना मिलते ही चाकसू पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस द्वारा गंभीर घायल व्यक्ति को उपजिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपजिला अस्पताल के चिकित्सकों ने गंभीर घायल को मृत घोषित कर दिया। चाकसू थानाधिकारी मनोहर लाल मेघवाल ने बताया कि मृतक बाईक सवार महेंद्र पुत्र रेखाराम रैगर, बापूगांव निवासी की मौत हो गई। राहगीरों ने बताया की बस टक्कर मारने के बाद मोटरसाइकिल को घटनास्थल से 1 किलोमीटर दूर तक घिसटती हुई ले गई। वही बस चालक मौके से फरार हो गया है पुलिस ने बस को जप्त कर पुलिस थाने ले गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन आज रणकपुर दौरे पर रहेंगे

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर पाली, (निस.)**उप राष्ट्रपति सी,पी.राधाकृष्णन आज शनिवार को पाली जिले के रणकपुर एक दिवीसय दौरे पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार उप राष्ट्रपति राधाकृष्णन प्रातः 8.20 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होकर प्रातः 09.40 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे तथा इसके पश्चात स्वागत व परिचय उपरांत वे सवेरे 9.40 बजे जोधपुर एयरपोर्ट से हैलीकॉप्टर से प्रस्थान कर सवेरे 10.20 बजे सादड़ी हैलीपेड पहुंचेगे। वे सवेरे 10.30 बजे सादड़ी हैलीपेड से रवाना होकर 10.40 बजे लाल बाग रणकपुर पहुंचेगे। वे अपराहं 12 बजे सादड़ी हैलीपेड से जोधपुर के लिए प्रस्थान कर जाएंगे।

## आर्यिका संघ का भव्य मंगल प्रवेश,सकल दिगम्बर जैन समाज ने की अगवानी

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निस.)।** आर्यिका प्रशममति माताजी और आर्यिका उपशममति माताजी के सानिध्य में विशाल भव्य रथ यात्रा नयागांव से पदयात्रा करते हुए कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजर कर 5 किमी की दूरी तय करके दिगंबर जैन पारसनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र पहुंची जहां तीर्थ क्षेत्र कमेटी और सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा अगवानी की गई। यात्रा में वाहनों पर करीब एक दर्जन सजी हुई झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर सिंगोली चातुर्मास कमेटी द्वारा कस्बे में लड्डू वितरित किए गए । महिलाएं धार्मिक भजनों पर मंगलाचरण करते हुए चल रही थी।तीर्थ क्षेत्र पर बिजौलियां तीर्थ क्षेत्र कमेटी और सकल दिगंबर जैन समाज मेवाड़ प्रांत द्वारा चांदखेड़ी कमेटी अध्यक्ष हुकुमचंद जैन कोटा को समाज रत्न की उपाधि देकर अभिनंदन पत्र दिया गया और विभिन्न संस्थाओं द्वारा उनका सम्मान किया गया। दीप प्रज्वलन और शास्त्र भेंट करने के बाद आर्यिका प्रशममति माताजी ने धार्मिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में सम्यक के साथ धर्म का आचरण होना जरूरी है। भक्ति धर्म प्रभावना का अंग है। भगवान की भक्ति, पूजा, अभिषेक के अलावा मिथ्यत्व को भी छोड़ना जरूरी है तभी आगे बढ़ा जा सकता है।

## विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन का शांतिपूर्ण धरना, पुलिस आयुक्त से वार्ता के बाद स्थगित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।।** विश्वकर्मा ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की ओर से रोड नंबर 14 पुलिया, सीकर रोड पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ शांतिपूर्ण धरना एवं प्रदर्शन किया गया। एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों ट्रांसपोर्टर एवं ट्रक ड्राइवर बड़ी संख्या में जुटे और पुलिस द्वारा ट्रकों के मनमाने चालान काटने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान ट्रांसपोर्टरों ने 'ट्रांसपोर्टर एकता जिंदाबाद' के नारों के साथ अपनी एकजुटता और शक्ति का प्रदर्शन किया। धरना स्थल से प्रतिनिधिमंडल की पुलिस मुख्यालय में पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश से मुलाकात करवाई गई। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगदीश चौधरी, महासचिव राहुल जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पंकज गोयल और कोषाध्यक्ष कैलाश शर्मा ने पुलिस आयुक्त को ट्रांसपोर्ट सेक्टर से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। पदाधिकारियों ने बताया कि नेशनल हाईवे पर पुलिस विभाग द्वारा नई लेन प्रणाली लागू की गई है, लेकिन इसमें कई व्यावहारिक कमियां बनी हुई हैं। हाईवे पर लेन सिस्टम दर्शाने वाली सफेद पट्टियाँ स्पष्ट रूप से नहीं बनी हैं, वहीं 200 फुट हाईवे पर जगह-जगह अवैध कट होने से आए दिन दुर्घटनाएँ हो रही हैं। ट्रक तीसरी लेन में चलते हैं, लेकिन उसी लेन में मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और ट्रैक्टर आदि चलने से ट्रकों को भारी परेशानी और दुर्घटना का जोखिम बढ़ जाता है। ट्रांसपोर्टरों ने आरोप लगाया कि जैसे ही ट्रक सुरक्षित दूरी व ओवरटेकिंग के लिए दूसरी लेन में आते हैं, पुलिस चालान कर देती है, जिसका सभी ने विरोध किया। पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि ट्रकों के दूसरे और तीसरी लेन में चलने पर चालान नहीं किया जाएगा। जहां सर्विस रोड मौजूद है, वहां हाईवे पर मोटरसाइकिल, ई-रिक्शा और अवैध ट्रैक्टरों की आवाजाही रोकने के निर्देश दिए जाएंगे। साथ ही, जल्द ही संबंधित विभाग से समन्वय कर सभी हाईवे पर सफेद पट्टी व्यवस्थित रूप से बनवाई जाएगी। सार्थक वार्ता और आश्वासन के बाद ट्रांसपोर्टर साथियों ने अपना धरना एवं प्रदर्शन फिलहाल स्थगित कर दिया।

## सोशल मीडिया पर अपराधियों का महिमामंडन करने वालों पर कुचामन पुलिस की सख्त कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निस.)।** डीडवाना-कुचामन पुलिस ने सोशल मीडिया पर अपराधियों को फॉलो करने, उनके कृत्यों का महिमामंडन करने और गैंगों के नाम से अकाउंट चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान शुरू कर कड़ी कार्रवाई की है। इसी क्रम में कुचामन सिटी थाना पुलिस ने दो व्यक्तियों रविन्द्र सिंह व गणपत राम को डिटेन कर धारा 170 बी.एन.एस.एस. के तहत गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर (आईपीएस) के निर्देशन में चल रहे इस अभियान की मॉनिटरिंग अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेमीचन्द खारिया, वृताधिकारी कुचामन सिटी मुकेश चौधरी के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सतपाल सिंह के नेतृत्व में की जा रही है। पुलिस के अनुसार हाल के दिनों में सोशल मीडिया के माध्यम से गैंगस्टरों की छवि को आकर्षक बनाकर युवाओं को गुमराह करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। कुछ युवक अपराधियों के अकाउंट्स को फॉलो कर उनकी फोटो व वीडियो शेयर करते हैं, गैंग के नाम से अलग से सोशल मीडिया अकाउंट बनाकर उस पर आपराधिक गतिविधियों से जुड़ा सामग्री अपलोड करते हैं, जिससे अपराधियों का भय और प्रभाव दोनों बढ़ता है। कुचामन पुलिस ने खुफिया सूचना और सोशल मीडिया मॉनिटरिंग के जरिए ऐसे व्यक्तियों की पहचान कर दोनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारशुदा आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और यदि अपराधियों से किसी प्रकार का सीधा संपर्क या गठजोड़ पाया जाता है तो उनके खिलाफ विधि अनुसार और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने साफ संदेश दिया है कि अपराध और अपराधियों का समर्थन, चाहे वह सोशल मीडिया पर ही क्यों न हो, किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## मंदिरों में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, चांदी के छत्र व मुकुट बरामद

जयपुर टाइम्स




**कुचामन सिटी(निस.)।** डीडवाना-कुचामन पुलिस ने मंदिरों में चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए तीन मुलजिमों सोयब, प्रदीप और दिनेश को गिरफ्तार कर चांदी के छत्र और मुकुट बरामद किए हैं। पकड़े गए प्रदीप व दिनेश दिन में मंदिरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात अंजाम देते थे, जबकि सोयब चोरी का माल खरीदने वाला कारीगर है। पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर (आई.पी.एस.), जिला डीडवाना-कुचामन के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुचामन सिटी नेमीचंद खारिया (आरपीएस), वृताधिकारी कुचामन सिटी मुकेश चौधरी (आरपीएस) के सुपरविजन तथा थानाधिकारी सतपाल सिंह, पुलिस निरीक्षक, थाना कुचामन सिटी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर इन वारदातों पर कार्रवाई की गई। 06.09.2025 को परिवादी पदम कुमार शर्मा ने ग्राम जिलिया स्थित मालियों के मंदिर और वीर हनुमान मंदिर से छत्र व मुकुट चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद 14.11.2025 को परिवादी सोहन लाल स्वामी ने ग्राम भांवता के स्वामियों के बास स्थित श्री वीर हनुमान बालाजी मंदिर से दिन में छत्र चोरी हो जाने की रिपोर्ट दी। इसी दिन पुजारी अनिल कुमार शर्मा ने दल्ला बालाजी मंदिर, कुचामन से 09.11.2025 को दोपहर 03.55 बजे तीन नग चांदी के छत्र चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करवाई। इन प्रकरणों में केस नंबर 337, 403 व 405 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए बनाई गई विशेष टीम ने आसूचना और तकनीकी संसाधनों की मदद से संदिग्धों की पहचान कर सोयब और प्रदीप को डिटेन कर पूछताछ की। दोनों ने जिलिया, भांवता व दल्ला बालाजी मंदिरों से छत्र व मुकुट चुराने की वारदातें कबूल कीं। पूछताछ में सामने आया कि चोरी का सामान सोयब कारीगर को बेच दिया जाता था। सोयब से भी सख्ती से पूछताछ पर उसने मंदिरों से चुराए चांदी के छत्र व मुकुट खरीदना स्वीकार किया, जिनकी बरामदगी पुलिस ने कर ली है। पुलिस ने कहा कि आरोपियों से आगे भी गहनता से पूछताछ जारी है।

## बीएलओ से अभद्रता करने वाले जावेद पर एफआईआर दर्ज

जयपुर टाइम्स

**डीडवाना-कुचामन,(निस.)** जिले की मकराना विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या 218 में एसआईआर फॉर्म जमा करने गए बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) श्रवणराम के साथ मंगलवार को अभद्रता करने वालों पर एफआईआर दर्ज की गई है। साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ महेंद्र खड़गावत ने बीएलओ के साथ दुर्व्यवहार करने वालों पर सख्त कारवाई करने के निर्देश पुलिस को दिये है। उपजिला निर्वाचन अधिकारी मोहन लाल खटनावलिया ने बताया कि बीएलओ श्रवणराम पुत्र नाथूराम निवासी स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, गुणावती ने इस संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को लिखित शिकायत दी। शिकायत में बताया कि एसआईआर कार्यक्रम के तहत घर-घर जाकर फॉर्म भरवा रहे थे। जब वह गौड़ा बास मस्जिद के पास वाली गली अब्दुल कयूम चौहान के घर जा रहे थे, तभी इलाके के खुर्शीद अहमद और एक अन्य ने उन्हें अपने घर बुलाया। बीएलओ ने कहा कि वह अकेले हैं, इसलिए एक साथ दोनों घर नहीं जा सकते। इसी बात पर पास में खड़े जावेद पुत्र बशीर अहमद ने उनके सहायक बीएलए आदिल चौहान के साथ मारपीट शुरू कर दी। जावेद ने बीएलओ को भी धक्का दिया व गाली गलौज की। उसने बताया कि आरोपी जावेद उस भाग संख्या 218 का मतदाता नहीं है। शिकायत मिलते ही उपखंड अधिकारी एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट अंशुल सिंह बेनीवाल ने मामले को गंभीरता से लिया और तुरंत बीएलओ की मूल शिकायत मकराना थाना भेजकर उचित कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उपखंड मजिस्ट्रेट बेनीवाल ने कहा बीएलओ सरकारी ड्यूटी पर थे। उनके साथ सुरक्षा से खिलवाड़ और राजकार्य में बाधा डालना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## लायन्स क्लब कुचामन सिटी ने किया गंगाजल वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**कुचामन सिटी(निस.)** संस्कार सप्ताह के तीसरे दिन लायन्स क्लब कुचामन सिटी द्वारा गंगाजल वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने सेवा भावना के साथ सहभागिता की और जरूरतमंदों को गंगाजल वितरित किया। इस अवसर पर लायन्स क्लब अध्यक्ष बाबूलाल मान्धनियाँ, पूर्व प्रांतपाल श्यामसुंदर मंत्री, कोषाध्यक्ष मनीष बंसल, मनोज अग्रवाल, विकास कुमावत सहित अनेक लायन साथियों ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## DYFI का नगर परिषद में प्रदर्शन: मेड़तनी बावड़ी के बंद शौचालय को चालू करवाने व खराब स्ट्रीट लाइटें ठीक करने की मांग

**झुंझुनूं** DYFI का नगर परिषद में प्रदर्शन झुंझुनूं शहर के वार्ड नंबर 58 में मेड़तनी बावड़ी के पास लंबे समय से बंद पड़े सार्वजनिक शौचालय को चालू करवाने और शहर में स्ट्रीट लाइटों की बदहाल व्यवस्था को सुधारने की मांग की। इस मामले को लेकर सोमवार को डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। संगठन से जुड़े युवाओं ने कहा कि शहर में मूलभूत सुविधाओं की अनदेखी आमजन को हर दिन परेशान कर रही है, लेकिन नगर परिषद लगातार शिकायतों के बावजूद ठोस कदम नहीं उठा रही है। इसी उपेक्षा के खिलाफ DYFI कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। DYFI के जिलाध्यक्ष योगेश कटारिया के नेतृत्व में कार्यकर्ता सुबह ही मेड़तनी बावड़ी क्षेत्र में एकत्र हुए और वहां से पैदल मार्च निकालते हुए नगर परिषद कार्यालय पहुंचे। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बावड़ी के पास स्थित सार्वजनिक शौचालय कई महीनों से बंद है। यह शौचालय वार्ड के सैकड़ों लोगों और आस-पास के बाजार में आने-जाने वालों के लिए बड़ी सुविधा था, लेकिन इसके बंद होने से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूल-कॉलेज के छात्रों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने कई बार मौखिक और लिखित शिकायतें कीं, मगर कार्रवाई नहीं हुई। संगठन के कार्यकर्ताओं ने बताया कि शौचालय के निर्माण पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे, लेकिन इसका रखरखाव न होने के कारण यह बंद कर दिया गया। अब शौचालय के बाहर गंदगी जमा रहती है, और शाम के समय अंधेरा होने पर असामाजिक तत्व भी यहां सक्रिय हो जाते हैं। प्रदर्शनकारियों ने इस स्थिति को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि सार्वजनिक सुविधाओं को बंद रखना आमजन के अधिकारों का हनन है और नगर परिषद को ऐसे मामलों में प्राथमिकता से कदम उठाने चाहिए। नगर परिषद पहुंचकर DYFI कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मेड़तनी बावड़ी के पास बंद पड़े शौचालय को तुरंत दुरुस्त कर शुरू किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इसके साथ ही उन्होंने शहर में स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था सुधारने का मुद्दा भी उठाया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि कई वार्डों में नई स्ट्रीट लाइटों की जरूरत है, जहां अंधेरा होने पर लोगों को असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। कई जगहों पर स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह बंद पड़ी हैं, तो कहीं बार-बार खराब हो रही हैं। इन क्षेत्रों में रात के समय राहगीरों को दिक्कतों के साथ-साथ हादसों और अपराधों का भी खतरा बढ़ जाता है। के योगेश कटारिया ने कहा कि नगर परिषद को शहर में सर्वे करवाकर देखना चाहिए कि कहां नई स्ट्रीट लाइट की आवश्यकता है, और उन्हें तत्काल लगाया जाना चाहिए। वहीं जहां खराब लाइटें हैं, उन्हें तकनीकी टीम भेजकर तुरंत ठीक करवाया जाए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद का दायित्व है कि वह बुनियादी सुविधाओं को हर हाल में सक्रिय और दुरुस्त रखे, लेकिन मौजूदा स्थिति से लगता है कि शहर की समस्याओं को लेकर विभाग गंभीर नहीं है। कटारिया ने चेतावनी दी कि यदि शौचालय चालू नहीं किया गया और स्ट्रीट लाइटों की समस्या नहीं सुधारी गई।

# धौलपुर में इंडोर हॉल निर्माण ने पकड़ी रफ्तार, खिलाड़ियों का सपना होगा साकार

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** जिले के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों के लिए खुशखबरी है। खिलाड़ियों की लंबे समय से चली आ रही मांग अब साकार होती दिख रही है। सरकार द्वारा स्वीकृत इंडोर हॉल के निर्माण कार्य की शुरुआत हो गई है और कार्य तेज गति से जारी है। अनुमान है कि आगामी फरवरी माह तक धौलपुर के खिलाड़ी इंडोर गेम्स की आधुनिक सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। इंदिरा गांधी स्टेडियम की बड़ी फील्ड में यह अत्याधुनिक इंडोर हॉल बनाया जा रहा है। गत वर्ष राज्य सरकार द्वारा इस परियोजना के लिए 5 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। योजना के तहत 27м45 मीटर का बहुउद्देश्यीय हॉल तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए दो चेंजिंग रूम, संलग्न शौचालय, एक



रिसेप्शन कार्यालय तथा दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पृथक विशेष शौचालय का निर्माण भी किया जा रहा है। लगभग 12м15 आकार के कमरे पूर्ण रूप से तैयार हो चुके हैं। खेल अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि निर्माण का लगभग 30 से 40 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इंडोर हॉल की छत ट्रसलेस रूफ तकनीक से तैयार की जाएगी, जो अधिक भार सहन करने के साथ भीतर के तापमान को संतुलित रखने में सहायक होगी। हॉल का फर्श सिंथेटिक सामग्री से बनाया जाएगा, जिससे खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर जैसा खेल अनुभव मिल सके। हॉल की चारदीवारी सीमेंटेड ईंटों से सुदृढ़ बनाई जा रही है। विशेष रूप से, इंडोर गेम्स में भारत के लिए पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की आकर्षक पेंटिंग हॉल के भीतर लगाई जाएंगी, ताकि युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिल सके। इस परियोजना को लेकर धौलपुर के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

## बाल वाहिनियों का निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस.),** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में संचालित बाल-वाहिनियों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। प्राधिकरण सचिव डॉ0 महेन्द्र सिंह सोलंकी ने बताया कि माननीय रालसा के निर्देशों की पालना में जिला परिवहन अधिकारी मोनू सिंह मीणा के साथजिला मुख्यालय पर निजी विद्यालयों द्वारा संचालित बाल वाहिनियों का औचक निरीक्षण कर जांच की गई। उन्होंने बताया कि बाल वाहिनियों में क्षमता से अधिक बच्चों को ले जाना न केवल कानूनी रूप से गलत है, बल्कि बच्चों की जान के लिए भी गंभीर खतरा है। डॉ. सोलंकी ने बताया कि बाल वाहिनियों की आकस्मिक जांच में निर्धारित बिन्दुओं वाहन का रंग, वाहन का स्कुल ड्यूटी लिखा होना, वाहन पर वाहन चालक एवं विधालय का विवरण, फर्स्ट एड बॉक्स, अग्निशमन यंत्र, जीपीएस सिस्टम, आपातकालीन निकास, विशेष बच्चों के लिये सुविधा, वाहन चालक एवं सहायक के वैध लाईसेंस व पहचान दस्तावेज, वाहन चालक का भारी वाहन चलाने का अनुभव, पूर्व में गंभीर चालान अथवा दुर्घटना रिकॉर्ड पर ड्राईवर को अयोग्य माना जाना, निर्धारित क्षमता से अधिक बच्चों को बाल वाहिनियों में बिठाना, बाल वाहिनियों की गति निर्धारित सीमा में हो, वाहन चालक व सहायक समय - समय पर मेडिकल परीक्षण, बाल वाहिनी में चढ़ने उतरने का सुरक्षित स्थान, बाल वाहिनियों की समग्र फिटनेश आदि के सम्बन्ध में जांच की गई। प्राधिकरण सचिव ने बताया कि जांच के दौरान जानकारी भी दी गई कि निर्धारित मानक अनुसार बाल वाहिनयों का संचालन नहीं किया जाना एवं क्षमता से अधिक बच्चों को वाहन में बैठाना दुर्घटना की स्थिति में जनहानि का कारण बन सकता है। प्राधिकरण सचिव ने वाहन चालकों, विधालयों प्रबन्धकों एवं अभिभावकों से अपील की कि प्रत्येक बच्चा उनके परिवार के लिए महत्वपूर्ण है इसलिए उसकी जान जोखिम में न डाले। बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देना हम सबका सामूहिक दायित्व होना चाहिए। यदि किसी को बाल वाहिनियों में ओवलोडिंग अथवा सुरक्षा नियमों में किसी प्रकारकी कमी के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त होती है तो इस सम्बन्ध में सूचना तत्काल सम्बन्धित विभाग अथवा प्राधिकरण को देकर आवश्यक कार्यवाही करवाई जा सकती है। न्यायाधीश ने बताया कि यह अभियान का पहला दिवस है। इस दौरान बाल वाहिनियों में पाई गई कमियों के बाबत परिवहन विभाग द्वारा चालान भी बनाए गए तथा वाहन चालकों/स्कूल संचालकों को पाई गई कमियों को 10 दिवस में दुरूस्त करवाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान परिवहन विभाग द्वारा 2 बाल वाहिनियों का चालान भी किया गया। इस दौरान परिवहन निरीक्षक रोहिताश आदि उपस्थित रहे।

## सीवरेज परियोजना की नुक्कड़ सभा में दी जा रही जानकारी



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस.)।** आरयूआडीपी की ओर से चल रही सीवरेज परियोजना की अधिक से अधिक जानकारी देने के लिए शहर के प्रत्येक वार्ड यहां मोहल्ले में छोटी-छोटी नुक्कड़ सभा का आयोजन किया जा रहा है द्य इसी क्रम में वार्ड नं. 10 के मेघालय मोहल्ला एवं व 38 के चौबदार गली में नुक्कड़ सभा आयोजित कर आरयूआडीपी के जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह रोठौड़ व काजल सांखला ने परियोजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया की आपके मोहल्ले में सीवरेज लाईन डलने का कार्य पुर्ण हो गया आब अगले चरण में घरेलू सीवरेज कनेक्शन का कार्य होगा ये कनेक्शन आरयूआडीपी की ओर से नि शुल्क किया जा रहा हैद्य परियोजना को सफल बनाने के लिए कोई भी घर सीवरेज कनेक्शन सें वचिंत न रहे ।कार्य में गुणवत्ता के लिए समुदाय की भागीदारी पर प्रकाश डाला गया ।घरेलू सीवरेजकार्य कनेक्शन में स्नानघर, रसोई व शौचालय जोडा़ जायेगा द्य सभा के दौरान घरेलू सीवरेज सम्बंधित प्रशनो का उत्तर दिया गया । ओर बताया गया की क़ोई भी सरकारी योजनाओं जन समुदाय को पुरा -पूरा लाभ लेना चाहिए । आज दी गई जानकारी को समुदाय ने अच्छी बताई । आशा है दी गई जानकारी से समुदाय के लोग लाभ उठायेंगे सभा में मेघालय मोहल्ले से सुनिल मेघवाल, दिपाराम , ताराचंद तथा चोबदार गली से हाजी सलाउद्दीन, सदर रमजान खां, सोयब सहित काफी संख्या में महिला पुरुषों ने भाग लिया ।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान 2026, उत्कृष्ट कार्य करने पर बीएलओ को किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 में गणना प्रपत्रों के वितरण के पश्चात घर घर से संकलित कर डिजिराइज करने का कार्य प्रगति पर है । चुनाव आयोग के इस विशेष अभियान में विधानसभा क्षेत्र मंडावा के भाग संख्या 199 चकबास के बीएलओ शिक्षक महिपाल , भाग संख्या 105 के बीएलओ सहायक प्रशासनिक अधिकारी मंड्रेला के राकेश मीणा को जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने उनके द्वारा शत प्रतिशत कार्य सम्पन्न करने पर प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। निर्वाचन अधिकारी उपखंड अधिकारी मलसीसर सुमन देवी ने बताया कि एस आई आर अभियान में कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि मंडावा विधानसभा क्षेत्र में 2,51,401 गणना प्रपत्रों का वितरण किया जा चुका है। इस अभियान में 1,26,520 गणना प्रपत्रों का 50 प्रतिशत से अधिक डिजिराइज कार्य किए जा चुका है। शेष कार्य को पूरा करने के लिए टीम जुटी हुई है।

## वीर डिफेंस अकैडमी के 25 युवा भारतीय सेना में चयनित, संस्था में खुशी की लहर

जयपुर टाइम्स

**(निस.)** वीर डिफेंस अकैडमी में भारतीय सेना की हाल ही में घोषित भर्ती परीक्षा के परिणामों ने खुशी का माहौल बना दिया। अकैडमी के संस्था प्रधान नागर बेनीवाल, नरेन्द्र धायल व राकेश मील ने बताया कि जारी हुए परिणाम में वीर डिफेंस के 25 जवानों का अन्तिम रूप से भारतीय सेना में चयन हुआ है। संस्था प्रधानों ने बताया कि यह सफलता केवल अभ्यर्थियों की मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ व समर्पित टीमवर्क का नतीजा है। अकैडमी में अभ्यर्थियों की तैयारी को व्यवस्थित और अनुशासित रूप देने के लिए अनुभवी टीम लगातार मार्गदर्शन करती रही। इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों की सफलता के पीछे काम करने वाली टीम में मुख्य रूप से आर्मी मैन शंकर लाल बेनीवाल, कोच प्रहलाद गुर्जर, छात्रावास इंचार्ज बलराम यादव, विषय विशेषज्ञ महेन्द्र कुमावत, दयानन्द यादव, शिवराज महला, अशोक यादव, हेमराज निठारवाल, अभय सिंह, टेक बहादुर, अभिषेक सामोता आदि के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। संस्था प्रधानों ने बताया कि अकैडमी में शारीरिक प्रशिक्षण, लिखित परीक्षा की तैयारी, अनुशासन, समय प्रबंधन और मानसिक दृढ़ता पर विशेष फोकस किया जाता है, जिससे अभ्यर्थी प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार मिल रही सफलताएं संस्था की विश्वसनीयता और तैयारी के स्तर को साबित करती हैं। इस मौके पर चयनित



युवाओं का फूल मालाओं से स्वागत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। संस्थान ने भविष्य में भी और अधिक संख्या में युवाओं को भारतीय सेना व अन्य सुरक्षा बलों में चयनित कराने का संकल्प दोहराया। संस्था प्रशासन ने अभ्यर्थियों के अभिभावकों का भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिन्होंने अपने बच्चों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया।

## शहर में गूँजेगा पोलियो जागरूकता संदेश, रविवार से शुरू होगा उप राष्ट्रीय अभियान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से शुक्रवार को केंद्रीय औषधि भंडार परिसर से शहर में पोलियो जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष जागरूकता वाहनों को रवाना किया गया। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चेतराम मीणा तथा जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिव कुमार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर इन जागरूकता वाहनों को रवाना किया। ये वाहन दो बूँद हर बार, पोलियो पर जीत रहे बरकरार के ऑडियो जिंगल के माध्यम से 23 नवम्बर तक लगातार शहर के विभिन्न क्षेत्रों में घूम कर आमजन को पोलियो के प्रति जागरूक करेंगे तथा आगामी अभियान की जानकारी देंगे। आरसीएचओ डॉ. शर्मा ने बताया कि 23 नवम्बर को उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया जाएगा, जिसके तहत 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में अभियान की सफलता को ध्यान में रखते हुए कुल 1071 टीम बनाई गई है, 1031 बूथ स्थापित किए गए हैं, तथा 22 ट्रांजिट बूथ और 17 मोबाइल बूथ भी बनाए गए हैं, ताकि कोई भी बच्चा दवा पीने से वंचित न रह जाए। अभियान के सुचारू संचालन हेतु 160 फील्ड सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं, जो सभी बूथों पर गतिविधियों की नियमित निगरानी करेंगे। अभियान के पहले दिन 23 नवम्बर को सभी स्थायी बूथों पर पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, जबकि अगले दो दिनों तक टीमों द्वारा घर-घर जाकर उन बच्चों को दवा पिलाई जाएगी जो किसी कारणवश बूथों पर नहीं पहुंच सके। अभियान की प्रभावी निगरानी के लिए जिला एवं ब्लॉक स्तर पर पृथक मॉनिटरिंग टीमें भी गठित कर दी गई हैं, जो पूरे अभियान की प्रगति पर नजर रखेंगी।

## विद्युत विभाग ने बढ़ाया स्मार्ट मीटर व सौर ऊर्जा पर जोर, उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/सैंपऊ(निस.)।** क्षेत्र में विद्युत विभाग ने उपभोक्ताओं को बेहतर, पारदर्शी और परेशानी रहित सेवा प्रदान करने के लिए स्मार्ट मीटर योजना को तेजी से आगे बढ़ाया है। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता (ए.ई.एन.) पुष्पेन्द्र चौधरी ने सैंपऊ क्षेत्र के उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर तथा सौर ऊर्जा को अपनाने की अपील की है। ए.ई.एन. चौधरी ने बताया कि सैंपऊ क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य प्रारम्भ हो चुका है और कई उपभोक्ताओं के घरों पर सफलतापूर्वक स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। जिन उपभोक्ताओं के यहां मीटर लगाए गए हैं, वे नई व्यवस्था से संतुष्ट दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से मीटर रीडर के बार-बार आने की समस्या तथा गलत रीडिंग की शिकायतों में कमी आएगी, जिससे उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी। विशेष कार्रवाई के अंतर्गत विभाग द्वारा उमरारा गांव में दो-दो मीटर लगे होने वाले उपभोक्ताओं के अतिरिक्त मीटर जब्त कर आवश्यक जांच प्रतिवेदन (वी.सी.आर.) भरा गया तथा उन्हें नया स्मार्ट मीटर लगवाने के निर्देश दिए गए।




ए.ई.एन. चौधरी ने सभी उपभोक्ताओं से प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने और उसके साथ स्मार्ट मीटर अनिवार्य रूप से लगवाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब सौर ऊर्जा संयंत्र और स्मार्ट मीटर दोनों लगे होंगे तो मीटर रीडिंग लेने की आवश्यकता नहीं रहेगी, बिल स्वचालित रूप से तैयार होगा तथा इनवर्टर से होने वाला लाभ भी सीधे उपभोक्ता को मिलेगा। विद्युत विभाग को उम्मीद है कि स्मार्ट मीटर और सौर ऊर्जा को बढ़ावा मिलने से विद्युत चोरी पर अंकुश लगेगा तथा बिलिंग और रीडिंग संबंधी शिकायतों में प्रभावी कमी आएगी।

## आम मतदाताओं में एसआईआर के प्रति जागरूकता बढ़ाएँ - संभागीय आयुक्त ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का किया औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में संचालित मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2026 के तहत संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी ने शुक्रवार को धौलपुर में विभिन्न मतदान क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने करीमपुर, औड़ेला रोड स्थित भाग संख्या 154, 155, 156 एवं 157 तथा ऋषि गालव उच्च माध्यमिक विद्यालय धौलपुर में चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। स्थल निरीक्षण के दौरान डॉ. सोनी ने संबंधित अधिकारियों को मैपिंग कार्य में गति लाने तथा आम मतदाताओं में एसआईआर के प्रति अधिक जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुपरवाइजर नियमित रूप से फील्ड में रहकर अपने अधीन बीएलओ के कार्यों की निगरानी करें, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो। संभागीय आयुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी मतदाता का नाम मतदाता सूची में दो स्थानों पर दर्ज नहीं रह सकता। आयोग के प्रावधानों के अनुसार यदि किसी मतदाता का नाम दो जगह पाया जाता है, तो उसे केवल एक ही स्थान पर रखा जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आम मतदाताओं से संवाद कर एसआईआर प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली और कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित क्षेत्र के बीएलओ से संपर्क कर समाधान कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य त्रुटिरहित और शुद्ध मतदाता सूची तैयार करना है। इसके लिए सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्वयं फील्ड में रहकर घर-घर संपर्क करें तथा गणना प्रपत्र वितरण और उसकी ऐप पर ऑनलाइन अपडेटिंग समयबद्ध पूर्ण करें। उन्होंने यह भी बताया कि आयोग द्वारा गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, जिसकी जानकारी बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं को दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी कर्मवीर सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कार्यशाला में बताए तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभाव

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस.)** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के तत्वावधान में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत राजकीय नर्सिंग महाविद्यालय पर आयोजित एक व्यापक जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में छात्र-छात्राओं को तंबाकू उत्पादों के हानिकारक प्रभावों के बारे में जनजागरूकता किया गया। कार्यशाला के दौरान तंबाकू सेवन से शरीर पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि तंबाकू का नियमित सेवन कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों के क्षय, गर्भस्थ शिशु के विकास में बाधा तथा कई अन्य घातक बीमारियों का प्रमुख कारण है। महिलाओं में तंबाकू के प्रयोग से गर्भपात, समयपूर्व प्रसव और नवजात शिशुओं के कम वजन जैसी जोखिमपूर्ण स्थितियाँ बढ़ जाती हैं।इस दौरान उन्होंने कोटपा अधिनियम की विभिन्न महत्वपूर्ण धाराओं की जानकारी दी साथ ही कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना, 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को तंबाकू उत्पाद बेचना, स्कूलों और शैक्षणिक संस्थानों से 100 मीटर की दूरी तक तंबाकू बिक्री इस अधिनियम के तहत प्रतिबंध हैं। कार्यशाला में सभी छात्र छात्राओं को तंबाकू उत्पादों का कभी उपयोग न करने तथा अपने-अपने क्षेत्रों में आमजन को तंबाकू के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। कार्यशाला के दौरान अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गौरव मीणा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक प्रियंका त्रिपाठी, डीपीओ रविन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य नीलम सहित अन्य मौजूद रहे।

## धौलपुर अधिवक्ता संघ द्वारा वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह का भव्य आयोजन

### संघ अध्यक्ष प्रशांत हुंडावाल बोले - अधिवक्ताओं के हित सर्वोपरि

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस.)।** धौलपुर अभिभाषक संघ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सम्मान समारोह-2025 का भव्य आयोजन बुधवार, 19 नवंबर को सिंघारा पैलेस, सैंपऊ रोड स्थित सभागार में किया गया। कार्यक्रम में बार धौलपुर सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहे। समारोह के मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार अग्रवाल रहे। उन्होंने संबोधन में कहा कि बार और बेंच के बीच बेहतर सामंजस्य न्याय व्यवस्था की मजबूती का आधार है, इसलिए दोनों के बीच संवाद और सहयोग की परंपरा निरंतर बनी रहनी चाहिए। कार्यक्रम में अन्य न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में धौलपुर अभिभाषक संघ के वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। अभिभाषक संघ के अध्यक्ष प्रशांत हुंडावाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि संघ के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। अधिवक्ताओं की समस्याओं के



त्वरित निराकरण तथा आवश्यक सुविधाओं के लिए आवाज बुलंद कर ठोस कार्य किए गए। उन्होंने बार के सभी अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान फैमिली कोर्ट के न्यायाधीश सुशील कुमार पाराशर का स्थानांतरण होने पर भावपूर्ण विदाई समारोह रखा गया। अपने उद्बोधन में पाराशर ने धौलपुर कार्यकाल को परिवार जैसा आत्मीय अनुभव बताते हुए अधिवक्ताओं के सहयोग की सराहना की और सभी के प्रति आभार जताया। समारोह में स्थायी लोक अदालत के न्यायाधीश सुरेश भट्ट, पोस्को न्यायाधीश राजकुमार, एमएसीटी न्यायाधीश प्रीति नायक, विशिष्ट न्यायाधीश एससी/एसटी नम्रता पारीक, सीजेएम ज्योति सिंह मीणा सहित अनेक न्यायिक अधिकारी, बार पदाधिकारी एवं अधिवक्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव ने किया।

# धौलपुर में एरिया डॉमिनेशन अभियान: 339 ठिकानों पर दबिश, 167 लोगों पर कार्रवाई

जयपुर टाइम्स


**धौलपुर(निसं.)।** जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए धौलपुर पुलिस ने एरिया डॉमिनेशन के तहत विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की 54 टीमों ने अलग-अलग 339 स्थानों पर औचक दबिश देकर अवैध शराब, अवैध खनन, अवैध हथियारों के कारोबारियों और वांछित अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए कुल 167 व्यक्तियों को गिरफ्तार/इंसदादी कार्रवाई के दायरे में लिया है। पुलिस मुख्यालय एवं महानिरीक्षक पुलिस, भरतपुर रेंज कैलाश चंद्र विश्नोई (आईपीएस) के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के नेतृत्व में शुक्रवार अलसुबह से दोपहर तक चलाए गए इस अभियान में जिले



भर से करीब 198 पुलिस अधिकारी एवं जवान शामिल रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ प्रकोष्ठ हवा सिंह और एडीएफ बाड़ी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमल कुमार जांगिड के सुपरविजन में सभी थानों पर विशेष टीमें गठित कर दबिशें दी गईं। अभियान में 04 सामान्य प्रकरणों में वांछित, 04 जघन्य प्रकरणों में वांछित, 32 गिरफ्तारी/स्थाई वारंटियों, अन्य अधिनियमों में 19 व्यक्तियों तथा 170 बीएनएस के तहत 108 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इसमें 27 गिरफ्तारी वारंटी और 05 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए, जिससे लंबे समय से फरार चल रहे अपराधियों पर भी शिकंजा कसा गया। अवैध हथियारों और मादक पदार्थों के अभ्यस्त अपराधियों के ठिकानों पर दबिश देकर आर्म्स एक्ट के 304 अभ्यस्तों को चेक किया गया, जिनमें से 02 नए प्रकरण दर्ज कर 62 व्यक्तियों के विरुद्ध इंसदादी कार्रवाई की गई। वहीं मादक पदार्थों से जुड़े 60 अभ्यस्तों को चेक कर 12 व्यक्तियों पर इंसदादी कार्रवाई की गई। अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त अभियान चलाते हुए पुलिस ने 05 प्रकरण दर्ज कर 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया तथा 217 पव्वे अवैध देशी शराब और 05 लीटर हथकढ़ शराब जब्त की। थाना नादनपुर ने 60 पव्वे, जबकि सदर धौलपुर थाना पुलिस ने 157 पव्वे और 05 लीटर हथकढ़ शराब जब्त की। अवैध हथियारों के मामले में थाना राजाखेड़ा पुलिस ने 02 आरोपियों से 315 बोर का एक अवैध कट्टा मय कारतूस तथा 312 बोर का एक अवैध देशी कट्टा मय कारतूस जब्त किया। इसी प्रकार अवैध खनन के खिलाफ बाड़ी सदर पुलिस और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 02 प्रकरणों में 09 आरोपियों को गिरफ्तार कर 10 टन अवैध पत्थर ब्लॉक जब्त किए। एसपी विकास सांगवान ने कहा कि वांछित आरोपियों, ईनामी बदमाशों, वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ यह सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने अलसुबह जिला अभय कमांड सेंटर का किया औचक निरीक्षण

### अभय कमांड सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लेकर तैनात कार्मिकों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने आज अल सुबह न्यायालय परिसर के पास स्थित जिला अभय कमांड सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभय कमांड सेंटर में कार्य कर रहे कर्मचारियों से उनके कामों की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए। इस दौरान उन्होंने शहर में लगाए कैमरों पर निगाह रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने अभय कमांड सेंटर में हेल्पलाइन नंबर, कॉल सेंटर की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने निगरानी तंत्र को और मजबूत करने के साथ शहर पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए। उन्होंने तैनात कार्मिकों को सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से शहर में सभी गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने के लिए निर्देशित किया।

## अनिल मिश्रा खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स जयपुर में तीरंदाजी के तकनीकी अधिकारी नियुक्त

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)।** धौलपुर जिले के शारीरिक शिक्षक एवं खेल आयोजक अनिल मिश्रा विद्यार्थी को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में तीरंदाजी प्रतियोगिता के तकनीकी अधिकारी (टेक्निकल ऑफिशियल) के रूप में दायित्व सौंपा गया है। यह प्रतियोगिताएं राजस्थान सरकार एवं भारत सरकार के खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में 24 नवंबर से 5 दिसंबर 2025 तक जयपुर सहित राजस्थान के पांच शहरों में आयोजित की जा रही हैं। इन खेलों की मेजबानी राजस्थान सरकार एवं राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा की जा रही है। अनिल मिश्रा इससे पूर्व भी अनेक राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिताओं, पेरा तीरंदाजी प्रतियोगिताओं, एसजीएफआई स्कूली खेलों सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की स्पर्धाओं में तीरंदाजी के एनाउंसर और कमेंटेटर के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तराखंड में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में भी वे तीरंदाजी खेल के प्रतिनिधि के रूप में भाग ले चुके हैं। वर्तमान में अनिल मिश्रा शिक्षा विभाग में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं तथा धौलपुर जिला ओलंपिक संघ के सचिव के रूप में जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और खेलों के प्रसार के लिए सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर धौलपुर जिले के डिप्टी फिजिकल विजेंद्र सिंह, खेल प्रभारी प्रारंभिक शिक्षा चौब सिंह कुशवाह, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मनोज शर्मा, राकेश परमार, हरिमोहन, परमजीत सिंह, अशोक मीणा, उमादत्त शर्मा, संतराम शर्मा, सुरेश वर्मा, जयंत भदौरिया, अमित कुमार, वीरेन त्यागी, माधव नारायण, मनोज बघेल, दीपक शर्मा, नरेंद्र शर्मा, हरिगोविंद शर्मा, रवि शंकर, विमल शर्मा, सौरभ गुर्जर, गौरव वर्मा, दीनानाथ दुबे, हरेंद्र गुर्जर, मोहम्मद जाकिर हुसैन आदि ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है

## मंत्री समूह की प्रेस वार्ता- डूंगरी बांध से 1.25 लाख हेक्टेयर भूमि पर होगी सिंचाई

जयपुर

**(निसं.)**पूर्वी राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना के अंतर्गत बनने वाले डूंगरी बांध को लेकर शुक्रवार को शासन सचिवालय में मंत्री समूह ने प्रेस वार्ता की। मीडिया से बातचीत में कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा, जल संसाधन मंत्रीसुरेश सिंह रावत और गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि डूंगरी बांध का निर्माण संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना का महत्वपूर्ण अंग है। इस बांध के निर्माण से मुख्यतः सवाई माधोपुर और करौली की 1 लाख 25 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई के लिए पानी और लोगों को भरपूर पेयजल मिलेगा। डॉ. मीणा ने कहा कि यह बांध संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना के तहत बनाया जाना है। इससे मात्र 16 गांवों की आबादी ही डूब क्षेत्र से प्रभावित होगी जबकि कतिपय लोगों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है कि 76 गांव प्रभावित होंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार परियोजना से विस्थापित होने वाले परिवारों के पुनर्वास को लेकर गंभीर है। उन्हें नियमानुसार मुआवजा प्रदान कर अन्य सुविधाओं के साथ नजदीक ही बसाया जाएगा। कृषि मंत्री ने कहा कि यह परियोजना व्यापक प्रदेश हित में है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस सम्बंध में किसी भी पक्ष से संवाद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण से क्षेत्र में भूमि सिंचित होने के साथ-साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। किसानों की आय बढ़ने से क्षेत्र में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्वी राजस्थान के 17 जिलों के लिए संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना का शुभारंभ किया था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार इसे जल्द से जल्द क्रियान्वित करने के लिए संकल्पित है। इसी दिशा में यह बांध महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण से कालीसिंध, पार्वती और चम्बल से समुद्र में व्यर्थ बहकर जाने वाले पानी को रोका जा सकेगा। गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि इस परियोजना की सफलता को रोकने के लिए कुछ लोगों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से गुमराह न होने की अपील की और राज्य हित में बनाए जा रहे बांध के निर्माण में सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि डूब क्षेत्र में आने वाले अधिकतर गांव वर्तमान में मोरेल एवं बनास नदी के बहाव से भी प्रभावित हो रहे हैं। यह बांध बनास और मोरेल के बहाव क्षेत्र में पानी भरने के हिसाब से बनाया जा रहा है इसलिए इनके बहाव क्षेत्र का ही ज्यादा उपयोग होगा। इससे वर्षा के दौरान आने वाली बाढ़ को रोकने में भी सफलता मिलेगी।

## महिला कांग्रेस कोटा शहर - संगठन सशक्तिकरण बैठक एवं इंदिरा गांधी जयंती कार्यक्रम सम्पन्न (दो दिवसीय कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स




राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह जी के निर्देशन में कोटा शहर में महिला कांग्रेस का दो दिवसीय महत्वपूर्ण कार्यक्रम, जिसमें संगठन सशक्तिकरण बैठक एवं इंदिरा गांधी जयंती समारोह शामिल था, सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोटा शहर प्रभारी लीना शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में संगठन विस्तार और महिला सशक्तिकरण से जुड़े अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान कोटा शहर की जिला अध्यक्ष शालिनी गौतम सहित पूरी महिला कार्यकारिणी ने उपस्थित होकर संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तृत संवाद किया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए तथा हस्ताक्षर अभियान एवं सदस्यता अभियान को लेकर आगामी रणनीति तय की गई। लीना शर्मा ने संगठन को मजबूत करने हेतु कार्ययोजना साझा करते हुए बताया कि महिला कांग्रेस शहर के प्रत्येक वार्ड में सक्रियता बढ़ाएगी। कार्यक्रम में पूर्व महिला राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष एवं वर्तमान राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव राखी गौतम सहित महिला कांग्रेस की वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहीं। सभी वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया और संगठन में अधिकाधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया। इसी क्रम में भारत की पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी जी की जयंती पर महिला कांग्रेस की टीम ने श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके आदर्शों और नीतियों पर चलने का संकल्प लिया। कोटा शहर प्रभारी लीना शर्मा ने बताया कि महिला कांग्रेस की पूरी टीम अत्यंत सक्रिय है और अगले चरण में महिला सुरक्षा, जागरूकता एवं संगठन सशक्तिकरण को लेकर विशेष अभियान चलाए जाएंगे।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान : हुनर शक्ति फाउंडेशन ने दी डिजिटल सुरक्षा की सीख

जयपुर टाइम्स




**राजाखेड़ा(धौलपुर)।** डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से बच्चों और अभिभावकों को जागरूक करने के उद्देश्य से हुनर शक्ति फाउंडेशन द्वारा आर.एस. शिक्षा समिति विद्यालय, राजाखेड़ा, जिला धौलपुर में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 21 नवंबर 2025 को आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्था के सचिव नीरज झा ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार की जानकारी देना और उनके माध्यम से साइबर सुरक्षा का संदेश माता-पिता तक पहुँचाना है। संस्था प्रमुख प्रशांत शर्मा ने कहा कि आज के समय में बच्चों तथा आम लोगों को अपनी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक डिटेल्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स को सुरक्षित रखना सीखना बेहद ज़रूरी है। फाउंडेशन के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को बताया कि साइबर अपराधी फ़िशिंग, फेक कॉल्स, फर्जी एप डाउनलोड और फ्रॉड वेबसाइट्स के ज़रिये लोगों को निशाना बनाते हैं। ऐसे में जागरूकता और डिजिटल साक्षरता ही सबसे बड़ा बचाव है। नीरज झा ने कहा, 'डिजिटल इंडिया के इस दौर में साइबर सुरक्षा सिर्फ तकनीकी विषय नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। जागरूकता ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच है।' कार्यक्रम के दौरान 'सुरक्षित इंटरनेट उपयोग', 'सोशल मीडिया पर गोपनीयता की सुरक्षा' तथा 'ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के उपाय' जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। वास्तविक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया कि छोटी-सी लापरवाही भी बड़े साइबर अपराध की वजह बन सकती है। अंत में सभी प्रतिभागियों से साइबर सुरक्षा की शपथ दिलवाई गई और फाउंडेशन की ओर से जागरूकता पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में संस्था से कंप्यूटर ऑपरेटर दिलीप कुमार निषाद, विद्यालय व्यवस्थापक राधेश्याम तोमर तथा स्टाफ सदस्य रामसूजान, राहुल ओझा, सुनीता तोमर, स्नेहा, मुस्कान, अनुराधा, अंशिका सहित 100 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित रहे। फाउंडेशन ने आगामी महीनों में राजस्थान और आसपास के अन्य राज्यों में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की घोषणा की।

## राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सिंघावली खुर्द में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर/राजाखेड़ा।** उपखंड क्षेत्र के ग्राम सिंघावली खुर्द स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापना एवं सरस्वती मंदिर लोकार्पण समारोह बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और धार्मिक माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा रहीं, जबकि अध्यक्षता पूर्व सरपंच माधो सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में गिरजा सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना, मंत्रोच्चार और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य अतिथि नीरजा शर्मा, अध्यक्ष माधो सिंह एवं विशिष्ट अतिथि गिरजा सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और प्रतिमा का अभिषेक कर विद्यालय परिवार के साथ माता सरस्वती से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण शर्मा एवं विद्यालय स्टाफ की ओर से नीरजा शर्मा का साफा पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। पूर्व सरपंच माधो सिंह ने उन्हें साल भेंटकर सम्मानित किया। अध्यापिका देवयानी शर्मा, प्रियंका शर्मा, शिल्पा शर्मा और पूजा यादव ने मुख्य अतिथि को राधा-कृष्ण की तस्वीर स्मृति-चिह्न के रूप में प्रदान की। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रत्येक बालक को शिक्षित और संस्कारित करने के लिए कृत संकल्पित है। विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षिक विकास में भामाशाहों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सरस्वती मंदिर निर्माण को पुण्य और प्रेरणादायी कार्य बताया। कार्यक्रम का संचालन आचार्य राकेश कुमार शर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक लक्ष्मी नारायण शर्मा, जयंल सिंह, महेंद्र सिंह सहित पूरा विद्यालय स्टाफ, बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं प्रमुख ग्रामीणजन मीतल शुक्ला, देवेंद्र मुद्गल, रामसेवक निषाद, खुशीलाल वर्मा, अमीर चंद, हरिओम सिंह, जयवीर सिंह, फरेंद्र सिंह, अशरफी सिंह, कुमार सिंह, उदय सिंह निषाद, लक्ष्मीकांत गुप्ता, भीमसेन जादौन, गिर्राज मास्टर, नारायण सिंह, विजय सिंह, अरुण दुबे, हेमंत शर्मा, जगदीश शर्मा, छोटू, दिलीप खन्ना आदि मौजूद रहे।


### नाम परिवर्तन

पहले मेरा नाम लाइसेंस में गंगा राम जांगिड़ s/o चांद मल जांगिड़ था जो अब मैने बदल कर गंगा राम सुथार s/o चांद मल सुथार कर लिया है और मेरी जन्म तिथि पहले लाइसेंस में 02-12-1974 थी जो अब जन्म प्रमाण पत्र के हिसाब से 01-01-1975 करवा ली है

**पता वार्ड नं 15 गांव चाड़वास तहसील सुजानगढ़ जिला चूरू( राज)**

### राजस्थान सरकार
### निदेशालय महिला अधिकारिता
### जे - 7 झालाना संस्थानिक क्षेत्र
### जयपुर, दूरभाष 0141-2716422

**NOTICE INVITING BID**

Bids for procurement of 05 Cassette AC for this Directorate, Women Empowerment Department, Jaipur (Rajasthan) are invited up to 05:00 PM of 25-11-2025. Other particular of Bid may be visited on the procurement portal http//sppp.rajasthan.gov.in) of the state. The approximate value of the procurement is Rs. 7.00/- Lakh (Rs. Seven Lakh Only).
UBN.WMP2526GSOB00200

(Neetu Rajeshwar)
Director,
Women Empowerment Deparment
Rajasthan, Jaipur

DIPR/C/17994/2025

### कार्यालय नगर पालिका दूदू, तहसील दूदू जिला जयपुर

क्रमाक. :-321 दिनांक : 21.11.2025

**-: विज्ञप्ति :-**

एतद्द्वारा हितबद्ध, व्यक्ति विशेष, आम खास को सूचित किया जाता है । कि पालिका क्षेत्र में अधोलिखत व्यक्तियों द्वारा 69-क, 90- क के अन्तर्गत पट्टा चाहा गया है। सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्तियों के नाम से निम्न सम्पति की लीज डीड हेतू इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसका पूर्ण विवरण निम्न प्रकार से है ।

| क्र.स. | आवेदक का विवरण | स्थान | प्रयोजनार्थ | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रामचरण पुत्र श्री रामोतार व श्री गिरिराज पुत्र श्री रामअवतार | व्यावसायिक भूखण्ड वाके जयपुर अजमेर हाईवे रोड़, दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर (राज.) | 69-क पट्टा | 104.51 वर्गमीटर |
| 2. | श्री रामचरण पुत्र श्री रामोतार व श्री गिरिराज पुत्र श्री रामअवतार | व्यावसायिक भूखण्ड वाके जयपुर अजमेर हाईवे रोड़, दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर (राज.) | 69-क पट्टा | 1118.34 वर्गमीटर |
| 3. | श्री मुकेश चौधरी पुत्र श्री रामेश्वर चौधरी व श्री कैलाश गुर्जर पुत्र श्री रामकरण गुर्जर | व्यावसायिक भूखण्ड वाके जयपुर अजमेर हाईवे रोड़, दूदू तहसील दूदू जिला जयपुर (राज.) | 69-क पट्टा | 737.41 वर्गमीटर |

उपरोक्त व्यक्ति को लीज-डीड किये जाने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 7 दिवस में इस कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद मयाद व्यक्ति को लीज डीड जारी कर दी जावेगी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका दूदू**

### कार्यालय, उप वन संरक्षक (वन्यजीव) चिडियाघर, जयपुर

क्रमांक एफ ( ) स्टोर / जू / 2024-25 / दिनांक

**खुली बोली दर संविदा आमंत्रण सूचना 30 / 2025-26**
**(NOTICE INVITING RATE CONTRACT BIDDING)**

इस कार्यालय के अधीन नाहरगढ जैविक उद्यान एमें जलपान गृह केन्टीन संचालन हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। अतः माल एवं सेवा कर (Goods & Service Tax) में पंजीकृत फर्मा से खुली दर संविदा (RATE CONTRACT BIDDING) के तहत बोली आमंत्रण सूचना निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्रस. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (समस्त कर सहित) | बोली प्रतिभुति राशि | बोली शुल्क | निविदा फॉर्म लेने की तिथि | टेण्डर प्राप्त करन की अंतिम तिथि व समय | निविद खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जलपान गृह संचालन मासिक किराया अनुबंध | 4,80,000/- (वार्षिक) | 9,600/- | 500 | 13.11.2025 1.00 PM बजे से | 24.11.2025 को 02.00 PM बजे तक | 24.11.2025 का 04:00 PM बजे |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट SPPP.raj.nic.in पर उपलब्ध है।

UBN- FOR2526SSOB03272

**उप वन संरक्षक (वन्यजीव)**
**चिडियाघर, जयपुर**

DIPR/C/16969/2025

### कार्यालय ग्राम पंचायत प्रेमनगर, पंचायत समिति पावटा (जयपुर)

क्रमांक :- ग्रा.पं. प्रे/ निविदा / 2025-26 / 134 दिनांक : 20/11/2025

**ई-निविदा सूचना 2025-26**

सर्वसाधारण एवं पंजीकृत संवेदकों को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति पावटा के अधिनस्थ ग्राम पंचायत प्रेमनगर में नियम 181 के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम, एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ए,बी एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से खुली निविदा के माध्यम से (डिफेक्ट लाइबिलिटि पिरीयड दो वर्ष) एक कार्य के लिए मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शर्ते एवं जी- शिड्यूल एवं अन्य सूचनाओं विस्तृत जानकारी http// sppp.rajasthan.gov.in/ व www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN = ZIP2526WSRC01872

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत प्रेमनगर**

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत प्रेमनगर**

## रैली से दिया पोलियो अभियान का संदेशः 23 नवंबर को जिले के 1566 बूथों पर 0-5 वर्ष के बच्चों को खुराक पिलाने की तैयारी, पल्स पोलियो जनजागरूकता रैली निकाली

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)** झुंझुनूं जिले में आगामी 23 नवम्बर को होने वाले पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने मिलकर शुक्रवार को जागरूकता रैली का आयोजन किया। शहीद स्मारक से शुरू हुई यह रैली कर्नल जेपी जानू स्कूल तक निकाली गई, जिसमें नर्सिंग स्टूडेंट्स, स्वास्थ्यकर्मी, एनजीओ प्रतिनिधि और स्कूलों के कर्मचारी शामिल हुए। रैली को जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर और बीडीके अस्पताल के पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान नर्सिंग विद्यार्थियों



ने हाथों में तख्तियां लेकर 'दो बूंद जिंदगी की' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को आगामी रविवार को पोलियो बूथ पर पहुंचकर बच्चों को खुराक दिलाने के लिए प्रेरित किया। अधिकारियों का कहना है कि यह अभियान जिले में शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है ताकि कोई भी बच्चा छूट न जाए और भारत पोलियोमुक्त भविष्य की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ सके। जिला प्रशासन के अनुसार इस बार अभियान को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए जिले में कुल 1566 पोलियो बूथ स्थापित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 26 ट्रांजिट टीमें, 77 वैक्सीन डिपो और 299 वैक्सीनेटर तैनात किए गए हैं, जो पूरे दिन विभिन्न स्थानों पर बच्चों को खुराक पिलाने का काम करेंगे। ट्रांजिट टीमों को बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाईवे और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं ताकि यात्रा कर रहे बच्चों को भी खुराक दी जा सके। जिले में कुल 109 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनकी निगरानी स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी सेक्टर सुपरवाइजर्स को निर्देश दिए हैं कि वे समय-समय पर बूथों का निरीक्षण करें और किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत समाधान सुनिश्चित करें। जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने अभियान को सफल बनाने के लिए शिक्षा विभाग को विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि रविवार, 23 नवंबर को जिले के सभी स्कूल खुले रहेंगे, ताकि वहां स्थापित पोलियो बूथ सुचारू रूप से संचालित हो सकें और ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों तक पहुंच बनाने में आसानी हो। उन्होंने विद्युत विभाग को भी निर्देश दिए कि रविवार को सभी बूथों पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि वैक्सीन चेन बाधित न हो। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने कहा– 'पल्स पोलियो अभियान केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। सभी विभागों और नागरिकों को इसमें भागीदारी निभाकर शत-प्रतिशत बच्चों को खुराक दिलानी होगी। एक भी बच्चा छूटने का मतलब पूरी प्रक्रिया के कमजोर होने जैसा है, इसलिए हर माता-पिता को बूथ पर अवश्य पहुंचना चाहिए। बीडीके पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू ने कहा कि अभियान के दौरान किसी भी तरह की समस्या आने पर नियंत्रण कक्ष से तुरंत संपर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रत्येक वैक्सीनेटर को वैक्सीन, रिकॉर्ड शीट, बूथ सामग्री और माइक्रोप्लान पहले ही उपलब्ध करा दिया गया है।

## जूली ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, हरमाड़ा हादसे में मुआवजा नहीं देने पर आक्रोश प्रकट किया

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधान सभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने पिछले दिनों में प्रदेश में हुई भीषण सड़क दुर्घटनाओं में हताहत और घायल हुए व्यक्तियों को राज्य सरकार द्वारा अभी तक सहायता राशि नहीं दिये जाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। जूली ने मुख्यमंत्री जी को पत्र लिखकर मांग की है कि सरकार को मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए पीड़ित परिवारों को तत्काल आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा देखा गया है कि इन हादसों के बाद पीड़ित परिवारों को दी जाने वाली सरकारी सहायता राशि विलम्ब से दी जाती है इसके लिये पीड़ित परिवारों को लम्बे समय तक सरकारी विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। प्रतिपक्ष के नेता जूली ने बताया कि 3 नवम्बर को हरमाडा में डम्पर से कुचलकर हताहत हुए लोगों के परिजनों को अभी तक राज्य सरकार द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है उनके परिवारों को विभागीय अधिकारियों द्वारा च्डछत्थ् एवं पात्र परिवारों को आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के माध्यम से सहायता राशि प्रदान किये जाने बाबत् कहा गया है जो कि न्यायोचित नहीं है। जूली ने सरकार से आग्रह किया है कि ऐसे दुःखद प्रकरणों में सरकार को संवेदनशीलता दिखानी चाहिए और अविलम्ब सभी पीड़ित परिवारों को जैसलमेर और मतोड़ा हादसे की भांति यथाशीघ्र मुआवजा राशि जारी करनी चाहिए।

## छात्र संगठन एसएफआई ने किया बैठक का आयोजन, छात्रहित को लेकर की चर्चा



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के किसान मजदूर भवन में छात्र संगठन एसएफआई की बैठक जिला सचिव संदीप भारतीय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में तहसील संयोजक मंडल का निर्माण किया गया। जिसमें 7 छात्रों का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। जिसमें राजकुमार मेघवाल को संयोजक व मुरलीधर बिंजवा को सचिव चुना गया। जिला सचिव संदीप भारतीय ने बताया कि मौजूदा सरकार नई शिक्षा नीति लाकर स्नातक की डिग्री में सेमेस्टर प्रणाली लागू कर चार से पांच कर दी है तथा राज्य में सरकारी स्कूलों को बंद कर रही है। ऐसे कई मुद्दों को लेकर एसएफआई आंदोलन को तेज करेगी। छात्रों को लामबंद कर शिक्षा का निजीकरण होने से बचायेगी तथा छात्रों के अधिकारों की लड़ाई को मजबूत करेगी। इस अवसर पर जिला कमेटी सदस्य आरिफ खान, घनश्याम राव, विकास गुडेसर, मुकेश गुडेसर, रामलाल भादू, जयपाल बरोड़, राजुराम, भरतराज बरोड़, अनुराग पोटलिया, संजय कुमार आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राजकीय कन्या महाविद्यालय में एसआईआर को लेकर छात्राओं को किया जागरूक



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के राजकीय कन्या महाविद्यालय में शुक्रवार को एसआईआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एसडीम ऑफिस से टीम के आनंद सिंह राठौड़, सचिन कुमार एवं सावन पारीक ने विद्यार्थियों को स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से एसआईआर एवं परिगणना प्रपत्र के बारे में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। ऑनलाइन परिगणना पत्र को कैसे भरे इसके बारे मे भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ योगेश चाहर, ईएलसी प्रभारी नवीन कुमार पारीक, कैंपस एंबेसडर मनीषा एवं स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## नशा मुक्ति अभियान में किट वितरण एवं विशेष व्याख्यान का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को नई किरण नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति समिति एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान एवं किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी गणेश दास स्वामी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही रक्तदान और नेत्रदान के बारे में भी जागरूक किया। संयोजक मुकेश कुमार प्रजापत ने ड्रग्स के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। इस अवसर पर दस सखा -सखी को नशा मुक्ति किट वितरित भी किए गए। संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुभाष दहिया ने किया। इस अवसर पर प्रो एमए खान, शेरसिंह, डॉ गजानंद शर्मा, डॉ लालचंद मीणा, डॉ देवीलाल रोझ, डॉ सिद्धि गुप्ता, डॉ सुनीता, सुमन लता गुर्जर, सुनीता गोदारा, जयरतन, डॉ प्रभाकर दीक्षित आदि संकाय सदस्य व राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों के साथ-साथ 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने महाविद्यालय परिसर को और अपने आसपास के समाज को नशे से मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया।

## जयपुर में 25 नवंबर से सफाई कर्मी हड़ताल पर, सरकार को अल्टीमेटम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान सरकार और नगर निगम प्रशासन में अगर सफाई कर्मचारियों की मांग नहीं मानी तो आगामी 25 नवंबर से खूबसूरत जयपुर शहर में चारों तरफ गंदगी और कचरे के ढेर नजर आ सकते हैं क्योंकि संयुक्त वाल्मीकि सफाई श्रमिक संघ की ओर से राजस्थान सरकार और जयपुर नगर निगम प्रशासन को 11 सूत्री मांग का ज्ञापन दे दिया गया है और साफ कहा गया है कि अगर इन मांगों पर सरकार ने तुरंत सकारात्मक कदम नहीं उठा तो फिर 25 नवंबर से जयपुर में सभी सफाई कर्मी हड़ताल पर चले जाएंगे इस बीच अपनी मांग को लेकर जयपुर नगर निगम दफ्तर पर सफाई कर्मचारी का धरना जारी है और अब आमरण अनशन भी शुरू कर दिया गया है हालांकि नगर निगम प्रशासन सफाई कर्मचारी संगठन से जुड़े पदाधिकारी के साथ लगातार बातचीत कर रहा है लेकिन सफाई कर्मचारी अपनी मांग को लेकर अटल है जानकारी के अनुसार सफाई कर्मचारियों की ओर से जो 11 सूत्री मांग का ज्ञापन सरकार और नगर निगम को दिया गया है । उसमें सफाई कर्मचारियों के नए ऐप से हाजिरी न लेने सफाई कर्मचारियों की भर्ती सफाई कर्मचारियों की पदोन्नति जैसी कई मांग है जिनको लेकर इस बार सफाई कर्मचारियों ने आर पार लड़ाई करने का ऐलान किया है जानकार लोगों का कहना है कि आगामी दिसंबर माह में राजधानी जयपुर में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन हो रहा है । इस समारोह में देश और दुनिया के बड़े-बड़े प्रवासी राजस्थानी जो विभिन्न क्षेत्रों में अपना नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काम चुके हैं । उन्हें प्रदेश के भजनलाल सरकार प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रेरित करने के लिए दिसंबर माह में प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन कर रही है इस कार्यक्रम में आने वाले मेहमानों को बाकायदा जयपुर में विभिन्न प्रमुख पर्यटन स्थलों की सैर भी करवाई जाएगी इसलिए ऐसी हालत में अगर जयपुर में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल शुरू होती है तो निश्चित रूप से जयपुर के लोगों के लिए यह हड़ताल बड़ी परेशानी का सबब बन सकती है। हड़ताल की वजह से गंदगी और कचरे के ढेर लगने से कई तरह की बीमारियां भी पैदा हो सकती है इसके अलावा हड़ताल के लंबे चलने पर देश और विदेश के जो मेहमान प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में शामिल होने के लिए आएंगे और उन्हें खूबसूरत जयपुर शहर में जब गंदगी के ढेर नजर आएंगे तो निश्चित रूप से जयपुर की खूबसूरती पर भी कलंक लगेगा वैसे भी इस समय पर्यटन सीजन जारी है देश और देश के पर्यटक बड़ी संख्या में यहां घूमने के लिए आ रहे हैं ऐसे में जयपुर की सुंदरता और जयपुर की साफ सफाई को बनाए रखना जयपुर नगर निगम प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए और इस हड़ताल को रोकने के लिए सरकार और नगर निगम प्रशासन की ओर से पूरे प्रयास होने चाहिए ।

## अतिवृष्टि व जंगली जानवरों से फसल नुकसान को बीमा कवर में शामिल करना ऐतिहासिक निर्णय : भागीरथ चौधरी

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बड़े सुधार पर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने जताया पीएम मोदी व कृषि मंत्री चौहान का आभार

जयपुर टाइम्स

**नई दिल्ली/जयपुर-अजमेर** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में किए गए बड़े सुधारों का स्वागत करते हुए इसे देशभर के करोड़ों अन्नदाता किसानों के लिए ऐतिहासिक राहत करार दिया है। उन्होंने सभी किसान भाइयों-बहनों से अपील की कि वे अपनी फसलों का बीमा अवश्य करवाएं और योजना के इस सशक्त एवं विस्तारित संस्करण का पूरा लाभ उठाएं भागीरथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों की वर्षों पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को और अधिक व्यापक और किसान हितैषी बनाया है। नई व्यवस्था के तहत अब फसल बीमा योजना में दो महत्वपूर्ण प्रकार के नुकसान को भी शामिल किया गया है–

1. जंगली जानवरों द्वारा फसलों को पहुंचाया गया नुकसान
2. अतिवृष्टि से उत्पन्न बाढ़/जलभराव के कारण फसलों की बर्बादी।



कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि जंगली जानवरों के हमले और अतिवृष्टि से फसल नष्ट होना किसानों के लिए लंबे समय से सबसे बड़ी चिंताओं में रहा है। इन दोनों जोखिमों को बीमा कवरेज में शामिल किए जाने से किसानों की आर्थिक सुरक्षा, आत्मविश्वास और जोखिम झेलने की क्षमता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार ठोस निर्णय ले रही है। फसल सुरक्षा बढ़ाने, जोखिम घटाने और नुकसान की स्थिति में समय पर मदद सुनिश्चित करने की दिशा में यह सुधार एक बड़ा और दूरगामी कदम है।

## राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर ने एसडीएम को दिया ज्ञापन, बीएलओ पर प्रशासनिक दबाव नहीं डालने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर द्वारा शुक्रवार को उपखंड अधिकारी के माध्यम से राजस्थान सरकार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन ब्लॉक अध्यक्ष इंद्राज माहीच के नेतृत्व में एसआईआर अभियान के तहत सौंपा गया। जिसमें बीएलओ पर बढ़ते प्रशासनिक दबाव और हाल ही में दबाव के चलते एक बीएलओ द्वारा आत्महत्या करने की दुखद घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। संघ ने प्रशासन को अवगत कराया कि बीएलओ भी इंसान हैं, इसलिए उनके साथ सहानुभूति एवं सहयोगपूर्ण व्यवहार अनिवार्य है। ज्ञापन में संघ ने कहा कि बीएलओ एवं शिक्षकों पर लगाए जा रहे अतिरिक्त कार्यभार, चेतावनियों और गैर-जरूरी प्रशासनिक दबाव के कारण वह मानसिक तनाव का सामना कर रहे हैं। इससे न केवल उनकी कार्यक्षमता प्रभावित हो रही है बल्कि वर्तमान में चल रही अर्धवार्षिक परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। बीएलओ के साथ सम्मानपूर्वक, सहयोगपूर्ण एवं सहानुभूति-पूर्ण व्यवहार किया जाए। अनावश्यक प्रशासनिक दबाव और धमकियों को तुरंत बंद किया जाए। अन्यथा शिक्षक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## पीएम किसान योजना की 21वीं किस्त जारी, भाजपा नेता खीचड़ बोले- दुनिया का सबसे सफल किसान समर्थन कार्यक्रम



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** भाजपा के वरिष्ठ नेता व अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से देश के करोड़ों छोटे एवं सीमांत किसानों को आर्थिक संबल मिला है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि दुनिया का सबसे बड़ा और सफल किसान समर्थन कार्यक्रम बन चुका है। किसानों के जीवन में स्थायी सकारात्मक बदलाव लाने का मार्ग प्रशस्त किया है। वे गत दिवस मण्डावा में आयोजित भाजपा नेता बाबूलाल सैनी के पुत्र रविकांत की शादी समारोह में शिरकत करने के बाद मीडिया से वार्ता के दौरान यह बात कहीं । उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम अब तक सरकार द्वारा किसानों के खातों में 23 लाख 90 हजार करोड़ से अधिक राशि सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। इससे देशभर के करोड़ों छोटे एवं सीमांत किसानों को निरंतर आर्थिक संबल मिला है। खीचड़ ने कहा कि प्राकृतिक खेती, आधुनिक कृषि तकनीक और नवाचार के साथ भारत का कृषि क्षेत्र नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। इससे पूर्व भाजपा नेता संदीप शर्मा, बाबूलाल सैनी, मोहन लाल, अभिषेक आदि ने उनकी अगवानी कर स्वागत किया ।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# खेल सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर /(निसं.) मण्डावा** खेलो के प्रति जागरूक करने के लिए सूर्या उदय संस्था, जयपुर की ओर से शुक्रवार को बच्चो को बैट और बॉल भेंट किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में खेल को बढ़ावा मिल रहा है और भारत नई ऊंचाइयों पर पहुँच रहा है । हर बच्चे को यह अवसर मिल सके इसके लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है । खेलों इंडिया खेलों सूर्य उदय संस्था की अध्यक्ष शोभल सिंह ने कहा कि जब तक हर घर में हर बस्सी में यह माइंडसेट नहीं होगा तब तक पूरी तरह से खेल को बढ़ावा नहीं मिलेगा । हम सभी को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में काम करना चाहिए ताकि भारत विश्व में अपनी पहचान बना सके ।



# दिशा की बैठक आयोजित, सांसद ओला ने दिए आवश्यक निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निसं.)।** जिला विकास में समन्वय एवं निगरानी समिति यानी दिशा की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में झुंझुनू लोकसभा क्षेत्र सांसद बिजेंद्र ओला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने जिले की प्रगति से अवगत कराया। बैठक में विभिन्न अधिकारियों ने जिले में हुई प्रगति का खाका पेश किया। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना , पेयजल सप्लाई , फसली बीमा, मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रयास, डीएमएफटी फंड समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में पिलानी विधायक पितराम सिंह काला, उदयपुरवाटी विधायक भगवाना राम सैनी, झुंझुनूं प्रधान पुष्पा चाहर, नवलगढ़ प्रधान दिनेश सुंडा, चिड़ावा प्रधान इंदिरा डूडी, सिंघाना प्रधान सरला सैनी, उदयपुरवाटी नगरपालिका अध्यक्ष रामनिवास सैनी, अलसीसर प्रधान घासीराम पूनिया, सूरजगढ़ प्रधान बलवान पूनिया, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, जिला परिषद सीईओ कैलाश यादव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नवलगढ़ में ग्राम साथिनों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ के पंचायत समिति के ग्राम साथिनों का पंचायत समिति स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से प्रारम्भ हुआ। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में पंचायत समिति के प्रधान दिनेश सुंडा ने उपस्थित सभी साथिनों को संबोधित करते हुए कहा कि वे सरकारी योजनाओं को धरातल तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण सेतु का कार्य करती हैं। उन्होंने साथिनों से योजनाओं की सही जानकारी और प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अनिल, पंकज, ओमप्रकाश आलडिया, सहायक विकास अधिकारी देवी दत्त शर्मा, नेमिचंद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# ढाढण वाली दादी का मासिक कीर्तन हुआ आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय सोमानी गैस एजेंसी के सामने स्थित संजय कुमार संदीप बजाज के निवास स्थान पर रात्रि में श्री ढाढण वाली दादी के मासिक कीर्तन का आयोजन किया गया। आयोजन में भजनो के माध्यम से दादाजी का गुणगान कर रिझाया गया। इस अवसर पर सुविख्यात भजन गायक कलाकार पवन शर्मा निर्मल,मयंक शर्मा,संध्या छावछरिया और अंकित बजाज ने दादीजी के दरबार में भजनो की प्रस्तुति दी।भजन संध्या में पंडित जगदीश प्रसाद त्रिवेदी विशाल त्रिवेदी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# निःशुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नैत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर 26 को

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला अन्धता निवारण समिति जयपुर व लायन्स क्लब सुजानगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिन्द जांच एवं नैत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन 26 नवम्बर को किया जायेगा। चांडक रोड़ स्थित माहेश्वरी भवन में आयोजित होने वाले कैंप के बारे में जानकारी देते हुए लायन्स क्लब के एमजेएफ कमल तापड़िया ने बताया कि सीताराम पवन कुमार मौसूण के आर्थिक सौजन्य से आयोजित होने वाले इस शिविर में शंकर आई हॉस्पीटल की टीम द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी तथा चयनित होने वाले रोगियों के निःशुल्क ऑपरेशन करवाये जायेंगे। कमल तापड़िया ने बताया कि आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# पोलियो अभियान की जागरूकता को लेकर निकाली गई रैली

## 23 नवंबर को आयोजित होगा पोलियो अभियान

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनूं(निसं.)।** जिले में 23 नवंबर को पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 साल तक के 1 लाख 66 हजार 38 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जायेगी। अभियान की जागरूकता को लेकर शुक्रवार को नर्सिंग स्टूडेंट्स द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने शहीद पार्क से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। जो शहर के रोड़ न एक से रोडवेज बस डिपो होते हुए जेपी जानू स्कूल तक पहुंची। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर, आर सी एच ओ डॉ दयानंद सिंह, पीएमओ डॉ जितेंद्र भांभू, डीपीसी डॉ महेश कड़वासरा, गवर्मेंट नर्सिंग कॉलेज से अंजना चौधरी, पूनम डांगी मौजूद रहे। कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने बताया कि यह हमारे निरंतर प्रयास और मॉनिटरिंग का नतीजा है कि 2014 के बाद हमारे देश में पोलियो का कोई मामला नहीं आया है । जिले भर में हमारे एक लाख 67 हजार से अधिक बच्चों को रविवार से पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। हम सभी का यह दायित्व है कि अभियान में भागीदारी कर सफल बनाए और पोलियो पर जीत बरकरार रखे। सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ अरुण गर्ग के दिए निर्देशानुसार पूर्व की भांति इस बार भी 23 नवंबर को पोलियो अभियान का क्रियान्वयन सफलता पूर्वक कर 5 साल तक के सभी लक्षित 1 लाख 67 हजार बच्चों को दवा पिलाकर पोलियो से उनके भविष्य को सुरक्षित बनाएंगे है। उन्होंने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए जिले में कुल 1566 बूथ बनाए गए हैं, 26 ट्रांजिट टीम बनाई गई है उन्होंने बताया कि 109 सेक्टरों में 77 वैक्सीन डिपो बनाए गए हैं जिले में 6504 वैक्सीनेटर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि कलक्टर डॉ अरुण गर्ग ने शिक्षा विभाग को रविवार 23 नवंबर को स्कूलों को खुला रखने के निर्देश दिए हैं। डॉ गर्ग ने विद्युत विभाग को विद्युत सप्लाई आपूर्ति यथावत रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करना होगा- कस्वां

## एसआईआर फार्म को लेकर प्रशिक्षण शिविर में किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के विधायक आवास कांग्रेस कार्यालय में शुक्रवार को मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम को लेकर विधानसभा क्षेत्र सरदारशहर के कांग्रेस पार्टी के बीएलओ का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधानसभा के प्रभारी जितेन्द्र कस्वां ने कहा कि एसआईआर अब अपने अंतिम समय की और अग्रसर है। ऐसे में हम सभी कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं, बीएलओ को घर घर जाकर लोगों के फार्म भरवाकर उन्हें जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि सरदारशहर में कांग्रेस पार्टी काफी अच्छी व मजबूत स्थिति में है। ऐसे में कार्यकर्ताओं को और अधिक मेहनत कर ज्यादा से ज्यादा फॉर्म भरवाकर जमा करवाना उनका दायित्व है। इस अवसर पर देहात अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक, महावीर माली, उमरदीन सैयद, राकेश पारीक, बालचंद सेवदा, सीताराम स्वामी, राजेश पारीक, मनफूल खान फौजी, मनफूल मुंड, रिजवान सैयद, गौरीशंकर शर्मा, नूर मोहम्मद, अयूब व्यापारी, राजू खोखर, आरिफ काजी, सोहनलाल सहू, नरेंद्र सिंह आसासर, सुरेंद्र मेघवाल, जमालदीन सब्जीफरोश, महावीर पूनियां, श्रवण मेघवाल, जगदीश स्वामी, भागीरथ सारण, विद्याधर पारीक, बालूराम, लूणाराम गोदारा, सुगन्नाथ, लियाकत, भंवरलाल पारीक, इब्राहिम सिक्का, मदनसिंह निर्वाण, परमेश्वर दुबे, विमल जम्मड, शांतिलाल नाहटा, सोनू सोनी, महबूब किलानिया, इमरान खान, कालू शर्मा, बजरंगलाल पारीक, तेजपाल पारीक सहित अनेक कांग्रेस जन मौजूद रहे। संचालन राकेश पारीक ने किया।

# नरपत सिंह शेखावत को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निसं.)।** सीमा सुरक्षा बल के पूर्व बटालियन हवलदार मेजर (स्वर्गीय) नरपत सिंह शेखावत का उनके पैतृक गाँव साबलपुरा, सीकर में पूर्ण राजकीय सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बीएसएफ की 39वीं बटालियन (जयपुर टुकड़ी) के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत कर उन्हें अंतिम सलामी दी। दिवंगत शेखावत का निधन बीती रात हुआ था। सुबह उनकी पार्थिव देह को तिरंगे में लपेटकर अंतिम यात्रा निकाली गई, जिसके दौरान बीएसएफ की टुकड़ी ने शस्त्र उल्टे कर राजकीय सम्मान की परंपरा निभाई। स्व. नरपत सिंह शेखावत उत्कृष्ट नेतृत्व क्षमता और सैन्य अनुशासन के प्रतीक रहे। वर्ष 1971 के भारत-पाक युद्ध, पंजाब में आतंकवाद विरोधी अभियानों तथा जम्मू-कश्मीर में आंतरिक सुरक्षा ड्यूटी के दौरान उनके योगदान को सदैव याद किया जाएगा। 34 वर्षों की सेवाओं के बाद वे वर्ष 2001 में सेवानिवृत्त हुए थे। अंतिम संस्कार में बीएसएफ के कमांडर एसआई इंद्रेश कुमार, पूर्व सब-इंस्पेक्टर मनोहर सिंह, एएसआई भंवर सिंह, बीएमएस जिलाध्यक्ष राजकुमार भास्कर,गोपाल सिंह, रणजीत सिंह घस्सू, ग्राम पंचायत के सरपंच, उपसरपंच, पूर्व इंस्पेक्टर रघुनाथ सिंह, सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। सभी ने नम आंखों से इस वीर सपूत को श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।मुखाग्नि उनके पुत्र विकास सिंह ने दी। अपने पीछे वे धर्मपत्नी, एक पुत्र, एक पुत्री, एक पोता और एक पोती को छोड़ गए हैं।

# रिपेयरिंग टेंडर में अनियमितता का आरोप

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने आयुक्त नगरपरिषद को ज्ञापन सौंपकर विकास कार्य हेतु किए गए 25 लाख के टेंडर कार्य में अनियमितता के आरोप लगाए हैं। आयुक्त को भेजी गई शिकायत में बताया गया है कि शहरी सेवा शिविर 2025 में जन समस्याओं के समाधान के लिए 25 लाख रूपए का नगरपरिषद द्वारा रिपेयरिंग एवं पेच वर्क के लिए टेंडर निकाला गया था। लेकिन वास्तव में ठेकेदार द्वारा टेंडर में केंपों के दौरान किसी प्रकार की रिपेयरिंग और मरम्मत का कार्य नहीं किया गया और न ही जनता को राहत प्रदान की गई। नजदीकी लोगों को लाभ देने के लिए कुछ जगह पर नई सड़क का निर्माण किया गया, जबकि वास्तव में टेंडर रिपेयरिंग के लिए था। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच किए जाने, दोषी पाए जाने पर कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है।

# जमीनी विवाद को लेकर खूनी संघर्ष मामले में पांच आरोपी किए गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** उपखंड के रिणू गांव में 26 अक्टूबर 2025 को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुए खूनी संघर्ष के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। लक्ष्मणगढ़ वृताधिकारी दिलीप कुमार मीणा के निकटतम सुपरविजन तथा बलारा थानाअधिकारी विक्रम सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने आरोपियों की लगातार तलाश कर यह सफलता हासिल की।परिवादी दिनेश ख्यालिया निवासी रिणू ने 27 अक्टूबर को थाने में दी रिपोर्ट में बताया कि उनके परिवार व ताराचंद परिवार के बीच भूमि विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय से खेत में विद्युत कनेक्शन की अनुमति मिलने पर वह अपनी बहन ममता, भाई मुकेश, माता विमला और विद्युत विभाग के कर्मचारियों के साथ खेत की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान लगभग 11:15 बजे आरोपी ताराचंद, प्रभुदयाल, सुनील, रोहिताश उर्फ सुभाष, सरस्वती, कमला तथा अन्य लोग लाठी, कुल्हाड़ी, जैली और लोहे के सरियों से लैस होकर बोलेरो कैम्पर से खेत में पहुंचे और शिकायतकर्ता पक्ष पर हमला कर दिया। पीड़ित पक्ष के लोगों पर गंभीर वार कर उन्हें मृत समझकर आरोपी मौके से फरार हो गए।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी। तकनीकी निगरानी और आसपास के क्षेत्रों में गहन तलाशी के बाद आरोपी ताराचंद (50), प्रभुदयाल (35), रोहिताश उर्फ सुभाष (27), सुनील (30) तथा अभियुक्ता सरस्वती देवी (29) को गिरफ्तार किया गया। घटना में प्रयुक्त बोलेरो कैम्पर को भी जब्त कर लिया गया है।

# कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने की मांग

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय वार्ड न. 3 के लोगों को इन दिनों कुत्तों का डर सता रहा है और अनेक लोगों के हस्ताक्षरों से युक्त एक ज्ञापन नगरपरिषद आयुक्त और उपखंड अधिकारी के नाम लोगों द्वारा किया गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि वार्ड न. 3 में अमित शर्मा नामक व्यक्ति अपने घर में करीब 10 कुत्तों का झुंड रखता है। अणुव्रत शिक्षण संस्थान के पीछे की गली में इन कुत्तों को दिन में बाहर छोड़ दिया जाता है, जिससे पूरे माहेल्ले के लोगों में हर वक्त डर का माहौल बना रहता है। खासकर स्कूली बच्चों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि पिछले दिनों पल्लवी नामक लड़की को कुत्ते ने काट भी लिया था। ज्ञापन में जल्द से जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की गई है, ताकि लोगों को कुत्तों के भय से मुक्ति मिल सके। ज्ञापन पर ताराचंद सारण, नंदकिशोर बागड़ा, विकास बागड़ा, मोहन, दिलीप आदि लोगों के हस्ताक्षर हैं।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304**

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 1693-1705 दिनांक 14.11.2025

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the HonÓble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also be seen in NIT exhibited on web site www. dipr. rajasthan. gov.in, http//sppp. rajasthan.gov.in, http//eproc.rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Offline Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 24-11-2025 (02:00 PM)

| Sr. No. | NIT No | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 71/2025-26 | PHE2526GSOB08574 |
| 2 | 72/2025-26 | PHE2526GSOB08575 |
| 3 | 73/2025-26 | PHE2526GSOB08576 |
| 4 | 74/2025-26 | PHE2526GSOB08577 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/17041/2025

Excentive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact- 98871-81073

**विवाधकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन (आदेश 5 सीपीसी)**

**न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, तारानगर (चूरू)**

**प्रा.पत्र सं.- मु.दी. उतराधिकार 04. सन 2025**
**मायापति बनाम सर्व साधारण**

**नोटिस बोर्ड**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थीया मायापति पत्नी मालाराम उम्र 52 वर्ष जाति धाणक निवासी राजपुरा ने न्यायालय एडीजे तारानगर में एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 बाबत प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र पेश किया है। इस सम्बंध में किसी को भी आपत्ति हो तो वह उक्त न्यायालय में दिनांक 10.12.2025 को समय प्रातः 10 एएम बजे स्वय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश होकर 7सुसंगत दस्तावेज पेश करे ।
यह नोटिस आज दिनाक 20.11.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
तारानगर (चूरू)

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DN RATANGARH**

No:- 2293-2302 Date: 12/11/25

**Notice Inviting Bid No 23/2025-26**

Bids for 19 (Ninteen Nos) work are invited from interested bidders upto 06.00 PM dated 27.11.2025 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http:// eproc. rajasthan.gov.in/http://sppp.raj.nic.in) of the state and PWD departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 134.49 Lacs
NIB No- PWD2526A4313
UBN No :-
1. PWD2526WSOB16776 2. PWD2526WSOB16777
3. PWD2526WSOB16778 4. PWD2526WSOB16779
5. PWD2526WSOB16780 6. PWD2526WSOB16783
7. PWD2526WSOB16785 8. PWD2526WSOB16789
9. PWD2526WSOB16795 10. PWD2526WSOB16797
11. PWD2526WSOB16799 12. PWD2526WSOB16803
13. PWD2526WSOB16804 14. PWD2526WSOB16805
15. PWD2526WSOB16806 16. PWD2526WSOB16807
17. PWD2526WSOB16808 18. PWD2526WSOB16809
19. PWD2526WSOB16810

DIPR/C/17023/2025

Executive Engineer
PWD Dn. Ratangarh

**Office of Superintendent Engineer Cum Project Manager WCDC, Zila Parishad Churu**

S.No. 1930-34 Date: 13.11.2025

**NOTICE INVITING BID**
**NIB NO 17 YEAR 2025-26**

Bids for Milk cane supply for beneficiary of estimated value 2.94 Lacs(Sno01), 3.22 Lacs (Sno02), 6.965 Lacs (Sno03), 2.85 Lacs (Sno04), 6.0048 Lacs (Sno05) are invited from interested bidders up to 17.00,26.11.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https:// eproc. rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https:// water. rajasthan. gov.in/wdsc).
NIB- WSC2526A0981
UBN-
WSC2526GSOB01665, WSC2526GSOB01666
WSC2526GSOB01667, WSC2526GSOB01668
WSC2526GSOB01669

अधिक्षण अभियन्ता एवं परियोजना प्रबन्धक
वाटरशेड सैल कम-डाव सेन्टर
जिला परिषद, सुरु

DIPR/C/16998/2025

**कार्यालयः- सदस्य सचिव, राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, राजकीय डी. बी. सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू**

Email-, msdbhchuru@gmail.com Phone :- 01562-250333

क्रमांकः- लेखा/निविदा/2025/3441 दिनांक :- 14.11.2025

**ई- निविदा आमन्त्रण सूचना**

इस चिकित्सालय को निम्न विवरणानुसार से सामग्री कय / कार्य हेतु वार्षिक दर संविदा / अनुवन्ध किया जाना है। अतः इच्छुक निविदादाताओं यथा - विर्निमाताओं/अधिकृत फर्मो / डीलरों / बोनाफाइड डीलर्स आदि से दो रूपों में निविदा प्रस्ताव यथा - तकनीकी प्रस्ताव व वित्तीय प्रस्ताव हेतु मुहरबन्द लिफाफों में निविदायें आमन्त्रित है। निविदा की शर्ते, निविदा शुल्क, अमानत राशि, अनुमानित लागत, ई निविदा प्रपत्र विक्रय / डाउनलोड कर प्रस्तुत करने / निविदा खोलने की तिथि व समय इत्यादि की सम्पूर्ण जानकारी कार्यालय कार्य दिवस / समय में और वैवसाईट sppp.rajasthan.gov.in पर देखनें /डाउनलोड करनें हेतु अपलोड कर दी गयी हैं।

| क्र.स. | निविदा सामग्री का विवरण | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | एम्बूलेंस वाहन ( वाहन चालक एवं समस्त अन्य खर्चे सहित) 24 घंटे सेवा ( हायर / किराया ) उपलब्ध करवाने हेतु | MHS2526SSOB05039 |
| 2 | स्टोर (MNDY) तक दवाईयां, सर्जिकल सामान एवं अन्य सामग्री इत्यादि की ढुलाई कार्य हेतु | MHS2526SSOB05043 |

DIPR/C/16978/2025

सदस्य/सचिव (RMRS)
राजकीय डी.बी.सम्बद्ध चिकित्सालय वर्ग, चूरू

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड तारानगर**

क्रमांक : डी- 1431-1439 दिनांकः 13-11-2025

**ई-निविदा सूचना सं. 29/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तारानगर खण्ड के अन्तर्गत मिसिंग लिंक सड़क निर्माण कार्य कुल 02 कार्यो हेतु उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेलवे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हों, से निर्धारित प्रपत्र में ई- टेन्डिरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन-लाईन ई-निविदाऐं आमन्त्रित की जाती है। आर.पी. डब्ल्यू. ए. - 100 की शर्त लागू होगी। ई-निविदा से सम्बन्धित विवरण वेबसाईट dipr. rajasthan. gov.in एवं विभागीय वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in तथा sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
SPPP पर अपलोड NIB No. PWD2526A4322 के BN No. निम्न प्रकार है

| S.No. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | PWD2526WSOB16839 |
| 2 | PWD2526WSOB16840 |

DIPR/C/16925/2025

(विजय प्रताप कस्वां)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड-तारानगर

## पुलिस ने शराब तस्करी के मामले में दस महीनों से फरार वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रतननगर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शराब तस्करी के एक मामले में पिछले दस महीनों से फरार चल रहे एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। रतननगर थानाधिकारी रामनिवास ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान रीजूलाल भील (40) के रूप में हुई है, जो बाड़मेर जिले का निवासी है। उसे रतननगर कस्बे से दबोचा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी रीजूलाल लंबे समय से फरार चल रहा था और लगातार अपनी लोकेशन बदल रहा था, जिससे उसे पकड़ना मुश्किल हो रहा था। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। थानाधिकारी रामनिवास ने बताया कि यह कार्रवाई एसपी के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है और ऐसी कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

## ज्ञान सिंह शेखावत का निधन, शेखावत कॉलोनी में शोक की लहर

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** जिला मुख्यालय पर शेखावत कॉलोनी के संस्थापक ज्ञान सिंह शेखावत का 19 नवम्बर को जयपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे 75 साल के थे और बीमार चल रहे थे। ज्ञान सिंह शेखावत के निधन से शेखावत कॉलोनी में शोक की लहर दौड़ गई। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव ख्याली जिला झुंझुनूं में किया गया। उल्लेखनीय है कि ज्ञान सिंह शेखावत ने यहां शेखावत कॉलोनी को बसाया था। वे महाराव शेखा जी संस्थान के पदाधिकारी भी रहे। शेखावत कॉलोनी के लोगों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों और जन



प्रतिनिधियों ने ज्ञान सिंह शेखावत के निधन पर शोक व्यक्त किया है। गांव ख्याली में भी उनके निधन से शोक की लहर दौड़ गई। शेखावत अपने पीछे भरापुरा परिवार छोड़कर गए हैं। ख्याली में उनके आवास पर शोक व्यक्त करने आने वालों का तांता लगा हुआ है। उनके छोटे भाई भरत सिंह शेखावत ने बताया कि 29 नवंबर की रात्रि को गांव ख्याली में गंगा माई का जागरण लगाया जाएगा।

## अखिल भारतीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय सूरज कुमारी गाड़ोदिया बालिका आदर्श विद्या मन्दिर में विद्या भारती द्वारा आयोजित अखिल भारतीय बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ हुआ। उद्घाटन समारोह में आठ क्षेत्रों से 251 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खेल में 42 मैच होंगे। 11 क्षेत्रों से टीम सुजानगढ़ में अभी अपनी सहभागिता देगी। मुख्य वक्ता विद्या भारती के अखिल भारतीय मंत्री शिवप्रसाद रहे। जबकि खेल प्रमुख सत्यनारायण मिश्रा, मुख्य अतिथि जिला प्रमुख वंदना आर्य भीमंचस्थ रहे। त्रिविक्रम अपूर्वा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण से हुआ, जिसके उपरान्त दीप प्रज्वलन, शपथ ग्रहण तथा प्रेरणादायक काव्य-गीत परवीन शर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिला व्यवस्थापक सुरेश सैनी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। प्रधानाचार्या भगवती पारवानी एवं उच्च प्राथमिक के प्रधानाचार्या दीपा टेलर ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। विद्यालय प्रशासन ने सभी प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं और खेल भावना तथा अनुशासन को सर्वोपरि बताते हुए प्रतियोगिता के सफल संचालन की कामना की।

## लोगों को दी लोक उपयोगी सेवाओं के बारे में जानकारी



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** लोक उपयोगी सेवाओं से संबंधित शिकायतों के निवारण हेतु मानक संचालन प्रक्रिया का शिविर स्थानीय भंवरलाल काला बाल मंदिर स्कूल में आयोजित किया गया। तीन दिवसीय शिविर में पीएलवी मयंक त्रिवेदी ने वायु, सड़क या जल द्वारा यात्रियों या मामला का परिवहन के लिए, परिवहन सेवाओं और डाक, टेलीग्राम, टेलीफोन सेवा, अस्पताल, डिस्पेंसरी में सेवा, बीमा सेवा, आवासीय सेवा, शैक्षणिक संस्थाएं, आवास और भूमि संपदा सेवा, तमाम प्रकार की योजनाओं की सूचना दी। शिकायत दर्ज करने के लिए अधिक से अधिक फार्म वितरित किए गए। जिसमें अपने मोहल्ले की लाइटों और सड़क, बिजली बिल, पानी का बिल आदि समाधान के लिए फॉर्म प्रदान किए गए।

## छापर का बिजली बोर्ड तो फैल है: विधायक पूसाराम गोदारा

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय पंचायत समिति की बैठक का आयोजन प्रधान मनभरी देवी मेघवाल के सानिध्य में किया गया। बैठक में रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि छापर का बिजली बोर्ड फैल है। उन्होंने कहा कि जोगलिया में अब तक ट्रांसफार्मर क्यों नहीं लगे। उन्होंने कहा कि ढाणियों के सर्वे में कोई आस पास की ढाणी छूटनी नहीं चाहिए। विधायक गोदारा ने कहा कि एक भी जगह ऐसी बाकी नहीं रहनी चाहिए, जहां ट्रांसफार्मर स्वीकृत है और लगे नहीं। कानूता में पेयजल व्यवस्था सही करवाएं। वहीं पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल ने कहा कि मूंधड़ा सहित अनेक जी एस एस ठेके पर क्यों दिए, इससे व्यवस्था खराब हो रही है। तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक बैठक में 12 बजे पहुंचे और एस आई आर कार्य में सहयोग करने की अपील की और कहा कि बीएलओ 15 घंटे तक कम कर रहे हैं, फिर भी सुजानगढ़ जिले में 6 नंबर पर है। इसलिए मामले की गंभीरता समझते हुए, सारे वोटरों की मैपिंग और प्रत्येक मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करें। इस अवसर पर विधायक मनोज मेघवाल, उप प्रधान सुनीता ढाका, दीवान सिंह भानीसरिया, भवानी सिंह, मनसुख गोदारा, विकास अधिकारी रवि कुमार, सहायक विकास अधिकारी रामानंद फलवाड़िया, कमलकांत बेदी, घनश्याम भाटी, ठाकुरमल कताला आदि मौजूद रहे। विधायक मनोज मेघवाल ने पेच वर्क के बारे में जानकारी ली। न्यामा में ट्रांसफार्मर जल्द लगाने की बात पूसाराम गोदारा ने कही। वहीं मालासी के मास्टर धन्नाराम ने कहा कि प्रत्येक बैठक में मालासी की पेयजल समस्या रखता हूं, लेकिन विशेष पॉइंट्स पर समाधान नहीं हो रहा है। खेमाराम मेघवाल ने कहा कि बचे हुए कुछ कार्यों के प्रस्ताव लिए जावे, जिस पर रतनगढ़ में विधायक ने समर्थन किया। वहीं सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि आप भी बीदासर की तर्ज पे चल रहे हो क्या, पहले तैयारी कर लेते हो, फिर लास्ट में धीरे से प्रस्ताव ले लेते हो। बोबासर बीदावतन के सरपंचच प्रतिनिधि आनंद सिंह ने कहा गांव में ब्लॉक लगे, उखड़ गए, लोग चोरी करके ले गए। जिस पर अधिकारी ने कहा कि पक्की मरम्मत करवाएंगे। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों को विदाई दी गई। प्रधान मनभरी देवी मेघवाल ने पांच सालों के सहयोग के लिए सभी का आभार जताया। विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि पांच साल के कार्यकाल के बाद भी आप जनता की समस्याओं को रखेंगे और समाधान करवाएंगे। खेमाराम मेघवाल ने कहा कि पंचायत समिति के नए भवन का प्रस्ताव भेजा हुआ है, जिसमें जनप्रतिनिधि सहयोग करेंगे, ऐसी अपेक्षा है। बैठक के बाद जिला प्रमुख वन्दना आर्य, जिला परिषद सदस्य नौरंग सिलू, पंचायत समिति प्रधान, दोनों विधायकों, ग्रामीण जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन साफा पहनाकर, शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया। पांच साल के कार्यकाल की अंतिम बैठक होने के कारण बैठक में सदस्यों के बीच काफी सौहार्दपूर्ण माहौल नजर आया।

## स्वाधीनता संग्राम के महान क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ की 153 वीं जयंती मनाई

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** भालेरी रोड़ स्थित क्रांति कारी केसरी सिंह बारहठ स्मृति भवन एवं चारण छात्रावास चूरू में क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ की 153वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने अपने संबोधन में केसरी सिंह बारहठ के जीवन संस्मरण पर प्रकाश डालते हुए बताया कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले केसरी सिंह बारहठ ने देश के लिए अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया। इनका जन्म 21 नवंबर 1872 को शाहपुरा रियासत के देवपुरा गांव में हुआ था।वे राजस्थानी भाषा के प्रसिद्ध कवि थे। क्रांतिकारी केसरी सिंह बारहठ स्मृति संस्थान के सचिव सुल्तानदान चारण ने बताया कि साल 1903 में जब लार्ड कर्जन द्वारा दिल्ली दरबार में सभी राजाओं के साथ मेवाड़ महाराणा का जाना राजस्थान के क्रांतिकारीयों को उचित नहीं लग रहा था, तो उन्हें रोकने की जिम्मेदारी सब ने क्रांतिकारी कवि केसरी सिंह को दी उस समय उन्होंने प्रसिद्ध चेतावनी रा चुगंटिया नामक सोरठे रचे जिन्हें पढ़ कर महाराणा अत्यधिक प्रभावित हुए और दिल्ली दरबार में नहीं जाने का निश्चय किया। चारण ने बारहठ के जीवन संस्मरणों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इनके पुत्र प्रताप सिंह बारहठ को राजस्थान का चंद्रशेखर आजाद कहा जाता है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान का प्रमुख स्थान रहा है ।केसरी सिंह जी बारहठ की मृत्यु 14 अगस्त 1941 को वर्धा में हुई। इनकी जयंती के अवसर पर क्रांतिकारी केसरी सिंह जी बारहठ की मूर्ति पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर कान सिंह चारण, सुरेन्द्र सिंह चारण, दीपक, कार्तिक, दिग्विजय सिंह, कैलाशचन्द्र, मुकेश, सोनू, भंवर लाल जी हरलाल आदि उपस्थित थे।

## रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान को लेकर समिति की बैठक संपन्न

जयपुर टाइम्स



**जयपुर** गुरुवार देर शाम को जिला मुख्यालय पर स्थित भाईजी चौक राणाजी के नोहरे में इंसानियत एकता सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति द्वारा रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान चलाने व शिक्षा के प्रति जागरूकता मुहिम शुरू करने को लेकर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष अकबर खान ने की। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि समिति की तरफ से दिसम्बर माह के दूसरे सप्ताह से रात्रिकालीन कम्बल वितरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत चूरू शहर सहित शेखावाटी के सभी शहरों में सार्वजनिक स्थानों पर असहाय व जरूरतमंद लोगों को कम्बल व ऊनी वस्त्र वितरित किए जाएंगे। साथ ही जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर, कोट, जुराब, जूते आदि भी वितरित किए जाएंगे। सहायक सचिव डॉ शाहरुख खान आसलसर ने बताया कि समिति की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कुरीतियों और शादियों में होने वाली फिजूलखर्ची के खिलाफ मुहिम चलाकर लोगों को जागरूक किया जाएगा। बैठक में वरिष्ठ उपाध्यक्ष महमूद अली राणा, उपाध्यक्ष अध्यापक वसीम अली, सहायक सचिव डॉ शाहरुख खान आसलसर, मो.रफीक राजगढ़िया, गुलाम हुसैन गौरी, सुलेमान मनीहार, नौशाद खान, अयूब खान, हनीफ खान, दानिश पठान, समीर खान आदि समिति के पदाधिकारीगण मौजूद रहे। संचालन मीडिया प्रभारी मोहम्मद अली पठान ने किया। व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान ने सभी का आभार जताया।

## लोहिया कॉलेज में खराब सफाई व्यवस्था को लेकर एबीवीपी छात्रों में आक्रोश

### कॉलेज प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने शुक्रवार दोपहर गर्वमेंट लोहिया कॉलेज में खराब सफाई व्यवस्था को लेकर कॉलेज प्रिंसिपल को ज्ञापन सौंपा। एबीवीपी ने आरोप लगाया कि कॉलेज प्रशासन बार-बार अवगत कराने के बाद भी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है। ज्ञापन में इकाई अध्यक्ष मीनू कोठारी ने बताया कि कॉलेज में सफाई व्यवस्था का हाल बेहाल है। इस संबंध में कॉलेज प्रशासन को कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं, लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। नगर मंत्री लोकेश ज्यानी ने जोर दिया कि लोहिया कॉलेज जिले का सबसे बड़ा कॉलेज है, जहां नियमित रूप से सफाई होना अत्यंत आवश्यक है। जिला संयोजक कुलदीप सिंह जागावत ने कहा कि कॉलेज प्रशासन को बार-बार सूचित करने के बावजूद सफाई की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सात दिन के भीतर समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो विद्यार्थी परिषद उग्र प्रदर्शन करेगी। इसकी पूरी जिम्मेदारी कॉलेज प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संगठन मंत्री आकाश, नगर सह मंत्री वरुण, जिला एसएफएस संयोजक वरुण शर्मा, इकाई उपाध्यक्ष गोविंदराम भांभू, देवेंद्र सिंह, दलीप कुमार, डिप्टी कुमार, राहुल सिंह देवड़ा, नगर संयोजक किशन सैनी, इकाई सह सचिव योगेंद्र, मनोज कस्वां, हेमलता प्रजापत, अंकिता चारण, रौनक, खुशी शर्मा, रेखा, राहुल सिंह, कोमल शेखावत, विवेक जांगिड़ और विशाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समय वेतन नहीं मिलने से सफाईकर्मियों में आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिलने से उनमें काफी रोष है। संयुक्त वाल्मीकि सफाई श्रमिक संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने बकाया भुगतान एवं समय पर वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए नगरपरिषद कार्यालय पर प्रदर्शन किया। हाथों में झाड़ू लिए सफाई कर्मचारियों ने नगरपरिषद के जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने संघ अध्यक्ष नथमल चांगरा के नेतृत्व में एटीपी उदय सिंह गुर्जर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में नगरपरिषद पर वेतन का भुगतान समय पर नहीं करने का आरोप लगाते हुए बताया है कि अक्टूबर महीने का वेतन उन्हे आज दिन तक नहीं मिला है। ज्ञापन में वेतन एवं अन्य बकाया का भुगतान नहीं मिलने पर 25 नवंबर से आन्दोलन पर जाने की चेतावनी दी गई है। अध्यक्ष नथमल चांगरा ने नगरपरिषद पर दो साल पहले सेवानिवृत हुए सफाई कर्मियों के परिलाभ का अभी तक भुगतान नहीं करने और सफाई कर्मियों के पीएफ खाते के पैसों का अन्य मद में उपयोग करने का आरोप लगाया। ज्ञापन सौंपने एवं प्रदर्शन के दौरान नथमल चांगरा, राजकुमार सियोता, संजय बारवासा, शिव कुमार तेजी, नोरतन सियोता, नितेश बारवासा, रणजीत लाखन, प्रदेश सियोता, राजेश ढ़ेनवाल, पार्षद तरूण सियोता, पार्षद रेवंतमल पंवार, रेखा देवी सुंगत, नाथी देवी सियोता सहित अनेक सफाई कर्मी मौजूद थे। इसके बाद सभी लोगों ने उपखंड कार्यालय पर जाकर ज्ञापन सौंपा।

## मेगा हाईवे पर ट्रक से 10 लाख रुपए लूट मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, पुलिस ने लूटी गई राशि और एक ट्रक को भी किया जप्त

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 10 लाख रुपए की हुई लूट मामले में पुलिस ने महज 12 घंटे में लूट करने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से लूटी गई राशि और एक ट्रक को भी जप्त किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा निवासी बलजीत धाणक ने मामला दर्ज करवाया था कि वह दिल्ली से सामान भरकर बीकानेर जा रहा था। सरदारशहर के गणेश होटल पर खाना खाने के लिए रुका था उसी वक्त मोहरसिंह ने भी अपना ट्रक मेरे ट्रक के पास खड़ा कर दिया और मेरे ट्रक की केबिन में मोहरसिंह चढ़ गया और ट्रक के केबिन में रखें 10 लाख रुपए मोहरसिंह और सुनील लूट कर फरार हो गए। थानाधिकारी ने बताया कि मामले की गंभीरता व अपराध की प्रकृति को देखते हुए घटना को ट्रेस आउट करने व आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई के नेतृत्व में एसआई रामफूल मीणा और पुलिस की एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए और तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज होने के महज 12 घंटे में हरियासर के पास से हमीरवास निवासी 34 वर्षीय राजीव उर्फ मोहरसिंह पुत्र बलवान और 33 वर्षीय सुनील पुत्र विश कुमार को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से लूटी गई राशि 10 लाख रुपए और घटना में उपयोग में लिया गया ट्रक भी जप्त किया गया है। अब पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है। वहीं इस कार्रवाई में थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई, एसआई रामफूल मीणा, कांस्टेबल अनिल सैनी, शिवकुमार, रामगोपाल, हंसराज, मुनीराम आदि की विशेष भूमिका रही हैं।

## नगरपरिषद की करोड़ों रुपए की बेश्कीमती जमीन को खुर्दबुर्द कर बेचने का मामला

### फर्जी तरीके से जमीन को बेचने का आरोप,

### पुलिस ने मामले में दो सगे भाइयों को किया गिरफ्तार,

### फूसे खां और बंजी खां कायमखानी को किया गिरफ्तार,

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सरदारशहर के मेगा हाईवे पर वन विभाग के सामने नगरपरिषद की बेश्कीमती जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के मामले में वार्ड 43 निवासी 71 वर्षीय फुसे खां पुत्र अस्त अलि कायमखानी और वार्ड 25 निवासी 58 वर्षीय बनजी खा पुत्र अस्त अलि खां कायमखानी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि वार्ड 29 निवासी अब्दुल जफर कायमखानी ने मामला दर्ज करवाया था कि बनजी खा पुत्र अस्त अलि खां कायमखानी और फुसे खां पुत्र अस्त अलि खां कायमखानी ने सरदारशहर के मेगा हाईवे पर वन विभाग के सामने नगरपरिषद के खातेदारी की भूमि को फर्जी तरीके से व बिना किसी अधिकार के कायम करने के दुराशय से ओने पाने दामों में भूमि को बेच दी। मामला दर्ज कर मामले का अनुसंधान किया गया। अनुसंधान में सामने आया कि जो भूमि बेची गई थी उस जमीन के संबंध में सीकर से सेटलमेंट विभाग की टीम, नगर परिषद की टीम और राजस्व विभाग सहित तीनों विभागों की संयुक्त टीम द्वारा उक्त भूमि की पैमाइश की गई और निशानदेही दी गई। उसके बाद में यह स्पष्ट हुआ कि जो जमीन फुसे खां और बनजी खां के द्वारा विक्रय की गई थी वह जमीन नगरपरिषद के खसरा नंबर 54 की थी। अनुसंधान में फुसे खां और बनजी खां द्वारा फर्जी तरीके से उक्त जमीन को बेचना पाए जाने पर उक्त दोनों को गिरफ्तार किया गया है। थानाधिकारी ने बताया कि अनुसंधान में सामने आया है कि जिन लोगों ने यह जमीन खरीदी है उन लोगों ने भी ओने पोने दामो में यह जमीन खरीदी है। इस संबंध में भी अनुसंधान किया जा रहा है। वहीं अब दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायालय के आदेश के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्रवाई करेगी।